राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

शुभ धनतेरस

वर्ष : 12 | अंक : 195 | पटना, मंगलवार, 29 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# सांचेज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह का किया संचार : मोदी

वडोदरा/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। सांचेज ने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं और स्पेन इस शानदार सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है। दोनों नेताओं ने गुजरात के वडोदरा शहर में लक्ष्मी विलास पैलेस के दरबार हॉल में द्विपक्षीय वार्ता की। स्पेन के पीएम सांचेज का यह पहला भारत दौरा है। मोदी ने कहा कि सांचेज की यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। इससे पहले, दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत में सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड -एयरबस सुविधा का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। समझौते के तहत वडोदरा संयंत्र में 40 विमान बनाए जाएंगे, जबकि विमानन क्षेत्र की बड़ी कंपनी एयरबस सीधे 16 विमान उपलब्ध कराएगी। टीएएसएल भारत में इस तरह 40 विमानों को बनाने के लिए जिम्मेदार होगा। मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, आज सी-295 (विमान) संयंत्र के उद्घाटन के साथ ही



हमारी साझेदारी का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। हमारी साझेदारी सदियों पुरानी है। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास हमें एक साथ बांधता है। उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच अर्थव्यवस्था, रक्षा, फार्मा, आईटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है और दोनों देश वैश्विक शांति, समृद्धि और सहयोग पर जोर देते हैं। मोदी ने कहा, लोगों का संपर्क हमारे संबंधों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। भारतीय युवा प्रतिभा स्पेन के हरित और डिजिटल बदलाव में योगदान दे रही है।

## दोनों देश एक दूसरे के पूरक हैं : सांचेज

सांचेज ने अपनी शुरूआती टिप्पणी में कहा कि उनकी यात्रा भारत और स्पेन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी, क्योंकि दोनों देशों का दुनिया में अपना एक प्रभाव है। एक आवाज और प्रभाव, जो हमारे देशों के साथ मिलकर काम करने पर कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि आज हम एक महत्वाकांक्षी संयुक्त घोषणा का समर्थन कर रहे हैं जिसमें हमारे सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है। हम निवेश, रेलवे, सीमा शुल्क, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर करने का जश्न मना रहे हैं और हम उन मुद्दों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं जो हमारे संबंधों की समृद्धि और गहराई को दशार्ते हैं। सांचेज ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि दोनों देशों के बीच सहयोग कई अन्य क्षेत्रों में भी बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि 2026 में संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम मेधा के लिए स्पेन-भारत वर्ष के जश्न को देखते हुए इसे और मजबूती मिलेगी। स्पेन के प्रधानमंत्री ने कहा, दोनों देश एक दूसरे के पूरक हैं। भारत न केवल हिंद-प्रशांत में बल्कि व्यापक संदर्भ में भी एक प्रमुख भूमिका निभाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### वक्फ समिति की बैठक छोड़कर बाहर निकले विपक्षी सदस्य

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति की बैठक सोमवार को हुई जिसमें से कई विपक्षी सदस्य दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रस्तुतिकरण का विरोध करते हुए बैठक से बाहर निकल गए। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि समिति के समक्ष पेश हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासन ने दिल्ली सरकार की जानकारी के बिना प्रस्तुतिकरण में बदलाव किया है। आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह, द्रमुक सांसद मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद समेत अन्य कुछ विपक्षी सदस्य बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम के आयुक्त और दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री की मंजूरी के बिना वक्फ बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट को पूरी तरह बदल दिया।

### पीएम मोदी रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र करेंगे वितरित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को 51,000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और रोजगार मेले को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यहां बताया कि श्री मोदी ये नियुक्ति पत्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वितरित करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएगा। देश भर में 40 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नए कर्मचारी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, जैसे राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आदि शामिल होंगे। नये कर्मचारियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारम्भ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर 1400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं जो नई भर्तियों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेंगे।

## एक अणे मार्ग में आयोजित एनडीए की बैठक को संबोधित करते हुए बोलें, मुख्यमंत्री

# 2025 में 220 से भी अधिक सीटें जीतेगा एनडीए : नीतीश

- सीएम बोलें- केन्द्र व राज्य के कार्यों के बारे में जनता को बताएं
- एनडीए की बैठक मौजूद रहे सभी पांच दलों के प्रमुख नेता

प्रात: किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2010 में एनडीए ने 206 सीटें जीती थीं, 2025 में हम कम से कम 220 बल्कि उससे भी ज्यादा सीटें जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने उक्त बातें सोमवार को 1 अणे मार्ग में आयोजित एनडीए की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर एनडीए के सभी पाँच दलों के प्रमुख नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी घटक दलों का आह्वान करते हुए कहा कि आपलोग एकजुट होकर लोगों के बीच जाइए और बताइए कि पिछले 19 सालों में हर क्षेत्र में कितना काम हुआ है। खासतौर पर आज की पीढ़ी को जरूर पता होना चाहिए कि 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी। लोग शाम में घर से निकल तक नहीं पाते थे। ना पढ़ाई होती थी और ना इलाज की सुविधा थी। बिजली और सड़क की तब क्या हालत थी। जब हमलोगों को काम करने का मौका मिला तब हमलोगों ने एक-एक करके हर क्षेत्र में काम किया और आज बिहार तरक्की के रास्ते पर है। लोगों को बिहार में हो रहे काम के साथ-साथ यह भी बताइए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की कितनी मदद कर रहे हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोग जो मन में आता है, बोलते रहते हैं। उनलोगों को बिहार की तरक्की से कोई मतलब नहीं। हमलोगों को ऐसे लोगों की परवाह किए बिना बस अपना काम करते जाना है।

### अप्रैल तक विधानसभा स्तर पर होगा एनडीए का सम्मेलन: संजय

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 243 में से 173 सीटों पर एनडीए को बढ़त मिली थी, जबकि महागठबंधन की बढ़त मात्र 63 सीटों पर थी। यह फासला लगभग तीन गुने का है। 2025 के विधानसभा चुनाव में हमें इससे भी बड़ी जीत हासिल करनी है। यह बैठक उसी की तैयारी के लिए है। हमें 2025 के अप्रैल तक जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर एनडीए का सम्मेलन कर लेना है।

### नीचे तक जाना चाहिए एनडीए की चट्टानी एकता का संदेश: उमेश

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से मिले उत्साह और ऊर्जा को हमें 2025 में बरकरार रखना है और 2025 में 225 सीटों के लक्ष्य पर काम करना है। उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक दलों में शीर्ष स्तर पर प्रदेश स्तर पर जैसा समन्वय होता है, वैसा ही समन्वय बूथ तक होना चाहिए। एनडीए चट्टानी एकता का संदेश नीचे तक जाना चाहिए।

### चुनाव में जाने से पहले हमें पूरा करना है सरजमीन का काम: ललन

केन्द्रीय मंत्री व जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि चुनाव में जाने से पहले हमें सरजमीन का काम पूरा करना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके का उत्थान किया है। आज के नौजवानों ने 19 साल पहले पति-पत्नी के राज में बिहार की दुर्दशा को नहीं देखा है। सोशल मीडिया और मोबाइल पर रहने वाली इस पीढ़ी को हमें भ्रमित होने से रोकना है। एनडीए के घटक दलों एक परिवार के रूप में काम करेंगे और सजग रहेंगे तो 2010 से भी बड़ी जीत हासिल करने से हमें दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती।

### नीतीश कुमार ने अंबेदकर की तरह किया दलितों-पिछड़ों का उत्थान: संतोष

हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार हमलोगों के लिए पूंजी हैं। उन्हें समाज के हर वर्ग का प्रेम और सम्मान हासिल है। उन्होंने बाबासाहेब अंबेडकर की तरह दलितों और पिछड़ों के उत्थान का काम किया है। हम 2025 में उनके नेतृत्व में बड़ी जीत हासिल करेंगे।

## नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास की संरचना को खड़ा किया: सम्राट

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने कहा कि हमें लोगों को बताना होगा कि बिहार कहाँ था और कहाँ पहुँचा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में न्याय के साथ विकास की संरचना को खड़ा किया। 2005 से पहले के 15 वर्षों के शासन में एक लाख नौकरी भी नहीं दी गई थी, जबकि श्री नीतीश कुमार के राज में 2005 से 2020 तक साढ़े सात लाख नौकरियां दी गईं। वहीं 2020 से अब तक सात निश्चय-2 के तहत 10 लाख लोगों को नौकरी देने का संकल्प इन्होंने लिया था, जो अब बढ़कर 12 लाख हो गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की समन्वय बैठक हर जिले में कम से कम एक बार जरूर होनी चाहिए और हमारा लक्ष्य 2010 के रिकॉर्ड को तोड़ने का होना चाहिए।

### बिहार की शांति भंग करने वालों से बिहार को मुक्ति दिलाना है : विजय

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एनडीए के पाँचो दल पंचामृत की तरह हैं। हमें मिलकर और हर स्तर पर नए-पुराने को जोड़कर आगे बढ़ना है और बिहार की शांति भंग करने वालों से बिहार को मुक्ति दिलाना है।

### अपने आप में राजनीतिक संस्थान हैं नीतीश कुमार: दिलीप

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह बैठक आपसी समन्वय की बैठक है और 2025 का चुनाव हमारा लक्ष्य है। इस चुनौती को हमें अवसर में बदलना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने आप में एक राजनीतिक संस्थान हैं। हमें इनके जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हम इनके नेतृत्व में दो तिहाई बहुमत से जीत हासिल करेंगे।

### पंचायत तक हमारे समन्वय से 2025 में एकतरफा होगा चुनाव: राजू तिवारी

लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले अगर हम इस तरह का समन्वय पंचायत तक कर लें तो चुनाव एकतरफा हो जाएगा और बिहार में कोई विपक्ष नहीं होगा जीटीआरआई की यात्रा और इसकी उपलब्धियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जीटीआरआई राज्य का एकमात्र ऐसा विशिष्ट मंच है जो देश के शीर्ष उद्योगपतियों को एक साथ लाता है और बिहार की आर्थिक क्षमता और अवसरों के बारे में सार्थक चचाओं को बढ़ावा देता है।

### एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं का अब एक दल एनडीए होगा: उपेन्द्र

राष्ट्रीय लोक मार्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि इस बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा संदेश देने का काम किया है। अब एनडीए के सभी कार्यकर्ता अपना एक ही दल एनडीए बताएंगे और गांव-गांव जाकर सम्पर्क और संवाद स्थापित करेंगे।

## चीन और भारत के बीच सीमा समझौता द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक कदम: रूसी राजदूत

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने सीमा मुद्दे पर हुए चीन-भारत समझौते को द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में सोमवार को सकारात्मक कदम बताया और कजान में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक का स्वागत किया। अलीपोव ने कहा कि रूस के कजान शहर में हाल में संपन्न हुआ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पूर्णतः सफल रहा तथा यह कोई विशिष्ट नहीं बल्कि समावेशी मंच है। अलीपोव ने यहां संवाददाताओं से कहा, ब्रिक्स पश्चिम विरोधी नहीं बल्कि गैर-पश्चिम देशों का समूह है। उन्होंने सीमा मुद्दे पर हुए चीन-भारत समझौते के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा, यह भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में एक सकारात्मक प्रगति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने को लेकर हुए भारत-चीन समझौते का 23 अक्टूबर को समर्थन किया था। मोदी और शी के बीच हुई बैठक के बारे में पूछे जाने पर भारत में रूसी राजदूत ने कहा, हमने इसमें कोई भूमिका नहीं निभाई है, लेकिन हमें खुशी है कि यह कजान में हुई। उन्होंने कहा, हम इस बैठक का तहे दिल से स्वागत करते हैं।

## सीएम नीतीश ने ली शारदा सिन्हा की स्वास्थ्य की जानकारी

पटना/एजेंसी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पद्मभूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली है। दिल्ली एम्स के डायरेक्टर और शारदा सिन्हा के बेटे से सीएम नीतीश कुमार ने फोन पर बात की। सीएम नीतीश ने शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही सीएम नीतीश कुमार ने दिल्ली में बिहार के रेसिडेंट कमिश्नर कुंदन कुमार को इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिया। जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने इसकी जानकारी ट्विटर के माध्यम से दी।

## कार्यशाला

### कृषि मंत्री ने आलू एवं सब्जी महाभियान के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यशाला की शुरूआत की

# आलू एवं सब्जी उत्पादन से किसानों की आमदनी होगी दोगुनी : मंत्री

### किसानों को मिल रहा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ

प्रात : किरण

पटना। सूबे के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने सोमवार को कृषि भवन में जिला के चार कृषकों को रबी मौसम के लिए ब्रोकली, शिमला मिर्च, टमाटर, फूलगोभी एवं बंदागोभी के हाईब्रिड सब्जी के बिचड़े का सांकेतिक वितरण कर आलू एवं सब्जी महाभियान 2024 के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यशाला की शुरूआत की। मौके पर कृषि विभाग के सचिव श्री संजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। उक्त अवसर पर अपने संबोधन में श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ किसान भाइयों को मिल रहा है। आज आलू एवं सब्जी महाभियान में राज्य के विभिन्न 14 जिलों से आए हुए सभी किसान भाइयों को इस कार्यशाला में उत्पादन बढ़ोत्तरी हेतु विभिन्न आयामों की जानकारी उन्हें लाभान्वित करेगा। राज्य




की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है। भूमि उपयोग सुधारने, फसल विविधता को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा प्रदान करने में सब्जियों की अपनी अलग उपयोगिता है। देश के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि दुनिया भर में भारतीय किसानों की उपज पहुँचे। साथ ही, वो आर्थिक रुप से सशक्त हों।

श्री पांडेय ने कहा कि आलू के प्रसंस्करण हेतु उपयुक्त प्रभेद कुफरी चिप्सोना-1 के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु सात जिलों यथा औरंगाबाद, गया, पटना, नालन्दा, सारण, समस्तीपुर एवं वैशाली का चयन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में राज्य अन्तर्गत कुल 202 शीतगृह कार्यरत हैं, जिसकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 12 लाख 30 हजार मीट्रिक टन है। राज्य के 12 जिलों ऐसे हैं, जहाँ कोल्ड स्टोरेज की सुविधा कृषकों को प्राप्त नहीं है। इसे दृष्टिगत रखते हुए राज्य योजना मद से 12 जिलों में नये कोल्ड स्टोरेज टाईप-1 (आलू भण्डारण के लिए) एवं टाईप-2 (फल एवं सब्जी भण्डारण के लिए) की स्थापना पर 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। इस अवसर पर कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, अपर सचिव कल्पना कुमारी, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, संयुक्त निदेशक, उद्यान राधारमण, विभाग के मुख्यालय के पदाधिकारी, संबंधित जिलों के सहायक निदेषक एवं किसानगण मौजूद थे।

### देश में सब्जी की खेती में बिहार का चौथा स्थान

श्री पांडेय ने कहा कि देश में सब्जी की खेती में बिहार का चौथा स्थान है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की ओर से इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में आलू प्रजनक बीज, प्रभेद कुफरी पुखराज की 200 क्विंटल प्राप्ति राज्य सरकार को हुई है। वहीं अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभाग ने आलू प्रजनक बीज 1 हजार 470 क्विंटल की मांग केंद्र से की, जिसकी सहमति मिल गयी है। राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन बहुत महत्वपूर्ण है। राज्य में मौसम आधारित सब्जी की खेती नगदी फसल के रूप में की जाती है, जिसका कुल क्षेत्रफल 9.10 लाख हेक्टेयर, उत्पादन 175.63 लाख मीट्रिक टन तथा उत्पादकता 19.30 मीट्रिक टन है। राज्य में आलू की खेती एक नकदी फसल के रूप में की जाती है, जिसका कुल क्षेत्रफल 3.29 लाख हेक्टेयर, उत्पादन 87.90 लाख मीट्रिक टन एवं उत्पादकता 26.71 मीट्रिक टन है।

## पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, रियल्टी, कमोडिटीज, हेल्थकेयर और दूरसंचार समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट से उबरकर आज शेयर आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 602.75 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,005.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 158.35 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 24,339.15 अंक पर पहुंच गया। बीएसई का दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,765.78 अंक और स्मॉलकैप 1.11 प्रतिशत मजबूत होकर 52,915.55 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2579 में तेजी जबकि 1412 में गिरावट रही वहीं 162 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां हरे जबकि 14 लाल निशान पर रही। बीएसई में कैपिटल गुड्स, ऊर्जा और सर्विसेज समूह की 1.16 प्रतिशत तकी गिरावट को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुख सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.79, सीडी 0.55, एफएमसीजी 0.74, वित्तीय सेवाएं 0.87, हेल्थकेयर 1.36, इंडस्ट्रियल्स 0.47, आईटी 0.60, दूरसंचार 1.37, यूटिलिटीज 0.33, ऑटो 0.80, बैंकिंग 0.71, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.34, धातु 1.21, तेल एवं गैस 0.27, पावर 0.34, रियल्टी 1.40 और टेक समूह के शेयर 0.60 प्रतिशत मजबूत रहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 और जर्मनी का डैक्स 0.03 प्रतिशत उतर गया। वहीं, जापान का निक्केई 1.82, हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 251 अंक की तेजी के साथ 79,653.67 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,418.82 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 80,539.81 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,402.29 अंक के मुकाबले 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80,005.04 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 70 अंक की बढ़त लेकर 24,251.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,134.90 अंक के निचले जबकि 24,492.60 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,180.80 अंक की तुलना में 0.65 प्रतिशत उछलकर 24,339.15 अंक पर पहुंच गया।

## धन्वंतरि जयंती पर 12850 करोड़ की परियोजनाओं का पीएम करेंगे शुभारंभ

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित 12 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य दायरे कवरेज के विस्तार का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी देश के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के चरण- द्वितीय का उद्घाटन करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री 11 तृतीयक स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए डिजिटल पहलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे, जो गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करने वाली टीकाकरण प्रक्रिया को डिजिटल बनाता है। मेक इन इंडिया के अनुरूप प्रधानमंत्री चिकित्सा उपकरणों और थोक दवाओं के लिए पीएलआई योजना के तहत पांच परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और परीक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई पहलों का भी शुभारंभ भी होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों का कराएंगे प्रतियोगिता

पटना सिटी (प्राकि)। देश जगाओ-भारत बचाओ मंच की बैठक उपाध्यक्ष प्रो वीरेंद्र नाथ विभावसु की अध्यक्षता में हुई। नवशशक्ति निकेतन सामुदायिक भवन में आयोजित बैठक में अन्य विषयों के अतिरिक्त शहर के हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच मंच के उद्देश्यो से संबंधित विषयों पर लेख प्रतियोगिता तथा स्वयंसेवी संस्थाओं, समाजसेवियों, शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो एवं आम जनता की आमसभा करने का निर्णय लिया गया। इसमें लेख प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसका आयोजन दिसंबर के अंतिम अथवा जनवरी माह के शुरू में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महासचिव बब्बन भाई, हरीश नारायण, दिनेश प्रसाद, काशीनाथ चंद्रवंशी, राजेन्द्र प्रसाद, सुनील सिंह, मनोज सिंह आदि ने विचार रखे।

### कुशेश्वर दास के निधन पर शोक

पटना सिटी (प्राकि)। समाज के अग्रणी नेता कुशेश्वर दास के निधन पर बिहार राज्य पान जाति कल्याण परिषद् शोक जताया है। परिषद के ओमप्रकाश पाटेश्वरी, चन्द्र प्रकाश ह्यताराह्व, राजू कुमार, मंजीत आर्या, रवि शंकर गुप्ता आदि ने कहा कि कुशेश्वर दास जी पान समाज के हक और अधिकार के लिए लंबे समय से लड़ाई लड़ते आ रहे थे और निधन से पूर्व तक सक्रिय रहे। ऐसे नेता समाज को बिल्ले प्राप्त होते हैं।

### छात्रों ने रंगोली बना जीता ईनाम

पटना सिटी (प्राकि)। दीपावली के पूर्व संध्या पर हाजीगंज स्थित जीजस एंड मेरी एकेडमी के परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीन से नौ के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा के निर्देशन एवं शिक्षका मेघा मलहर की देखरेख में भाग लिया। निर्णायक मंडली के अनुसार, जूनियर ग्रुप से प्रथम मायरा पैट्रिक, द्वितीय आकांक्षा कुमारी तथा तृतीय पुरस्कार नंदनी रानी को मिला। वहीं सीनियर ग्रुप से प्रथम इशिका गुप्ता, द्वितीय सारा अंजली तथा तृतीय पुरस्कार अदिति गुप्ता को मिला। मौके पर विद्यालय के निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक, शिक्षिका उषा किरण, अर्चना ठाकुर, रोहन पीटर आदि मौजूद रहे।

### कुशल युवा केंद्र के छात्रों को मिला प्रमाण पत्र

पटना सिटी (प्राकि)। दीपोत्सव पर दीपावली मिलन सह प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन कचौड़ी गली स्थित श्री श्याम इंफोटेक के कुशल युवा केंद्र में हुआ। इसका उद्घाटन महापौर सीता साहू, संस्थान के निदेशक अमित कानोडिया, जिला कौशल पदाधिकारी रवि रंजन और उर्मिला मिश्र ने की। इस दौरान राजश्री परमार को मिस दिवाली, गोलू कुमार व मुबारक खान को मिस्टर दिवाली का ताज पहनाया गया। दीप सज्जा में शबाना परवीन, आचल कुमारी को और नृत्य की प्रस्तुति यीशु राज, नेहा खातून बेहतर की। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी यादव व धन्यवाद ज्ञापन स्वाति कानोडिया ने किया। आयोजन में रवि शर्मा, शमा परवीन, ऋतुराज, रवि राज, शुभम कुमार, स्वर्णा, विनोद, गौतम, नीलम कोठारी आदि शामिल हुईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुदामा पांडेय व हास्य कलाकार अनिल धनराज ने प्रस्तुति दी।

### गहमा गहमी के बीच हुई नगर परिषद की बैठक

दानापुर। नगर परिषद सभागार में सोमवार को बोर्ड की सामान्य बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता नप अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने किया। बैठक शुरूआती से पूर्व रजिस्टर पर हस्ताक्षर को लेकर काफी गहमा गहमी हुई। उसके बात पूर्व की बैठक के संपुष्टी पर विचार से चर्चा किया गया। कई मुद्दों को लेकर एजेंडा में शामिल करने के विरोध कई पार्षदों ने हंगामा किया। इस दौरान कर वसूली के लिए लगाए गये कंपनी को रद्द कर नगर परिषद स्वंय द्वारा कर वसूली की बात कही गई। वहीं कुछ वार्ड पार्षदों ने नगर अध्यक्ष पर आरोप लगाया अपने चहेते पार्षदों पानी की बोरिंग लगाने में पक्षपात की है। लंबे समय तक चला बैठक के दौरान कई बार बिजली जाने के बाद भी बैठक जारी रहा। इस दौरान सभी पार्षदों के बीच लैपटॉप का वितरण किया गया। जहां कुछ पार्षदों ने लैपटॉप लेने से इनकार किया। वहीं छठ पर्व को लेकर घाटों की साफ सफाई पर विचार विमर्स किया गया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि छठ पर्व को लेकर वार्ड एवं घाट सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाये गये है।

### छात्रों ने रंगोली बना जीता ईनाम

पटना सिटी (प्राकि)। दीपावली के पूर्व संध्या पर हाजीगंज स्थित जीजस एंड मेरी एकेडमी के परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीन से नौ के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा के निर्देशन एवं शिक्षका मेघा मलहर की देखरेख में भाग लिया। निर्णायक मंडली के अनुसार, जूनियर ग्रुप से प्रथम मायरा पैट्रिक, द्वितीय आकांक्षा कुमारी तथा तृतीय पुरस्कार नंदनी रानी को मिला। वहीं सीनियर ग्रुप से प्रथम इशिका गुप्ता, द्वितीय सारा अंजली तथा तृतीय पुरस्कार अदिति गुप्ता को मिला। मौके पर विद्यालय के निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक, शिक्षिका उषा किरण, अर्चना ठाकुर, रोहन पीटर आदि मौजूद रहे।

# एम्स पटना में स्तन कैंसर जागरूकता पिंक वॉक का किया गया आयोजन







प्रात :किरण संवाददाता

पटना। स्तन कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर,एम्स पटना में हर साल अक्टूबर के महीने में मनाया जाता है, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग, एम्स पटना के द्वारा एडमिन ब्लॉक से एम्स पटना के ओपीडी फोयर तक ह्यस्तन कैंसर जागरूकता, पिंक वॉकह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल द्वारा गुलाबी गुब्बारे उड़ाकर की गई। प्रोफेसर (डॉ.) प्रितांजलि सिंह, एचओडी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ने भीड़ को स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। रैली मैं डॉ. पंकज कुमार, विभागाध्यक्ष, न्यूक्लियर मेडिसिन, डॉ. हरिकेश बहादुर सिंह, सहायक, प्रोफेसर, डॉ. मिनाक्षी मिश्रा, सहायक प्रोफेसर, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, एम्स पटना, सीनियर रेजिडेंट्स , जूनियर रेजिडेंट्स, नर्सिंग ऑफिसर्स और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के कर्मचारियों ने भाग लिया। बी.एस.सी नर्सिंग छात्रों द्वारा ओपीडी फोयर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नर्सिंग छात्रों नुक्कड़ नाटक के द्वार स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाया । निदेशक, डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने पर जोर दिया और दर्शकों को धूम्रपान, शराब से बचने, शारीरिक व्यायाम बढ़ाने, कम वसा खाने, अधिक वजन और मोटापा कम करने, फलों और सब्जियों को बढ़ाने जैसी स्वस्थ जीवन शैली के बारे में प्रेरित किया। डॉ. प्रीतांजलि सिंह ने बताया कि स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में पाया जाने वाला सबसे आम कैंसर है। विश्व में स्तन कैंसर की घटना (22.96 लाख 2022)। भारत में स्तन कैंसर की घटना (1.92 लाख 2022)। महिलाओं में स्मन कैंसर का आजीवन जोखिम 1:8, हर 4 मिनट में एक नए स्तन कैंसर रोगी का निदान होता है। स्मन कैंसर के सामान्य लक्षण हैं स्मन में गांठ, निपल से स्त्राव, स्मन में अल्सर या त्मचा में बदलाव आदि।स्तन कैंसर में परिवर्तनीय और गैर-संशोधनीय जोखिम कारक होते हैं। स्तन कैंसर के परिवर्तनीय जोखिम कारकों में धूम्रपान, शराब, गतिहीन जीवन शैली, मोटापा आदि शामिल हैं। गैर-परिवर्तनीय जोखिम कारकों में आनुवंशिक, आयु आदि शामिल हैं, उन्होंने सभी को स्वस्थ जीवन शैली के बारे में प्रेरित किया जैसे धूम्रपान शराब से बचना, शारीरिक व्यायाम बढ़ाना, कम वसा खाना, अधिक वजन और मोटापा कम करना, आहार में फल और सब्जियां बढ़ाना, विशेष स्तनपान को बढ़ावा देना चाहिए। रेडियोलॉजी विभाग की डॉ. उपासना ने स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने में यू. एस. जी और मैमोग्राफी की भूमिका के बारे में बताया, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग की डॉ. वीणा सिंह ने ब्रेस्ट कंजर्वेटिव सर्जरी एवं पुनर्निर्माण की भूमिका के बारे में बताया, डॉ. चंदन क्र. जनरल सर्जरी विभाग के झा ने प्रत्येक स्तन कैंसर रोगी को सर्जरी से पहले स्तन पुनर्निर्माण का विकल्प देने को कहा। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. हरिकेश बहादुर सिंह ने रेडियोथेरेपी की भूमिका और रेडियोथेरेपी तकनीक में प्रगति के बारे में बताया जिससे विषाक्तता में कमी आई है। उन्होंने एम्स-पटना के रेडियोथेरेपी विभाग में हाई एंड लिनाक एबीसी (एक्टिव ब्रीदिंग कोऑर्डिनेटर) की उपलब्धता के बारे में बताया। न्यूक्लियर मेडिसिन के डॉ. पंकज कुमार ने स्मन कैंसर प्रबंधन में पीई टी-सीटी की भूमिका के बारे में बताया। । शरीमत। रीना श्रीवास्स्व फिजियोथेरेपी विभाग ने स्मृन कैंसर प्रबंधन में व्यायाम की भूमिका के बारे में बताया स्तन कैंसर से बचे मरीजों की जिज्ञासाओं का डॉक्टरों ने समाधान किया।

# टीबी मरीजों को मिला पोषाहार




प्रात :किरण संवाददाता

पटना- लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, पटना के प्रांगण में सोमवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चिन्हित टी.बी. से ग्रसित 2 गरीब मरीजों को सामाजिक कार्यकर्ता हरीश सहाय एवं दीपक सिंह के सौजन्य से पोषाहार दिया गया. इसी परिसर में इसी तारीख को आगामी 6 माह तक यह पोषाहार उक्त मरीजों को हरीश सहाय एवं दीपक सिंह के द्वारा दी जायेगी. पटना के उपचाराधीन टीबी मरीज बिपिन कुमार एवं मुस्कान कुमारी को पोषाहार दिया गया. इस फूड बास्केट में 4 किलो चावल, 3 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 लीटर सरसों का तेल, 1 किलो सोयाबीन एवं एक कैरेट अंडा दोनों मरीजों को दिया गया. इस कार्य के लिए निक्षय पोर्टल पर निक्षय मित्र बनकर दोनों सामाजिक कार्यकताओं ने पोषाहार प्रदत्त किया।

टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार लेने की जरुरतः

समारोह में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के निदेशक डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि चिन्हित टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट वितरण कराने के लिए अन्य लोगों को कहेंगे कि सभी कम से कम एक टीबी मरीज को गोद लें और छः माह तक उन्हें निर्धारित पोषाहार जरुर दें। उन्होंने कहा कि पोषाहार भी एक तरह की दवा है जो उपचाराधीन टीबी मरीजों के पोषण की जरूरतों को पूरा करती है. मरीजों को नियमित दवा सेवन के साथ पौष्टिक आहार लेना जरुरी होता है। उन्होंने कहा कि कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को टीबी के संक्रमण का खतरा अधिक होता है, इसलिए खान पान में पौष्टिक भोज्य सामग्रियों को शामिल करें। विदित हो कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत होकर ही निक्षय मित्र बनना पड़ता है. वांछित प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद ही निर्धारित खाद्य सामग्रियों को फूड बास्केट में चिन्हित टी.बी. मरीजों को दी जाती है. समाज की सहभागिता टीबी मुक्त भारत बनाने में अहम है। विदित हो कि प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के साथ साथ व्यक्तिगत तौर पर भी टी.बी. मरीजों को पोषाहार दी जा रही है. समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. सुभाष चंद्र, डा आलोक कुमार, एसटीएसयू, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, के आईएसई विशेषज्ञ राकेश रंजन श्रीवास्तव, एसटीएस राजकिशोर कुमार एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# छठ पूजा के दौरान होने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए दानापुर मंडल ने एक विशेष व्यवस्था की




प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत छठ पूजा को लेकर दानापुर मंडल में विशेष तैयारियां की है। जिसमें प्रमुख स्टेशनों पर नोडल अधिकारी की तैनाती के साथ 800 स्पेशल ट्रेन चलाने की बात है। इसके अलावा पटना जंक्शन, राजेन्द्र नगर ट्रमिनल एवं दानापुर में यात्रियों के लिए विशेष होल्डिग एरिया बनाया जाएगा। ये बातें मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी द्वारा प्रेसवार्ता कर दी। उन्होने बताया कि पटना स्टेशन पर दोनों तरफ मुख्य सकुर्लेटिंग एरिया में दो एवं करबिगहिया सकुर्लेटिंग एरिया में एक,दानापुर सकुर्लेटिंग एरिया में दो तथा राजेंद्र नगर सकुर्लेटिंग एरिया में एक होल्डिंग एरिया बनाए गये हैं, जिसमें अतिरिक्त भीड़ के बैठने की व्यवस्था होगी। इस होल्डिंग एरिया में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, जनआहार (ऑन पेमेंट बेसिस), ट्रेन टाइम टेबल का फ्लेक्स बोर्ड और दिशानिर्देश बोर्ड लगाए गये हैं। साथ ही ट्रेनों के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही ट्रेन इंडीकेशन बोर्ड/ कोच इंडीकेशन बोर्ड पर गाड़ियों के आवागमन की सूचना सही सही प्रदर्शित हो यह सुनिश्चित किया जाएगा और इसके अतिरिक्त साइनेज भी लगाए जाने का निर्णय लिया गया। पटना,दानापुर ,राजगीर तथा आरा स्टेशन से 26 अक्टूबर से 15 नवंबर के अवधि में लगभग 800 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन देश के विभिन्न राज्यों के लिए किया जायेगा। स्टेशन पर ज्यादा भीड़ को देखते हुए पटना जंक्शन व राजेन्द्रनगर स्टेशन पर पलैटफार्म टिकट नहीं कटेगा। पटना, दानापुर, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पटना साहिब,आरा, बक्सर और किऊल स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण एवं व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारियों/ कनिष्ठ अधिकारियों शिफ्ट वाइज नियुक्त किये गये हैं। ये अधिकारी अपने टीम के साथ पूजा के दौरान यात्रियों की सम्भावित भीड़ के नियंत्रण में मदद करेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पटना जं., राजेन्द्रनगर टर्मिनल, दानापुर एवं पाटलीपुत्र जं. के प्रत्येक प्लेटफार्म पर अतिव्यस्त समय में कई अतिरिक्त रेल कर्मियों को नियुक्त किया गया है, जो कि भीड़ को नियंत्रित करने में सहायक होंगे। पटना स्टेशन पर कंट्रोल रूम बनाया गये हैं जहां कॉमर्शियल, जीआरपी, आरपीएफ, मेडिकल विभाग तथा जीआरपी के कर्मचारी बैठेंगे और व्यवस्था नियंत्रण का काम करेंगे। असमाजिक तत्वों तथा भीड़ नियंत्रण पर काबू करने हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। यात्रियों की सहायता हेतु पटना, दानापुर, राजेंद्र नगर, पाटलिपुत्र एवं पटना साहिब आदि स्टेशनों पर हेल्पडेक्स तथा मेडिकल बूथ बनाए गए हैं। अनाधिकृत पार्किंग तथा वेंडिंग के विरुद्ध स्पेशल ड्राइव चलाए जा रहे हैं तथा इन्हें हटाया जा रहा है।

सभी स्टेशनों पर लोकल मेडिकल अथॉरिटी के कांटेक्ट नंबर लगाए गए हैं जिससे कि आपातकाल में उनसे तत्काल संपर्क किया जा सकें। छठ के दौरान दानापुर मंडल में 73 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं,जहां रेलवे ट्रैक के बगल में छठ घाट का निर्माण होता है,जिसकी सूची संलग्न है, उन स्थानों पर रेल सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहेंगे। उन्होने प्रेस के माध्यम से आग्रह किया कि रेलवे ट्रैक के किनारे मौजूद छठ पंडाल में लाउडिस्पिक की आवाज तेज न रखे इससे ट्रेन का हौरन दब जाएगी। लाइट भी एसी नहीं लगाए जिससे ट्रेन चालकों को ट्रैक पर हो रही हरकत नजर न आए। साथ ही उन्होंने यह भी हिदायत दी कि ट्रेन में बीड़ी, सिगरेट अथवा किसी भी प्रकार की दिया सलाई, माचिस, लाइटर, पटाखे, फुलझड़ी तथा किसी भी प्रकार के ज्वलनशील सामग्री लेकर ना तो यात्रा करें और न ही उपयोग करें। यात्रियों से यह भी अनुरोध है कि अन्य यात्रियों को भी ऐसा मत करने दें एवं ऐसे किसी मामले के संज्ञान में आने पर निकटतम रेल कर्मचारियों को तुरंत सूचना दें। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आधार राज के अलावा संबंधित कई रेल अधिकारी मौजूद थे।

# मूर्तियों का विसर्जन पटनदेवी घाट पर किया जाएगा




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुलजारबाग स्टेडियम के सभागार में शांति सनिति एवं पूजा समिति के आयोजक के साथ बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीओ सत्यम सहाय, एएसपी आतुलोष झा एवं संचालन डीएसपी-2 गौरव कुमार ने किया। भगवती काली एवं लक्ष्मी पूजा समितियों के आयोजकों को निर्देश दिया गया कि आधार के साथ लाइसेंस के लिए जल्द से जल्द थाना स्तर पर देकर ले लेंगे। शोभायात्रा में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। मूर्तियों का विसर्जन पटनदेवी घाट पर किया जाएगा, जो भद्र घाट के पूरब दिशा में स्थित है। विर्सजन उसी घाट पर बने कृत्रिम तालाब में किया जाएगा।

छठ पूजा को लेकर एसडीओ ने आदेश दिया है कि जो घाट के रास्ते में लोहे का छड़ निकला है, उस रास्ते में लाल कपड़ा से घेर दिया जाएगा और उसे खतरनाक स्थान घोषित कर बैनर के माध्यम जागरूक किया जाएगा। खतरनाक घाटों को चिन्हित कर उस घाट पर छठ व्रतियों को जाने पर प्रतिबंध रहेगा। एप्रोच पथ पर कोई भी समस्या आने पर तत्काल संबंधित नोडल पदाधिकारी को तुरत सूचना दिया जाए। सभी घाट पर छठ व्रतियों की सुविधा के लिए मेडिकल टीम अपने बैनर एवं परिचय पत्र के उपस्थित रहेंगे। सभी घाट पर महिला पुलिस बल के साथ साथ गोताखोर, एसडीआरएफ मुस्तैद रहेंगे। बैठक में गणेश कुमार, बाबू भाई, शाहीद अंसारी, मनोज शर्मा, मुन्ना सरकार, मनीष सिंह बटूक, सुजीत कसेरा, विकास विशाल तिवारी, मिथलेश शर्मा, मो अली, मो बाबर, मोहम्मद जावेद, मनोज गुप्ता, राजेश शुक्ला टिल्लू, डॉ राजीव गंगौल , प्रफुल्ल पांडेय, चुन्नू चंद्रवंशी, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

# हर मोर्चो पर विफल साबित हुई है विकास का ढिंढोरा पीटने वाली नीतीश सरकार : उज्वल यादव

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम : राजद के भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उज्वल यादव ने कहा कि विकास और सुशासन की ढिंढोरा पीटने वाले एनडीए के लोग बताएं 17 वर्षो से बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। पिछले 10 वर्षो से केंद्र में एनडीए की सरकार है। फिर देश में सबसे अधिक गरीबी बिहार में, सबसे अधिक बेरोजगारी बिहार में, देश में सबसे ज्यादा आपराधिक घटनाएं बिहार में, तीन करोड़ के आसपास पलायन बिहार से, महंगाई के मामले में देश भर में बिहार सबसे टॉप पर हैं आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है ?

राजद नेता उज्वल ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट ने बिहार की गरीबी, महंगाई, भुखमरी और शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर दी है। नीतीश सरकार का हर मोर्चो पर विफल साबित हुई है। दो दशक के शासनकाल में नीतीश सरकार ने बिहार को गर्त में पहुंचा दिया है। एनडीए के लोगों का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। बिहार की जनता एनडीए के झांसे में अब नहीं आने वाली है। उन्होंने कहा कि हमारे अपने प्रखंड मुख्यालय स्थित ट्रामा सेंटर पिछले 23 वर्षो से बंद पड़ा है, उपमुख्यमंत्री के वादे के बाद भी अबतक कोई पहल नहीं हुआ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा के बाद भी अभीतक ट्रामा सेंटर में चिकित्सकीय सुविधा बहाल नहीं की जा सकीं, इससे बुरा हाल और क्या हो सकता है? उन्होंने कहा कि प्रदेश की एनडीए सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

# सड़कों पर कब्जा, छठ तक रहेगा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीपावली को लेकर फुटपाथ की कौन कहे, सड़क तक को लोगों ने अतिक्रमण कर दुकान सजा लिया है। स्थिति यह है कि जिनकी दुकान है, उसके आगे भी दुकान खड़ी कर दी गई है और दुकानदारों व फुटपाथी दुकानदारों के बीच बहस के साथ मारपीट तक की नौबत बन रही है। यह स्थिति महेंद्रू, गायघाट, पश्चिम दरवाजा, सादिकपुर, मीना बाजार, खाजेकलां से लेकर चमडोरिया मोड़ तक, पूरब दरवाजा, मोर्चा रोड, चौकशिकारपुर नालापर, गुलजारबाग ऑटो स्टैंड के आसपास की है। अनुमंडल प्रशासन, नगर निगम का अजीमाबाद, पटना सिटी अंचल, संबंधित थाना की पुलिस मूकदर्शक बनी है। स्थिति यह है कि पटना सिटी में आज और बुधवार तक आतिशबाजी की खरीदारी करने पहुंचे लोगों को दो पहिया वाहन तक खड़ी करने की जगह नहीं मिल पा रही है। अशोक राजपथ की छोड़ दें तो ख्वाजा कल से लेकर चौक के बीच दोनों और गलियों की स्थिति और बढ़ता है इसमें सदर गली खजे कल सब्जी मंडी रोड सिंधी दालान, टेढ़ी घाट, झिरिया तमोलिन की गली, महाराज घाट, मच्छरहट्टा गली, चौधरी गली, घघा गली, केशव राय गली, फुलौड़ी गली, मिरचाई गली, कचौड़ी गली की स्थिति भी बदतर है। इन गलियों में दुकानदार का सामान रोड पर पड़ा है, तो ठेला चालकों का भी पड़ाव बना हुआ है। इन गलियों में डीजल चालित पिकअप वैन किशोर से लोग बेचैन हो रहे हैं। स्थिति इस कदर बदतर है कि वाहन से लेकर लोगों का पैदल चलना सब रोड पर हो रहा है। दोपहिया व तिपहिया वाहन यदि गलियों का सहारा भी ले रहे हैं, तो उस और भी स्थिति बदतर है और लोग उस जाम में फंस कर और बेहाल हो जा रहे हैं। दरअसल दीपावली को लेकर श्री गणेश, भगवती लक्ष्मी, हनुमान जी, कुबेर जी से लेकर फैंसी खिलौने की दुकान फुटपाथ से लेकर रोड तक पर सजी है। वहीं रोड पर ही झाड़ू से लेकर जिनकी अपनी दुकान बर्तनों की है, वे सब भी दुकान से बाहर में अलग से चौकी या फिर लकड़ी का पटरा की मदद से सड़क पर दुकान लगा रखे हैं। कैलेंडर, तस्वीर, फोटो फ्रेम, माला, आर्टिफिशियल माला, रंगीन बत्ती आदि सब कुछ फुटपाथ से लेकर रोड पर बिक रहा है। मगर कोई रोकने या टोकने वाला नहीं है। और यह सब स्थिति छठ तक लगातार जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों से लेकर पदाधिकारी का घाटों का मुआयना करने का सिलसिला जेपी सेतु और गंगा पथ से होकर आना-जाना होता है। इसलिए अशोक राजपथ, सुदर्शन पथ, संपर्क पथों में मोर्चा रोड, गुरु गोविंद सिंह पथ, नवाब बहादुर रोड, शेरशाह रोड को देखने की जहमत शायद किन्हीं अधिकारी व पदाधिकारियों को नहीं है। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। स्थिति यह है कि यदि अशोक राजपथ के उत्तर और दक्षिण में रह रहे लोगों के घरों में यदि खुदा न खस्ता कोई गंभीर रूप से बीमार हुआ या आग लगने की घटना हुई, तो उसे वहां से नर्सिंग होम या सरकारी अस्पताल ले जाना भी चुनौतीपूर्ण बन गया है।

# कोर्ट व एनजीटी के आदेश का हवाला दे पटाखा की बिक्री पर प्रतिबंध

- आतिशबाजी के विक्रेताओं ने बिक्री का पैटर्न बदला, धड़ल्ले से बिक रहा
- दिवाली के बाद और वैवाहिक मौसम में भी होगी बेरोकटोक बिक्री

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी के आदेश के साथ ही बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के अधिकारियों के द्वारा पर्यावरण को लेकर जारी किए गए आदेश का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन के के जिला कप्तान ने आतिशबाजी की बिक्री, खरीद और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश जारी हो चुका है। अखबारों से लेकर अन्य संचार माध्यमों के द्वारा भी प्रसारित व प्रसारित किया जा चुका है। इसके बाद भी आतिशबाजी की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। कहीं कोई रोक-टोक नहीं है। लोग ठेला, कार से लेकर दो पहिया वाहनों से आतिशबाजी ले जाते दिख जाएंगे। दरअसल हर साल दीपावली के 10-15 दिनों पूर्व से पुलिस प्रशासन के अधिकारी से लेकर पदाधिकारी तक हरकत में आते हैं। आतिशबाजी के विक्रेताओं पर नकेल कसी जाती है। हालांकि अब तक किसी भी साल सख्ती के साथ पटाखे की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं किया गया है। यही नहीं, घनी आबादी के बीच पटाखा का भंडारण और बिक्री किया जाता है। यह बात पुलिस प्रशासन से लेकर अग्निशमन के पदाधिकारी तक को भलीभांति जानकारी है। इसके बावजूद आदेश जारी रहता है और बिक्री धड़ल्ले से चलता रहता है। जो हाल शराबबंदी की है।

शराबबंदी के बावजूद पुलिस और उत्पाद विभाग के अधिकारी व पदाधिकारी के द्वारा लगातार छापामारी कर शराब पकड़ी जा रही है। लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। मामला दर्ज किया जा रहा है। इसी तरह से पटाखा पर प्रतिबंध की घोषणा कर दी जाती है और इसकी बिक्री धड़ल्ले से जारी रहती है। यही नहीं, लोग आराम से खुले में वाहन से पटाखा लेकर लौटते हैं। मगर कोई रोक-टोक नहीं होता है। पटाखा विक्रेताओं की छोड़ दें, तो आम लोगों का भी कहना है कि क्या आतिशबाजी से केवल दीपावली के समय ही खतरा बना रहता है या प्रदूषण को खतरा होता है। दीपावली के बाद भी छठ और जब-जब वैवाहिक मौसम होता है, पटाखे की बिक्री साल के 365 दिनों तक जारी रहता है। हालांकि विक्रेताओं ने भी पुलिस प्रशासन की नजरों में धूल झोंकने या कहें आई वाश करने का काम किया है। अब आतिशबाजी के विक्रेता कुछ ऐसे आइटम को मोहरा के रूप में सड़क किनारे दुकान पर लगाते हैं, मानो वह आतिशबाजी नहीं बेचते हैं। बाद के दिनों में वहां जब ग्राहक पहुंचते हैं, तो उन्हें गोदाम या गलियों में रहे दुकान में ले जाकर आराम से पटाखे की बिक्री करते हैं और खरीदार भी उसे हंसते खेलते ले जाता है।

# पारा मेडिकल के सत्र 21-23 के द्वितीय वर्ष की परीक्षा तय समय पर कराने की मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पारा मेडिकल छात्रों के सत्र 2020-22 के द्वितीय वर्ष एवं सत्र 2022-24 प्रथम वर्ष की परीक्षा परिणाम परीक्षा के चार माह बीतने के बाद भी नहीं हुआ जारी नहीं किया जा सका है। इससे छात्रों में आक्रोश है। पारा मेडिकल एवं पारा डेंटल परीक्षा समिति, पटना के परीक्षा नियंत्रक डॉ वीरेश्वर प्रसाद ने सत्र 2021-23 के द्वितीय वर्ष के परीक्षा की सम्भावित तिथि जारी कर दी है। इसमें फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15 नवंबर, 24 तक है। वहीं परीक्षा की सम्भावित तिथि 25 नवंबर, 24 है। बिहार पारा मेडिकल का सत्र खासा देरी से चल रहा है।हजारों छात्र परीक्षा नहीं होने से परेशान हैं। पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण ने सत्र नियमित करने के लिए पारा मेडिकल/पारा डेंटल परीक्षा समिति, पटना के परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखकर करीब पांच महीने पहले ली गयी परीक्षा का परिणाम जल्द जारी करने की मांग परीक्षा नियंत्रक से की है। 25 नवंबर से प्रस्तावित परीक्षा का आयोजन तय समय पर आयोजित करने का अनुरोध भी किया है। परीक्षा नियंत्रक को लिखे गए पत्र में पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा है कि राज्य में पारा मेडिकल का सत्र देरी से चल रहा है। छात्रों को आवासीय सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। इस कारण से छात्रों को आर्थिक के साथ मानसिक रूप से भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय घोषणा किए हैं कि स्वास्थ्य विभाग में 45 हजार पदों पर नियमित नियुक्ति की जानी है।

# हर किसी के जीवन को एक दीया से करें दिवाली में रोशन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नागरिक अधिकार मंच के द्वारा अशोक चक्र गली स्थित स्लम बस्तियों में गरीब बच्चों के बीच दीपावली की पूर्व संध्या पर दीप जला कर दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने कहा कि आयोजन में महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चों ने अपने हाथों से 101 दीया जला कर संकल्प लिया। उन सबों ने अपने संदेश में कहा कि हम सभी को अपने जीवन में एक दीप जरूर जलाना चाहिए, ताकि हर किसी के जीवन में उन्नति के साथ-साथ रोशनी से जगमग हो। महिलाएं एवं बेटियां सुरक्षित एवं स्वावलंबी हों। इस अवसर पर समाजसेवी संजय अलबेला, धर्मवीर पासवान, भूषण माली, विजय मलिक, लालती देवी, पार्वती देवी, ललिता देवी, चमेली देवी, रेखा देवी, गुड़िया देवी, सीता देवी, पिंकी देवी, रामप्यारी देवी, मंजू देवी, सपना कुमारी, स्वीटी कुमारी, पारी कुमारी, जानवी कुमारी, सिमली कुमारी, दुर्गा कुमारी खुशी, ज्योति, नंदनी कुमारी, साक्षी कुमारी आदि बच्चियों ने भाग लिया।

## बिहार में 43 लाख लोग ले चुके है भाजपा की प्रारंभिक सदस्यता: दिलीप

# पार्टी का पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य : संबित पात्रा

**भाजपा अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान में जुड़े सभी लोगों को दिया धन्यवाद**

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान सह संगठन पर्व-2024 को लेकर राजधानी पटना के रवींद्र भवन में सोमवार ककार्यशाला आयोजित की गई । इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित राष्ट्रीय प्रवक्ता सह सांसद डॉ संबित पात्रा ने कई जानकारियां उपलब्ध कराई। चुनाव के राष्ट्रीय सह अधिकारी श्री पात्रा ने कहा कि प्रारंभिक सदस्यता और सक्रिय सदस्यता के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि बिहार में 43 लाख लोग सदस्य बन चुके है। यह वास्तविक में इलेट्रॉल रोल की तरह है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि बूथ कमिटी के जो सदस्य बनेगा उसे सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य नहीं होगा। लेकिन, बूथ के ऊपर जितनी भी इकाई हैं उसका पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी सक्रिय सदस्य बनने पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान सक्रिय सदस्य बनने के नियम भी बताए। उन्होंने लोगों से कहा कि सबसे पहले सक्रिय सदस्य बनने की चिंता करनी है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कार्यकताओं की सक्रियता ही भाजपा की सफलता का आधार है, हम बिहार में अधिक से अधिक सक्रिय सदस्यों को जोड़कर संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश मे भाजपा के प्रारंभिक सदस्यों की संख्या 10 करोड़ को पार कर गयी है जबकि बिहार में प्रारंभिक सदस्यों की संख्या 43 लाख हो गयी है। उन्होंने कहा कि हम लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस कामयाबी के लिए सभी सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों, पार्टी के पदाधिकारियों और सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देश मे दो तरह की सेना है एक जो सीमा पर तैनात रहती है और दूसरी भाजपा की सेना है , जो देश के अंदर राष्ट्र विरोधी ताकतों से लड़ती भी है एवं राष्ट्रवाद का ध्वज भी फहराए रखते है। उन्होंने लोगों से कहा कि जब सेना मजबूत होगी तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने चुनाव के राष्ट्रीय सह अधिकारी संबित पात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन पर्व के तहत मंडल, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा तभी यह पर्व पूरा होगा। उन्होंने कहा कि इस पर्व के समापन के बाद नए सदस्यों का विधानसभा वार सम्मेलन बुलाया जाएगा और सभी कार्यकताओं को और धारदार बनाया जाएगा। इस कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानन्द राय, भीखू भाई दलसानिया, बिहार के मंत्री मंगल पांडेय, राजेश वर्मा, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, डॉ. संजय जायसवाल, राधामोहन सिंह, जीवेश मिश्रा, सजल झा सहित सभी सांसद, विधायक, विधानपार्षद, प्रदेश के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, मंच, मोर्चा के संयोजक भी उपस्थित रहे।

# पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिली जान से मारने की धमकी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद उन्होंने अपनी सुरक्षा घेरा बढ़ाने की मांग की है। पप्पू यादव ने इस संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर अपने लिए वाई श्रेणी की सुरक्षा बढ़ाकर जेड श्रेणी करने की मांग की है। पूर्णिया के सांसद ने इसकी शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी की है। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं अपने जीवनकाल में एक बार बिहार विधान सदस्य तथा 6 बार संसद सदस्य (लोकसभा) के रूप में निर्वाचित हुआ हूं। इस दौरान मुझ पर तथा मेरे परिवार के सदस्यों पर हमला हुआ है। कई बार नेपाल के माओवादी संगठन सहित कई जातिवादी अपराधियों ने जानलेवा हमला किया है। मैं ऊपर वाले के कृपा से बचता रहा। उन्होंने आगे लिखा कि नेपाल के उग्रवादी संगठन माओवादी ने जब मेरे मोबाइल पर धमकी दी थी। केंद्रीय गृह विभाग द्वारा मुझे 2015 में वाई प्लस (थ्रेट) सुरक्षा घेरा में रखा गया था। साल 2019 में मेरे सुरक्षा घेरा को घटाकर वाई श्रेणी की सुरक्षा घेरा में मुझे रखा गया है। मेरा सुरक्षा घेरे में कमी का फायदा उठाते हुए लोकसभा चुनाव के दौरान कई हत्या के शातिर अपराधी ने अपने फेसबुक पर लाइव होकर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दीं। इतना ही नहीं, घर में घुसकर मुझे जान से मारने की धमकी भी दी गई। उसके खिलाफ मैंने आपको लिखित जानकारी दी थी। इसकी जानकारी मैंने बिहार के मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक को भी दी थी। मेरा दुर्भाग्य यह है कि किसी ने आज तक इसकी सुध नहीं ली। आज जब लॉरेंस बिश्नोई गैंग लगातार देश में घटना पर घटना कर रहा है। मैंने एक राजनीतिक व्यक्ति होने के कारण घटना का विरोध किया। विरोध करने पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के प्रमुख ने मुझे जान मारने की धमकी मेरे मोबाइल पर दी है। जिसकी कॉपी मैं सहज उपलब्धता के लिए संलग्न कर रहा हूं। इतनी बड़ी जानलेवा धमकी देने के बावजूद मेरी सुरक्षा के प्रति बिहार के गृह मंत्रालय एवं केंद्रीय गृह मंत्रालय मेरे सुरक्षा के प्रति निष्क्रिय दिख रहा है। लगता है, मेरी हत्या के बाद ही लोकसभा एवं विधानसभा में शोक संवेदना जताने के लिए ही सक्रिय होगें। उन्होंने अनुरोध किया कि समय रहते मेरी सुरक्षा घेरा को वाई श्रेणी से बढ़ाकर जेड श्रेणी सुरक्षा घेरा किया जाए। साथ ही बिहार के सभी जिलों में पुलिस एस्कॉट समेत कार्यक्रम स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा की सख्त व्यवस्था की जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो मेरी हत्या कभी भी हो जाएगी। इसकी जिम्मेदारी केंद्र और बिहार सरकार की होगी।

# रालोमो नेता सहित अन्य ने ग्रहण की राजद की सदस्यता



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता पंकज शाह और सुपौल जिला राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेताओं को राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह के समक्ष, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू,प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद एवं प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार की उपस्थिति में राजद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने सभी को राजद की सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद के नेतृत्व पर विश्वास करके विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं यह आने वाले समय में परिवर्तनकारी राजनीति का आगाज है। आगे कहा कि राजद की पहचान गरीबों, शोषितों, वंचितों को हक और अधिकार देने तथा उनपर होने वाले जुल्म के खिलाफ खड़े होकर न्याय दिलाने की रही है। कहा कि गांव- गरीब को विकास के श्रेणी से अलग करने के लिए उन्माद का वातावरण बनाया जा रहा है जिससे किसान,मजदूर और व्यापार को कमजोर किया जा सके। आगे कहा कि आज महात्मा गांधी के विचारों को खत्म करने की लगातार साजिश चल रही है, इसके खिलाफ हम सभी को सजग रहना होगा। और ऐसी साजिशों के खिलाफ पूरी एकजुटता से मुकाबला करना होगा। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि बताया कि सभी को राष्ट्रीय जनता दल का प्रतीक चिन्ह गमछा, टोपी, सदस्यता रसीद देकर देकर राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को राजद की सदस्यता दी। तथा लालू प्रसाद के संसदीय जीवन पर आधारित गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

# घोषणाएं हवाई, धरातल पर सुविधाएं नदारद : राठौड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बांद्रा मुंबई में ट्रेन पर चढ़ने से पूर्व प्लेटफार्म पर मची भगदड़ में यात्रियों के घायल होने पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने केंद्रीय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए रेल मंत्री से सवाल किया है कि ट्रेनों और स्टेशनों के नाम बदलने के जगह वे नई ट्रेनों का परिचालन करने पर ध्यान देते और रील बनाने के लिए जितनी मेहनत करते हैं उतनी ही सुविधाओं को बढ़ाने में करते तो आज ये हादसे नहीं होते। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि एनडीए के 30 सांसदों के जिताने के बावजूद बिहार के रेल यात्रियों के साथ ऐसे हादसे हो रहे हैं तो ये सोचने को विवश कर रहा है कि आखिर पहले से चल रही ट्रेनों के अलावे स्पेशल ट्रेन के नाम पर अतिरिक्त भाड़ा वसूलने वाली रेलवे, राजधानी का नाम बदलकर तेजस करने वाली सरकार और अदानी ग्रुप को स्टेशनों को सौंपने के अलावे रील मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया क्या है? अपनी उपलब्धियों में काश वे नईं ट्रेनों को दिखाते और यात्री सुविधाओं पर काम करते तो आज ये हादसे दीपावली छठ जैसे महापर्व पर बिहार के रेल यात्रियों के साथ नहीं होते। उन्होंने आगे कहा कि जनरल और स्लीपर डिब्बों को घटाकर एसी कोच लगाने से रेलवे बेहतर नहीं होगी। हाल के वर्षों में रेल हादसों का गवाह रहा देश यह समझ चुका है कि निकम्मी सरकार गरीबों के सवारी को भी उनसे दूर करने की तैयारी में है। पूजा स्पेशल के नाम पर ट्रेन में अतिरिक्त भाड़ा वसूली करने वाली यह सरकार ट्रेनों के लेटलतीफी करा रही है और अब तो ट्रेनों में चढ़ने में भी बढ़ती भीड़ के कारण हादसे होने लगे तो फिर ईश्वर ही इस रेलवे की खैर करें।

# पर्याप्त संख्या में चलाई जाए विशेष ट्रेन : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि मुंबई के बांद्रा टर्मिनल स्टेशन पर हुई भगदड़, भारत के ढहते बुनियादी ढांचे की कड़ी में सबसे ताजा उदाहरण है। बिहार के लोग देश के हर बड़े शहरों में मजदूरी करने जाते हैं और प्रत्येक साल होली, दीपावली और छठ के मौके पर घर आते हैं और इस तरह की घटना घटती रहती है। पर्याप्त संख्या में ट्रेन चलाई जाए और रिजर्वेशन सीट कन्फर्म हो तो इस तरह की घटना नहीं हो सकती है। परंतु केंद्र सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है। ट्रेन में जेनरल कोच की संख्या घटा दी गई है और एसी कोच बढ़ा दी गई। फलस्वरूप देहाड़ी मजूरों को काफी कठिनाई हो रही है। देश के बड़े महानगरों से बिहार के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाए और जेनरल कोच की संख्या बढ़ाई जाए। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सिर्फ उद्घाटन और प्रचार में लगे हुए हैं। उद्घाटन और प्रचार तभी अच्छे हैं जब उनके पीछे ऐसी बुनियाद हो जो जनता की सेवा के लिए असल में काम करे। जब सार्वजनिक संपत्ति के रख-रखाव के अभाव और उपेक्षा के कारण लोगों की जान जाने लगे और पुल, प्लेटफार्म या मूर्तियां रिबन काटने के साथ ही गिरने लगें, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। पिछले साल जून में बालासोर ट्रेन हादसे में 300 लोगों की जान चली गई, लेकिन पीड़ितों को मुआवजा देने के बजाय भाजपा सरकार ने उन्हें लंबे कानूनी दांव-पेंच में उलझा दिया है। आज देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है जो गरीबों की स्थानीय जरूरतों का भी ध्यान रखें - जो व्यापार को सरल, यात्रा को सुगम और लोगों को सुरक्षित रखे। भाकपा राज्य सचिव ने केंद्र सरकार से मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई सहित देश के बड़े महानगरों से दीपावली और छठ के मौके पर पर्याप्त संख्या में विशेष ट्रेन समय से चलाने की मांग की है ताकि मुंबई जैसी घटना नहीं घटे।

# विवरणिका में विश्व के पहले ताम्र टिकट को किया गया है प्रदर्शित : अनिल

**चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने किया बीआईपीईएक्स 2024 के उपलक्ष्य में विवरणिका का विमोचन**



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार डाक परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने सोमवार को बीआईपीईएक्स 2024की विवरणिका का विमोचन सर्किल कार्यालय, पटना में किया। यह विवरणिका 28-30 नवम्बर 2024 को आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी की रूप रेखा है। बीआईपीईएक्स 2024 भारत एवं बिहार की गौरवशाली गाथा को प्रदर्शित करते हुये पौराणिकता के साथ- साथ आधुनिकता का भी समावेश करेगी। श्री कुमार ने मीडिया से वार्ता के दौरान कहा कि इस विवरणिका के कवर पृष्ठ पर पटना के स्काइ-लाइन को दशार्या गया है। साथ ही बिहार के विभिन्न पौराणिक स्थानों को अंकित किया गया है जो बिहार के गौरवशाली गाथा को प्रदर्शित करता है। इस विवरणिका में विश्व के पहले ताम्र टिकट को प्रदर्शित किया गया है और आखिरी पृष्ठ पर मूल स्वरुप में मुद्रित किया गया है जो अत्यंत ही दुर्लभ है इस विवरणिका में तीन दिनों तक चलने वाली प्रदर्शनी की सभी प्रक्रिया, प्रतियोगिताओं, सहभागिता के नियम, के साथ ही साथ डाक टिकट प्रेमियों, युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजनों हेतु जानकारी समाहित की गई है।

श्री कुमार ने आगे बताया कि बीआईपीईएक्स 2024 भारत का एक अनूठा डाक टिकट प्रदर्शनी होगा जो डाक टिकट प्रेमियों में कौतूहल एवं उत्सुकता पैदा करेगा। बीआईपीईएक्स 2024 के प्रतिष्ठित कार्यक्रम में दुनिया भर और हमारे देश के टिकटों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें देश भर से डाक टिकट संग्रहकताओं और उत्साही लोगों की भागीदारी होगी। विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित विभिन्न प्रकार के लोग उपस्थित होंगे। यह डाक टिकट संग्राहकों, डाक टिकट संग्रहकताओं और शौकीनों के लिए डाक टिकटों की कला और इतिहास को इकट्ठा करने और जश्न मनाने का एक अनूठा मंच है। कार्यक्रम में पवन कुमार, डाक निदेशक, नरसिंह महतो, सतर्कता अधिकारी, रंजय कुमार सिंह, मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ, मनीष कुमार, एसएसपीओ, पटना डाक मंडल, अनिल कुमार, उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन), पटना जीपीओ, कुमारी सरिता, उप मुख्य डाकपाल (मेल एवं खजाना),नविन कुमार, एडी (बिजनेस डेवलपमेंट) रोबिन चंद्रा, सहायक डाक निदेशक (फिलाटेली), के साथ ही साथ प्रदीप जैन सहित कई गणमान्य डाक टिकट संग्रहकर्ता, मीडियाकर्मी एवं डाक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हार के साथ समाप्त हुआ सीनियर वीमेंस टी-20 का सफर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीनियर वीमेंस टी20 ट्रॉफी के अपने अंतिम लीग मैच में बिहार को हार का सामना करना पड़ा। बिहार को पंजाब ने 8 विकेट से पराजित किया। ग्रुप ई में खेल रही बिहार टीम को पांच मैचों में से दो में जीत और चार में हार मिली और वह अंक तालिका में छठे नंबर पर रहा। इस ग्रुप में मध्यप्रदेश की टीम टॉप पर रही जबकि मेघालय बिना कोई अंक लिये सबसे नीचे। त्रिवेंद्रम के स्पोर्ट्स हब इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस बिहार के कप्तान प्रगति सिंह ने जीता। बिहार की ऊपरी क्रम के बैटरों ने अच्छा खेला पर इसके बाद मध्यक्रम और निचला क्रम पूरी तरह फेल रहा और टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 78 रन ही बना सकी। प्रीति ने 12, अपूर्वा कुमारी ने 22 और याशिता सिंह ने 25 रन बनाये। कप्तान प्रगति सिंह ने 3, आर्या सेठ ने 1, अपूर्वा ने 2, कोमल पी कुमारी ने 2, प्रीति प्रिया ने नाबाद 3, तेजस्वी ने 1 रन बनाये। पंजाब की ओर से मन्नत कश्यप ने 16 रन देकर 1, नीतू सिंह ने 18 रन देकर 3 और कनिका आहूजा ने 9 रन देकर 1 विकेट चटकाये। तीन प्लेयर रन आउट हुईं। जवाब में पंजाब ने 11 ओवर में दो विकेट पर 79 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। तान्या सपना भाटिया ने 24, रिदिमा अग्रवाल ने 25 और कनिका आहूजा ने नाबाद 19 रन बनाये। बिहार की ओर से तेजस्वी ने 15 रन देकर 1 और प्रगति सिंह ने 17 रन देकर 1 विकेट चटकाये।

# नाटक साइबर क्राइम का हुआ मंचन

पटना। सांस्कृतिक संस्था लोक पंच द्वारा सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गांधी मैदान के प्रांगण में नाटक साइबर क्राइम का मंचन किया गया।

नाटक का कथासार :

नाटक पति-पत्नी की नोक- झोंक से शुरू होता है। इस दौरान एक फोन आता है और ओटीपी माँगा जाता है। पत्नी उसे ओटीपी देने लगती है तो पति मना करता है, पर पत्नी ओटीपी दे देती है और बाद में बताती है कि मुझे मालूम है कि वह मेरे साथ फ्रॉड कर रहा था, पर मैंने उसे गलत ओटीपी दे दिया। मुझे मालूम है ओटीपी शेयर करने से नुकसान होता है। हम गांव से आए हैं इसका मतलब यह नहीं कि हम बेवकूफ है। अगले दृश्य में एक व्यक्ति अपने मित्र से बकाया पैसे मांगता है, और इसी बातचीत के दौरान पता चलता है कि मित्र का फेसबुक अकाउंट किसी ने हैक कर रखा है और वह उसके मित्रों से पैसा मांग रहा है। ऐसी फेक और फ्रॉड साइबर क्राइम करने वाले से सावधान रहने की बात बताई जाती है। अगले दृश्य में अनजान और फ्रॉड लिंक पर क्लिक करने का क्या परिणाम होता है, यह दिखाया गया है। नाटक में गायक मोहम्मद रफी के गाए हुए गीत (बार-बार के तोहरे कमईयया चोरवा ना ले जाए, जगत रहा भैया तू सोए मत जाइए) को रखा गया है जिसके माध्यम से जालसाज और साइबर अपराधियों से अपने धन को बचाने की बात कही जाती है। इसके अलावा और कई गीतों का नाटक में इस्तेमाल किया गया है। नाटक का पात्र : रजनीश पांडे, अभिषेक राज, सहर्ष शुभम, अरबिंद कुमार, दीपा दीक्षित, सोनल कुमारी, अयोध्या गोप एवं मनीष महिवाल। मंच परे :नाल : अयोध्या गोप, खंजरी : अरविंद कुमार, प्रस्तुति नियंत्रक : राम प्रवेश, लेखक-निर्देशक : मनीष महिवाल । प्रस्तुति : लोक पंच।

## नीतीश कुमार ने घटकों को दिया चुनाव में लक्ष्य साधने का टिप्स : मधुरेंदु

पटना। उप-चुनाव के लिए एनडीए ने तो अपनी चुनावी सभाओं को प्रभावित करना जारी रखा है पर रणनीति पर भी नीतीश कुमार चाणक्य की भूमिका दिख रहे हैं। ये बातें जदयू नेता डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने कही है। डॉ. पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार बीते समय में बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की चुनावी आंधी चली है, इस बार भी उप-चुनाव से लेकर 2025 के विधानसभा चुनाव में भी जनता विकास यात्रा पर ही बटन को दबायेगी और सूबे की प्रगति को एनडीए सरकार नीतीश कुमार के सानिध्य में रफ्तार देगी। जदयू नेता डॉ पांडेय ने विपक्ष की भूमिका को कमजोर बताते हुए जनता को गुमराह करने वाला बताया और कहा कि सूबे की जनता विपक्षी रणनीति कोभांप गयी हैं।

## दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को मिल रहा सम्मान: मनीषा

पटना। दीपावली के अवसर पर उत्कर्ष सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने भी आकर्षक दीप और पोस्टर बनाए। जिसकी संस्थान परिसर में प्रदर्शनी लगायी गयी। इस अवसर पर संस्था की सचिव एवं संचालिका मनीषा कृष्णा, होटल ब्लीस निदेशक संजीव कुमार एवं नव चेतना चित्रगुप्त परिषद के प्रदेश सचिव संजीव कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। होटल निदेशक ने कहा कि वो इन दिव्यांग बच्चों की बनायी गयी कला- कृतियों की प्रदर्शनी अपने होटल में लगवाएंगे। वहीं समाजसेवी नव चेतन परिषद के सचिव संजीव कुमार ने भी बच्चों की प्रदर्शनी को प्रोत्साहित करने की अपील की। संस्था की सचिव मनीषा कृष्णा ने बताया कि इन दिव्यांग बच्चों की प्रदर्शनी हर साल लगायी जाती है। कई लोग इन बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते है। इन बच्चों में दिव्यांगता के बावजूद लगन और हुनर की कमी नहीं है। ये अपनी प्रतिभा से समाज में अलग पहचान बनाने के लिए लगन से कार्यरत हैं।

## वरीय नेता कुशेश्वर दास तांती के निधन पर जदयू में शोक

पटना। मधुबनी जिला निवासी पार्टी के वरीय नेता एवं राज्य कार्यकरिणी के सदस्य कुशेश्वर दास तांती के आकस्मिक निधन पर जनता दल यू ने गहरा शोक जताया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने अपनी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि श्री कुशेश्वर दास का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। वह हमेशा संगठन की सेवा में निस्वार्थ भाव से जुटे रहते थे। साथ ही सामाजिक सरोकारों के निर्वहन में भी सदैव तत्पर रहते थे। परमपिता परमेश्वर से हम प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को चिर-शांति एवं उनके परिजनों को संबल व सहनशक्ति प्रदान करें। इस मौके पर पार्टी कार्यालय में जदयू का झंडा भी झुकाया गया। शोक व्यक्त करने वालो में विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह, प्रो नवीन आर्य चन्द्रवंशी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चदंन कुमार सिंह, पूर्व सांसद सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चन्देश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद एवं बंटी चन्द्रवंशी रहे।

# एनडीए सरकार से बिहार की जनता का मोहभंग : अरुण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि एनडीए की बैठक में क्राइम, करप्सन और कम्युनलिज्म पर चर्चा नहीं नहीं हुई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में क्राइम चरम पर है। बेखौफ अपराधी खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। बिहार में अफसरशाही और भ्रष्टाचार चरम पर है। एनडीए सरकार में बगैर रिश्वत दिए कोई काम नहीं होता है। राज्य की जनता अफसरशाही और भ्रष्टाचार की चक्की में पिस रही है। वहीं सरकार ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और भाजपा सांसद प्रदीप सिंह जैसे भाजपा नेताओं को दो धर्म समुदाय के बीच द्वेष, साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की खुली छूट दे रखी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार में केवल व केवल तेजस्वी मॉडल पर राजनीति चलेगी। अब पढ़ाई, लिखाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, सुनवाई और कारवाई जैसे मुद्दों पर जो बात करेगा जनता पर वही राज करेगा। तेजस्वी यादव ने 17 माह के सेवाकाल में महागठबंधन सरकार में अपने प्रण अनुरूप कर के दिखाया है। तेजस्वी यादव जनता की उम्मीद बन चुके हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए सरकार से बिहार की जनता का मोहभंग हो चुका है यह बात नीतीश कुमार जी भी अच्छी तरह जान चुके है। बिहार की जनता चुनाव के इंतजार में है 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को सत्ता से बाहर कर सबक सिखाने वाली है। बिहार की जनता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने वाली है।

# साहित्य और ज्ञान की संज्ञा थे आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव

## जयंती पर साहित्य सम्मेलन ने अपने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



आचार्य श्रीरंजन सूरिदेव होने का अर्थ था एक सजीव शब्द-कोश और साहित्य का पर्यायवाची शब्द ! बहुभाषाविद-मनीषी श्री सूरिदेव वास्तव में साहित्य और ज्ञान की संज्ञा थे। संस्कृत सहित अनेक भारतीय भाषाओं के वे महापण्डित और प्राकृत तथा अपभ्रंश के अंतिम अधिकारी विद्वान थे। वे सरस्वती के लोक-प्रसिद्ध वरद-पुत्र और एक साहित्यिक ऋषि थे। उन्होंने एक संत की भाँति साहित्य की साधना की। यह बातें बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आचार्य सूरिदेव की ९८वीं जयंती पर आयोजित समारोह एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए,सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, ७० वर्षों से अधिक समय तक अविराम साहित्य-साधना में लीन रहने वाले आचार्यजी अपनी युवावस्था में, सम्मेलन-पत्रिका साहित्य के वर्ण-शोधक के रूप में हिन्दी साहित्य सम्मेलन की सेवा आरंभ की थी और सम्मेलन के प्रधानमंत्री के पद को भी सुशोभित किया। ९१ वर्ष की आयु में भी सक्रिए रहने वाले वे एक विरल व्यक्तित्व थे। उन्होंने साहित्य-सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, कभी अलंकरण के पीछे नहीं भागे। अंततः अलंकरण को ही उनके पीछे आना पड़ा।

साहित्य-सम्मेलन को उन पर सदा ही गौरव रहेगा। उन्होंने पाली और अपभ्रंश के साथ जैन साहित्य पर भी अत्यंत मूल्यवान कार्य किए, जो हिन्दी साहित्य की धरोहर है। समारोह के उद्घाटन-कर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण डा सी पी ठाकुर ने उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि सूरिदेव जी बहुत बड़े तपस्वी साहित्यकार थे। उन्होंने जिस प्रकार हिन्दी के साथ पाली और अपभ्रंश भाषाओं की सेवा की, जैन-साहित्य को समृद्ध किया, वह प्रेरणा दायक है। अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने कहा कि सूरिदेव जी का संपूर्ण व्यक्तित्व साहित्यिक था। उनकी विद्वता, विनम्रता और ओजपूर्ण वक्तृता मोहक थी। वरिष्ठ साहित्यकार मार्कण्डेय शारदेय, प्रो इन्द्र कांत झा, श्री सूरिदेव के पुत्र संगम कुमार रंजन, डा मेहता नगेंद्र सिंह, विमल नारायण मिश्र, निरुपमा मिश्र, सुनील नाथ मिश्र, विभा रंजन, ई आनन्द किशोर मिश्र और सुमन कुमार मिश्र ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा पुष्पा जमुआर, चितरंजन भारती, कुमार अनुपम, डा अर्चना त्रिपाठी, जय प्रकाश पुजारी, बाँके बिहारी साव, शंकर शरण आर्य, अर्जुन प्रसाद सिंह,रणजीत कुमार, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, अजित कुमार भारती आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से काव्यांजलि दी। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापनकृष्ण रंजन सिंह ने किया।

# सीएम नीतीश से लोजपा आर प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से पार्टी के जमुई सांसद अरुण भारती प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान और प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, प्रदेश चुनाव अभियान प्रमुख सुरेन्द्र विवेक मौजूद थे। मुलाकात के दौरान बिहार में चार सीटों पर हो रहे बिहार विधानसभा के उपचुनाव और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## नीतीश सरकार के प्रयासों से गरीबों के जीवन स्तर में हुआ सुधार : चंदन

पटना। जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि कई दशकों से विकास की राह ताक रही बेलागंज की जनता-जनार्दन अब बदलाव का मन चुकी है। क्षेत्र का राजनीतिक मिजाज इस बात का स्पष्ट संकेत दे रहा है कि स्थानीय मतदाताओं का एकतरफा झुकाव एनडीए समर्थित जदयू की तरफ है। आगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 19 वर्षों के शासनकाल में विकास की लंबी लकीर खींची लेकिन राजनीतिक कारणों से बेलागंज विधानसभा में अपेक्षाकृत विकास नहीं हो पाया और इस बात का एहसास यहाँ की जनता को भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने अपनी अद्भुत कार्यशैली से जनता के दिलों में स्थायी जगह बनाई है। श्री चंदन कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं ने गरीब-गुरबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया है और उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया। हमारे नेता के सकारात्मक प्रयासों से समाज के हर वर्ग का कल्याण और उत्थान हुआ है। जनता की सेवा एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता रही है, जिसकी झलक सरकार की योजनाओं में दिखाई देती है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने जनसेवा के प्रति अपनी प्राथमिकताओं से कभी कोई समझौता नहीं किया है। बाल विवाह और शराबबंदी जैसे कई समाज सुधार की दिशा में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए गए अभियान की प्रशंसा आज देश और दुनियाभर में होती है।

# रेल पुलिस के द्वारा यात्रियों के बीच नशा खुरानी से बचाव को ले चलाया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन के परिसर प्लेटफॉर्म टिकट काउंटर और ट्रेनो एवं आसपास क्षेत्रों में रेल राजकीय रेल पुलिस के द्वारा थाना अध्यक्ष वीणा देवी के नेतृत्व में पुलिस बलों व एसएसबी जवानो साथ नशा और जहर खुरानों साईबर ठगी से बचाव रेलवे ट्रेक पर या ट्रेनो के आवागमन के समय सेल्फी न लेने एवं मॉब लीचिंग भीड़ द्वारा हत्या कानून अपराध को लेकर यात्रियो समेत आम जनो ले बीच बैनर पोस्टर के साथ मैकिंग कर और जागरूकता पम्पलेट का वितरण कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना अध्यक्ष विणा देवी ने बताया कि विभाग और वरीय पुलिस अधिकारी के दिशा निर्देश पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पर्व त्योहार समेत अन्य दिनो में विभिन्न स्टेशन से ट्रेनो के माध्यम से यात्री आवागमन करते है। यात्रियों और आम लोगो के बीच नशा खुरानी साईबर ठगी से बचाव और मॉब लीचिंग भीड़ द्वारा हत्या कानून अपराध है और रेलवे ट्रेक पर या ट्रेनो के आवागमन के समय सेल्फी नही लेने को लेकर बैनर पोस्टर के माध्यम से और मेकिंग कर लोंगो को जागरूक और सचेत कर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यात्रियो समेत आम जनो को किसी भी अंजान अपरिचित व्यक्ति सहयात्री से खाने पीने की कोई भी वस्तु खाध पदार्थ न ले और न उनके प्रलोभन में आये। हो सकता है कि इसमें नशीला पदार्थ समेत अन्य निशिला केमिकल सामग्रिया जहर मिला हो जिसे खाने पीने सेवन करने से आपके जान माल की हानी हो सकती है। किसी भी प्रकार की घटना की सूचना प्रशासन को देने संदेह में किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट न करे प्रशासन को जानकारी के साथ संदिग्ध को पुलिस सुपुर्द करने मॉब लीचिंग भीड़ द्वारा मारपीट न करने यह कानून अपराध है। ट्रेन में सफर के दौरान या स्टेशन के प्लेटफार्म समेत अन्य जगहों पर अपने समानो की देख भाल करने और चोरी से बचाव लावारिस वस्तु को हाथ न लगावे इसमें विस्फोटक हो सकता है । लावारिस वस्तु देखे जाने पर प्रशासन को सूचित करने समेत अन्य जानकारियां जागरूक कर दी गई। यह जागरूकता अभियान चलाने का उद्देश्य नशा खुरानी समेत घटनाओ में कमी आएगी। नशाखुरानी गिरोहो से सावधान किसी भी अंजान व्यक्ति से ट्रेन या प्लेटफॉर्म पर दोस्ती न करें तथा किसी भी व्यक्ति का दिया हुआ कोई भी सामान न खाऐं न पियें चाहे व प्रसाद ही क्यो न हो अन्यथा आप नशाखुरानी के शिकार हो सकते है ।ट्रेन में यात्रा करते समय अपना मोबाईल, लेपटॉप को चार्ज में लगाकर न सोयें तथा अपने सामान की सुरक्षा आप स्वयं करें महंगे सामान सोना चादी जेवरात लेकर न चलें । स्टेशन व प्लेटफॉर्म पर लवारिस स्थिति में कोई भी सामान को हाथ न लगावे इसकी सूचना तुरंत जी०आर०पी० या आर०पी०एफ० या स्टेशन अधीक्षक को दें । कोई भी समस्या हो तो आप जी०आर०पी० के टॉल फ्री नं० 1512 पर कॉल कर सकते हैं । बिहार में संपूर्ण शराब बंदी है कृपया ट्रेनों में शराब न पीये, न पिलाए, न ले जाए अन्यथा पकड़े जाने पर आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी । यात्रियों आम जनो से अपील कर जागरूक किया गया।




# संक्षिप्त खबरें

## समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने मृतक के परिजनों से मिलकर किया आर्थिक सहयोग



विभूतिपर। प्रखंड के बेलसंडी डीह निवासी सुंदेश्वर राय की मौत बीमारी के कारण हो गई थी,आज उनके घर जाकर समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने दुख जताते हुए परिवार वाले को अपने निजी कोष से आर्थिक सहायता की ।वही दूसरी ओर खास टभका दक्षिण पंचायत के नरवन निवासी लक्ष्मी चौधरी के निधन के उपरांत उनके घर जाकर परिवार वालों को ढांढस बढ़ाते हुए अपने निजी कोष से आर्थिक सहयोग किया। मौका पर शिवम कुमार चौधरी,सोनू चौधरी, अशोक चौधरी ,मुरारी ईश्वर, रंजीत कुमार, बबलू कुमार राय, संजय कुमार यादव, रविंद्र कुमार राय आदि में मौजूद थे।

## लोजपा नेता ने की खतरनाक घाटों के मरम्मती की मांग

विभूतिपुर/समस्तीपुर लोजपा नेता शेखर प्रसाद सिंह ने प्रशासन से विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ी गंडक नदी तट पर खतरनाक घाटों की मरम्मती की मांग किया है। बताया है कि नदियों के किनारे कचरा का अंबार लगा हुआ है। साथ ही कहीं कहीं खतरनाक घाट भी बना हुआ है। उन्होंने छठ पूजा से पहले नरहन,पतैलिया, भूसवर आदि घाटों की सफाई का मांग प्रशासन से किया है।

## संजय कुमार निराला एवं उदय सिंह बने सीपीएम के शाखा सचिव

विभूतिपुर/समस्तीपुर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की पुरुषोत्तमपुर एवं कमराइन शाखा का सम्मेलन श्याम प्रसाद महतो के आवासीय परिसर में आयोजित की गई। अध्यक्षता बिंदेश्वर महतो एवं रामचंद्र झा ने किया।रामदेव राय के द्वारा झंडा तोलन के साथ सम्मेलन शुरू हुई। सम्मेलन को वरिष्ठ नेता रामदेव राय, उमेश प्रसाद, श्याम प्रसाद महतो,लोकल सचिव मिथिलेश सिंह,शंकर शर्मा, दीपक कुमार, रामलाल महतो, रामनरेश महतो, श्याम सुंदर, उदित सिंह, कृष्णदेव महतो, रामचंद्र झा, सुनील कुमार चौधरी, पांडव पासवान आदि ने संबोधित किया। वहीं संजय कुमार निराला एवं उदय सिंह को नए शाखा सचिव चुना गया।

## पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा वृक्षारोपण

हाजीपुर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के मार्गदर्शन में संगठन की सदस्याओं द्वारा पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में वृक्षारोपण किया गया। संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने हरियाली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि हमारे आसपास हरियाली रहे, साथ ही साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना कुमारी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने मंडल कारा व बालगृह का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा( आससे )। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने मंडल कारा,पर्यवेक्षण गृह एवं बालगृह का निरीक्षण किया। मंडलकारा में सचिव ने काराधीन बंदियों से मिलकर उनके रहन सहन, खान पान व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। जुवेनाइल आरोपी के विषय में काराधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बंदी जो अपराध के समय नाबालिग था और वह इस संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करता है तो उसके आवेदन को विधिक सेवा प्राधिकार को भेजा जाए।मंडल कारा स्थित जेल लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण कर लीगल एड डिफेंस काउसिंल के असिस्टेंट एवं जेल पीएलवी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। सचिव श्री देव ने बालगृह एवं पर्यवेक्षण गृह में आवासित बच्चों से बात कर बच्चों के खान पान, शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य आदि का जायजा लिया। उन्होंने चाइल्ड केयर होम्स के प्रबंधकों से बच्चों के सुरक्षा के बाबत जानकारी ली। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि आवासित बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए।मौके मंडल काराधीक्षक स्नेहलता, लीगल एड डिफेंस के असिस्टेंट पिंकू कुमार यादव, सहायक मुन्ना दास आदि मौजूद थे।

# सड़क हादसा में चाचा भतीजा की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा( दरभंगा) ।सिमरी थाना क्षेत्र के बिरदीपुर गांव में दो युवक की सड़क हादसे में मौत के बाद शोक की लहर दौड़ गई। मृतक मो.आरिफ व मो.सारिक का डीएमसीएच से पोस्टमार्टम के बाद एक साथ शव पहुंचते कोहराम मच गया।इस हृदय विदारक घटना से हर कोई मर्माहत था।गमगीन माहौल में चाचा भतीजा का एक साथ जनाजा घर से निकलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।सोमवार को बाद नमाज जोहर नम आखों के बीच मृतक आरिफ व सारिक का जनाजा गांव के कब्रिस्तान में अलग अलग जगहों पर साथ सिपुर्द खाक कर दिया गया। मृतक आरिफ के छोटे भाई मो.आबीद व माता मुसर्रत जहां चाचा अतीक अहमद,मामा भगवतीपुर निवासी आफताब अहमद के आखों से आंसू थम नहीं रहे थे।मृतक आरिफ व सारिक के पिता अपने बेटे के सड़क हादसे में मौत की सूचना पर प्रदेश सोमवार वापस लौट कर जनाजा की नमाज में शामिल होकर दोनों मरहूम के मगफेरत की दुआ की।बताया जाता रविवार की रात गांव से मो.अमीन के पुत्र की शादी में दरभंगा बारात जाने की तैयारी के बीच तीनों युवक एक ही बाइक से सिमरी बाजार से सामान लेकर घर वापस लौट रहे थे कि शास्त्री चौक पर सड़क पार करने के दौरान विपरित दिशा से आरही पिकअप वैन की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों युवक के माथे पर गंभीर जख्म व घटनास्थल पर खून के धब्बे को देखकर यह लग रहता था कि पिकअप वैन तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी है।बाइक चला रहा आरिफ हेल्मेट पहन कर रहता तो माथे में गंभीर जख्म न होने के साथ जान बच सकती थी।मृतक के आवास पर सान्त्वना देने वालों का तांता लगा रहा। मौके पर पूर्व विधायक डा.फराज फातमी,पूर्व उप प्रमुख एजाज अतहर बब्लू, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अब्दुल कलाम, पूर्व मुखिया लतीफुर रहमान, अमजद अब्बास, मो.इरफान,अजय सहनी,मंजर आलम,मुर्तजा सेठ,अब्दुल जब्बार,राम नंदन पासवान, पूर्व पंचायत समिति जियाउद्दीन हैदर ने गहरी संवेदना व्यक्त कर घटना को दुखद बताया है। इन लोगों का कहना है किशदरभंगा-मुजफ्फरपुर पथ पर शास्त्री चौक, सिमरी,चौक, तेलिया पोखर चौक, कंसी चौक लगातार दुर्घटना के कारण डेंजर जोन बना हुआ है।हादसे के बाद आम लोग कुछ दिन सतर्कता के बाद ट्रैफिक नियम का उल्लंघन कर अति व्यस्त सड़क पर वाहनों का परिचालन बे रोक टोक करते हैं।हाइ स्पीड व सीट बेल्ट का उपयोग करना मुनासिब नहीं समझते हैं।परिवहन विभाग भी इस दिशा में कोई कारवाई नहीं करती है।शास्त्री चौक पर फोरलेन पथ के बीच में लगे फुलवारी के मुख्य भाग को हटाने की मांग की गई है क्यों की सड़क पार करने में आम लोगों को कठिनाई होती है।

# प्रतिज्ञा करते हैं कि हम नीतिपरक पद्धतियों को बढ़ावा देंगे : जिलाधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी राजीव रौशन द्वारा सतर्कता अभिचेतना सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत समाहरणालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई।जिलाधिकारी ने कहा कि 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक संपूर्ण जिला में सतर्कता अभिचेतना सप्ताह मनाया जाएगा।उन्होंने सभी अधिकारी और कर्मियों को प्रतिज्ञा दिलाई। हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है।हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं है तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं।हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा ,पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा। हम प्रतिज्ञा करते हैं कि हम नीतिपरक पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे।हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे, हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं।हम कार्यों के संचालन में सम्बद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे। हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति संहिता अपनाएंगे,हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्य के ईमानदार निष्पादन के लिए उनके कार्य से संबंधित नियमों विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व नीरज कुमार दास,अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार,अपर समाहर्ता विभाग की जांच कुमार प्रशांत,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रशांत कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी, वरीय उप समाहर्ता वृषभानु चंद्र,स्थापना उप समाहर्ता अमृता कुमारी आदि पदाधिकारी एवं समाहरणालय के कर्मी गण उपस्थित थे।

# दुकान के कर्मी ने ही रची थी लूट की साजिश, हुआ गिरफ्तार



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के गुदरी बाजार स्थित एक किराना दुकानदार के यहां लूट के प्रयास के दौरान बदमाशों ने बीते दिनों उसके एक कर्मी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने सोमवार को उस मामले का खुलासा करते हुए दुकान के ही एक कर्मी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान नगर थाना क्षेत्र के ही बहादुरपुर के विजय दास के पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि उसके ब्रदर नगर थाना में पूर्व से एक आपराधिक मामला दर्ज है। जेल से वापस आने के बाद उसने ही अपने साथियों के साथ लूट की साजिश रची थी और इस घटना में वह लाइनर का काम कर रहा था। पुलिस के अनुसार घटना के दौरान बदमाश अपने साथ मोबाइल फोन नहीं लाए थे, हालांकि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान पुलिस ने की थी। इस संबंध में अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा उनके नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अनुसंधान के क्रम में संदिग्ध मान कर दुकान के कर्मी सख्ती से की गई पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। उन्होंने सभी व्यवसायियों से दुकान में काम पर रखने से पहले स्टाफ के बारे में पूरी जानकारी ले लेने की अपील की है। वहीं पुलिस की छापेमारी टीम में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, एसआई प्रताप कुमार सिंह, एसआई मो. इकरार फारुकी, पीएसआई प्रवीण कुमार, सिपाही मिथुन कुमार, मंतोष कुमार एवं सुजीत कुमार शामिल थे।

# डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ कि बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष व सचिव के साथ अहर्ता तिथि 01/01/2025 के आधार पर फोटो निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम संबंधित बैठक सोमवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह अध्यक्षता की में आयोजित हुई। इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 29 अक्टूबर 2024 को अहर्ता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत फोटो निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन सहित अन्य कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कि गई। इस बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, ईआरओ 165 विधान सभा क्षेत्र शैलेंद्र कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी अंकित कुमार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अधिक से अधिक लोगों के नाम निर्वाचक सूची में जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि तीनों विधान सभा क्षेत्र के लिए बीएलओ की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जहां आप स्वयं भी उनके माध्यम से संबंधित क्षेत्र के युवा मतदाताओं सहित अन्य लोगों का नाम निर्वाचक सूची में जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि 02 एवं 03 नवंबर तथा 23 एवं 24 नवंबर 2024 को विशेष अभियान चलाकर 18 से 19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं को पंजीकृत किया जाना है। इसमें आप सभी राजनेता भी अपने अपने क्षेत्र सहित संबंधित बीएलओ से सम्पर्क बनाकर मतदाताओं का नाम पंजीकृत कराएं। इस दौरान संबंधित मतदान क्षेत्र के सभी बीएलओ अद्यतन मतदाता सूची के प्रपत्र 6, 7 एवं 8 के साथ शिविर में उपस्थित रहेंगे तथा अपने क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा मतदाताओं, महिलाओं, दिव्यांग जनों को हर हाल में पंजीकृत कराएंगे। इस अभियान में आप सभी राजनीतिक दल के नेतागण का भी सहयोग अपेक्षित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि युवा मतदाताओं के नाम पंजीकरण कराने के लिए विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रधानाध्यापकों को पत्राचार कर 18 वर्ष की उम्र सीमा पार करने अथवा उम्र वाले युवा/युवतियों की सूची प्राप्त करें तथा उसके आधार पर चिन्हित कर नए युवा मतदाताओं का नाम पंजीकृत करें। 28 नवंबर तक अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को सभी बीएलओ को लिंगानुपात सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचक सूची में युवाओं तथा महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए सभी बीएलओ को अभी से ही कार्य प्रारंभ करा दें ।

# झंझारपुर लौकहा रेल खंड चालू नही होने पर प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी झंझारपुर लौकहा रेल खंड पर 7 साल से बंद पड़ी रेल सेवा को लेकर रविवार को स्थानीय लोगो ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। क्षेत्र के लोगो के अथक प्रयास से इस रेल खंड पर 43 किलोमीटर लंबी लाइन तैयार की जा चुका है। इस खंड का उद्घाटन 17 सितंबर को क्षेत्रीय सांसद रामप्रीत मंडल करने वाले थे लेकिन किसी कारण से इसे स्थगित कर दिया गया है। इससे स्थानीय लोगो में आक्रोश है।प्रदर्शन का आयोजन बरैल चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास विशाल जन चौपाल के रूप में किया गया। इसमें लोक शक्ति संघ और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। मौके पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोक शक्ति संघ के बिमल कुमार आनंद और विजय कुमार भारती ने इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए मांग की झंझारपुर लौकहा रेल सेवा को शीघ्र चालू किया जाए। बिमल कुमार आनंद ने कहा कि क्षेत्र का विकास रेलवे से ही संभव है। प्रदर्शन के अंत में लोगो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी और जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

# कवयित्री नैना साहू केतकी साहित्य रत्न से सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।मिथिलांचल की चर्चित कवयित्री नैना साहू को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में स्थित मोहम्मदी शहर में आयोजित राष्ट्रीय काव्य महोत्सव सह सम्मान समारोह में केतकी साहित्य रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद ने श्रीमति साहू को उनके विशिष्ट साहित्यिक योगदानों के लिए प्रदान किया। केतकी साहित्य रत्न से सम्मानित साहित्यकारों में सिंगरौली से विजयलक्ष्मी शुक्ला, बस्ती से शिवा त्रिपाठी, उन्नाव से एकता गुप्ता, वीरगंज, नेपाल से अस्मिता पटेल, अयोध्या से अर्चना द्विवेदी, बरेली से रुचि गुप्ता, अल्मोड़ा, उत्तराखंड से सुमित जोशी, पीलीभीत से अंकित चक्रवर्ती, फतेहपुर से दीपचंद्र गुप्ता एवं गोरखपुर से सौरभ पांडे भी शामिल हैं। राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुप्ता, वंदना गुप्ता तथा अन्य गण्यमान्य अतिथियों ० प्रबुद्ध श्रोताओं की उपस्थिति में आयोजित कवि सम्मेलन में नैना साहू की कविता वन में भेजी न जाए मेरी जानकी को खूब सराहना मिली। श्रीमति साहू की चार वर्षीया पुत्री कृधा नंदनी ने भी अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। संस्थापक अध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने कहा कि काव्य मंचों पर साहित्यिक शुचिता के संरक्षण और संवर्धन के प्रति समर्पित कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद पिछले तीन वर्षों से यह आयोजन कर रहा है जो आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा। विदित हो कि नैना साहू को हाल ही में विद्यापति सम्मान, वूमेन प्राइड अवार्ड, शंभू अगेही शिखर सम्मान, कल्कि गौरव सम्मान, काव्य रत्न सम्मान, साहित्य प्रभा सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक ०शायर डॉ. मनोज कुमार ने नैना साहू की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान ने समूचे मिथिला क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

# महिला कबड्डी प्रतियोगिता में एमआरजेडी कॉलेज बना चैंपियन

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् द्वारा आयोजित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता 2024 का दरभंगा स्थित डॉ नागेंद्र झा स्टेडियम में 26अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024 तक आयोजन हुआ । सोमवार को प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के मारवाड़ी कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो शिव प्रसाद यादव उपस्थित थे। खेल पदाधिकारी प्रो अजय नाथ झा एवं उप खेल-पदाधिकारी अमृत कुमार झा की मौजूदगी में इस प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल आठ महाविद्यालयों ने भाग लिया था। आयोजन समिति की सचिव डॉ प्रियंका राय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में फाइनल मैच कुलपति प्रो चौधरी के समक्ष एमआरजेडी कॉलेज, बेगूसराय और एस बीएसएस कॉलेज, बेगूसराय के महिला कबड्डी टीम के बीच खेला गया। एमआरजेडी कॉलेज, बेगूसराय की टीम ने मुकाबले में 40-37 अंकों के अंतर से एसबीएसएस कॉलेज, बेगूसराय को पराजित करते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता 2024 का चैंपियनशिप अपने नाम किया। वहीं तीसरे स्थान पर स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् की टीम तथा चतुर्थ स्थान पर आरसीएसएसएस कॉलेज, बीहट की रही। कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने इस प्रतियोगिता में विशेष रूचि रखते हुए मैचों को देखा तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाडियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि हमारे विश्वविद्यालय की टीम अपनी शक्ति एवं साहस का शानदार प्रदर्शन पिछले कई वर्षो से करती आ रही है, जिसका ज्वलंत पर्याय चांसलर ट्राफी है। उन्होंने आज के विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ -साथ सभी टोली के प्रबंधक, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी प्रो० अजय नाथ झा ने कहा कि हमारे कुलपति के कुशल मार्गदर्शन और खिलाड़ियों के अथक प्रयास से खेल जगत में हमारे विद्यार्थी नए कीर्तिमान को गढ़ रहे हैं। डॉ प्रियंका राय के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत पारितोषिक समारोह का समापन किया गया ।

# पूर्व मध्य रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुरः पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज मुख्यालय हाजीपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतू दृढ़ इच्छा शक्ति तथा सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के अनुपालन की प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री शैलेश वर्मा सहित पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सतर्कता प्रतिज्ञा लिया । विदित हो कि इस वर्ष पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2024 तक किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है। सतर्कता प्रतिज्ञा के उपरांत महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित सम्मेलन कक्ष में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका नमन किया । महाप्रबंधक ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति के सुपरिणामों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि इससे किसी भी संगठन की कार्यकुशलता, उत्पादकता तथा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। आज के कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में चन्द्रगुप्त इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना के निदेशक श्री राणा सिंह एवं सुश्री अंतरा झा, साईबर सुरक्षा विशेषज्ञ द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। राणा सिंह ने भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलूओं पर विस्तार से चर्चा किया। सुश्री अंतरा झा द्वारा डीजीटल दुनिया में आम लोगों के साथ हो रहे जालसाजी से कैसे बचा जाये इस पर अपने विचार रखा। विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रश्नोतरी सत्र का आयोजन किया गया, जो काफी उपयोगी रहा । कार्यशाला के प्रारंभ में अपने स्वागत संबोधन में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री शैलेश वर्मा ने जीवन शैली में सत्यनिष्ठा पर जोर देते हुए सार्वजनिक जीवन में इसको अपनाने की प्रवृति बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर महाप्रबंधक, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक द्वारा रेलकर्मियों के मध्य सतर्कता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित सतर्कता बुलेटिन सतर्कता संदेश के 26वें अंक तथा कर्मचारी उपयोगी पुस्तिका का विमोचन किया गया। इसके अतिरिक्त नागरिकों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना जंक्शन तथा राजेन्द्रनगर टर्मिनल स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक और साइकिल की टक्कर में छात्र, बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] सोमवार को स्कूल से पढ़ाई कर अपने घर साइकिल से घर जा रहे एक छात्र के साइकिल में छुछनरिया गांव के समीप सामने से आ रही बाइक चालक द्वारा टक्कर मार देने से छात्र साइकिल से कुछ दूरी फेंका जाने से वह घायल हो गया। आसपास के लोगों को घायल छात्र पर पड़ने के बाद हो हल्ला मचाया गया। घटना सुनकर ग्रामीण एक जुट हुए और ग्रामीण, परिजन तथा स्कूल के शिक्षक के द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टर सादिया द्वारा घायल छात्र का इलाज किया गया। लेकिन स्थिति नाजुक रहने पर डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर किया। घायल छात्र की पहचान हरनजा गांव निवासी उदय मंडल का 10 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के रूप में हुई है जो धोबियाकुरा स्थित ब्राइट पब्लिक स्कूल का छात्र है। घायल छात्र के परिजन ने बताया कि आकाश स्कूल में छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर आ रहा था। वही दूसरी ओर बाइक चालक भी इस घटना में घायल हुआ जिसका इलाज अस्पताल में किया गया। घायल बाइक चालक की पहचान सलगा सबेजोर गांव निवासी मनोज यादव के रूप में हुई है।

# नमन विद्या पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण व परम्परा बचाने के लिए, मिट्टी के दीये जलाने का लिया संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंज:- प्रखंड अंतर्गत नमन विद्या पब्लिक स्कूल में सोमवार को ह्मिट्टी के दिये जलाएं प्रदूषण दूर भगाएं कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के निदेशक वेद प्रकाश की नेतृत्व में किया गया।, आगामी दिपों के त्योहार दीपावली को याद्गार बनाने के लिए पूरी शुद्धता के साथ इस त्योहार को भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के परम्परागत रूप में पुरे शुद्धता के साथ अपने-अपने घरों में मिट्टी से निर्मित दिये जला कर अंधकार पर प्रकाश के प्रतीक दीपावली मनाने का संकल्प लिया।,वहीं स्कूल के प्राचार्या अर्चना कुमारी ने कहा की दीपावली का त्योहार मिट्टी के दीये से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। दीया जलाने की परंपरा आदि काल से रही है। भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाया था।, तब से ही कार्तिक महीने में दीपों का यह त्योहार मनाये जाने की परंपरा रही है। पिछले दो दशक के दौरान कृत्रिम लाइटों का क्रेज बढ़ा है। आधुनिकता की आंधी में हम अपनी पौराणिक परंपरा को छोड़कर दीपावली पर बिजली की लाइटिंग के साथ तेज ध्वनि वाले पटाखे जलाने लगे हैं। हमलोग ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलानेवाले पटाखों को अपना कर अपनी सांसों को ही खतरे में डाल दिया। अपनी परंपराओं से दूर होने की वजह से हमलोगों का बहुत नुकसान हो रहा है, जो हम सब महसूस भी कर रहे, इसी लिए वर्तमान में अपनी परंपरा को बरकरार रखने और पर्यावरण बचाने के लिए इस दीपावली में मिट्टी की दीये जलाने के प्रति लोगों खास कर बच्चों व युवाओं को जागरूक करें, इसी से जुड़ते हुए मिट्टी के दीप जलाकर दीपावली मनाने व पटाखे नहीं जलाने का संकल्प लिया। स्कूल निदेशक, वेद प्रकाश...... भारतीय संस्कृति में शुभ व पवित्र माना जाता है मिट्टी का दीप : दिवाली में मिट्टी के दीये जलाना हमारी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने का बहुत ही सुगम साधन है. यह भारतीय संस्कृति में बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है. मिट्टी के दीये प्रेम, समरसता और ज्ञान के प्रतीक हैं.

सामाजिक व आर्थिक आधार पर भी दीयों की खूबसूरती जगजाहिर है. इस बार दीपावली के दिन मिट्टी के दीये जलाने का संकल्प लेकर संस्कृति का बचाव करना है. सभी लोग मिट्टी के दिये ही जलाएं। प्राचार्या अर्चना कुमारी ....दिवाली पर मिट्टी के दीये एक छोटा कदम, बड़ा बदलाव : आधुनिकता के दौर में दीपोत्सव पर मिट्टी की दीये जलाने की परंपरा विलुप्त हो रही है. इससे सामाजिक रूप से व पर्यावरण पर गलत प्रभाव पड़ने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है. पर्यावरण को बचाने के लिए जरूरी है आमजन दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने व पटाखे नहीं चलाने का संकल्प लें. इस दीपावली मिट्टी के दीये जलाएं, तभी पर्यावरण बचाने में हम सफल हो पायेंगे। परंपरा व पर्यावरण के संरक्षण के लिए मिट्टी के दीये जलाना है. इनसे कोई प्रदूषण नहीं होता। उप प्राचार्या =अर्चना मुर्मू पटाके से निकलने वाले रसायन निकलते है और कृत्रिम रोशनी आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक होती है. मिट्टी के दीये की रोशनी आंखों को आराम पहुंचाती है। शिक्षक जितेंद्र कुमार दीपावली मे त्योहार मे मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति के एक अहम अंग हैं. दिवाली पर इसे जलाकर हम अपनी परंपराओं को याद रखते हैं. मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को प्रोत्साहित करने का भी यह अच्छा मौका है। शिक्षक राजेश कुमार आइये, इस दीपावली, हम सभी मिलकर मिट्टी के दीये जलाएं और एक स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण बनाने में अपना योगदान दें. हम सभी मिलकर इस दीपावली मे मिट्टी के दिये जलाने का संकल्प ले। शिक्षिका रितु कुमारी इस दीपावली में रंगोली वीडियो वाली प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाई दीपावली में इस बार मिट्टी के दिए से घर को रोशन करें ताकि सकारात्मक ऊर्जा बने मिट्टी के दिए का धार्मिक महत्व भी है पटाखा तो बिल्कुल ना छोड़ने इससे पर्यावरण को काफी नुकसान होता है। शिक्षिका नेहा साव इस दीपावली में तेज आवाज वाले पटाखों से कई तरह के नुकसान हो सकते हैं पटाखा से प्रदूषण फैलता है हमें पटाखा जलाने से परहेज रखना चाहिए इससे वार्मिंग होती है इस लिए मिट्टी के दिए जलाकर घर को रोशन करें। शिक्षक पवन कुमार, दीपावली खुशियों का त्यौहार है पर हमें दीपावली माननी है तो पर्यावरण का भी ख्याल रखना होगा,आज पूरा विश्व प्रदूषण की चपेट में है पटाखा जलाने से सर्वाधिक प्रदूषण होता है इस बार हम सभी मिलकर मिट्टी के दिये ही जलाएं ताकि पर्यावरण दूषित होने से बच्चे । मौके पर प्रिंसिपल -अर्चना कुमारी,वॉइस प्रिंसिपल-अर्चना मुर्मू, डायरेक्टर-वेद प्रकाश टीचर-जितेंद्र कुमार,पवन कुमार,गोरेलाल मनीष, ऋतु कुमारी,नेहा कुमारी,नेहा साव,राजेश कुमार,अमन कुमार,निशा कुमारी,खुशबू कुमारी,करिश्मा कुमारी,रोहित कुमार, सहित अभिभावक मौजूद थे ।

# चाची भतीजा के ऊपर ईट से वार कर किया गया घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के कावर गांव में एक महिला और उसके भतीजा के साथ रविवार की रात्रि करीबन 9 बजे गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा ईट से मारकर घायल कर दिया। घायल की पहचान इलचवा देवी और उसका भतीजा निवास कुमार के रूप में हुई है जिसे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर ने घायलों का इलाज किया। घायल निवास कुमार ने बताया कि सूरज यादव घर के समीप गाली गलौज कर रहा था और मेरी चाची अपने घर आ रही थी कि तभी सूरज ने ईट से वार कर घायल कर दिया जब मैं बचाने के लिए गया तो मेरे ऊपर भी ईट से वार किया जिसमें मैं भी घायल हो गया।

## आस्ता गांव में दम्पति के साथ हुई मारपीट

जमुई [ झाझा ] रविवार की देर शाम को थानाक्षेत्र के आस्ता गांव में एक युवक ने दम्पति के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया, जहाँ डॉक्टर के द्वारा घायल दम्पति का इलाज किया गया। घायल की पहचान बैजनाथ मरांडी और उसकी पत्नी धानो किस्कू के रूप में हुई है। घायल दम्पति की बहु ने बताया कि मेरी सास अपने घर के पास मोबाइल से बात कर रही थी तभी पड़ोस में रहने वाले अर्जुन मराण्डी मेरी सास के साथ लाठी से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। हल्ला सुनकर जब मेरे ससुर मेरी सास को बचाने के लिए गए तो अर्जुन और अन्य तीन लोग मेरे ससुर के साथ मारपीट करते हुए सिर पर लाठी से वार कर उसे भी घायल कर दिया।

# रतनपुर गुगुलडीह बाईपास मार्ग पर गेनाडीह आइसक्रीम फेक्ट्री के निकट विद्यालय जा रहे शिक्षक के साथ अज्ञात युवकों ने की जमकर मारपीट

## पीड़ित शिक्षक ने गिद्धौर थाना में दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर गुगुलडीह बाईपास मार्ग पर उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय गुगुलडीह में कार्यरत लक्ष्मीपुर अंतर्गत पड़नेवाले मटिया बाजार अंतर्गत पिपरा बांध गांव निवासी मिश्री प्रसाद के पुत्र पेशे से शिक्षक अभिनव अग्रवाल के साथ बाइक पर सवार अज्ञात युवकों द्वारा विद्यालय जाने के क्रम में मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है ।बताया जाता है कि लक्ष्मीपुर के पिपराबांध गांव निवासी अभिनव रोज की तरह गिद्धौर गुगुलडीह बाईपास सड़क मार्ग से अपने विद्यालय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय गुगुलडीह जा रहे थे, कि इसी क्रम में अज्ञात युवकों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित शिक्षक अभिनव अग्रवाल बीपीएसी टीआरई वन के शिक्षक हैं, जो उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय गुगुलडीह में कार्यरत हैं। विद्यालय जाने के क्रम में रतनपुर गुगुलडीह बाईपास मार्ग के गेनाडीह आईसक्रीम फेक्ट्री के पास अज्ञात तीन युवकों द्वारा मेरे साथ डंडे से मारपीट कर मुझे घायल कर दिया। इस दौरान में बाइक से गिर गया तभी सभी ताबड़तोड़ डंडा चलाने लगा,सभी ने अपना चेहरा ढक रखा था, मौके पर बाइक से जा रहे दो व्यक्ति ने उनलोगों से मेरी और बचाव को ले आते देख भाग खड़े हुए ।तब जाकर मेरी जान बची। इधर मामले से पीड़ित शिक्षक अभिनव अग्रवाल द्वारा गिद्धौर थाना में घटना की लिखित शिकायत कर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



# एक युवक की पैर का नस काटकर हत्या करने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आर्य नगर कॉलोनी से 38 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जनार्दन प्रसाद श्रीवास्तव का पुत्र विजय कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई है। मृतक के घुटने के पीछे गहरा जख्म के निशान थे। परिजनों पैस का नस काटकर हत्या करने की बात कही है। वहीं मृतक के पिता द्वारा स्थानीय थाने में दो लोगों को पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की छानबीन में जुटी है।

मृतक के पिता जनार्दन श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक पुत्र फुलवारीशरीफ में एक मोबाइल दुकान में काम करता था।विगत रात मुकेश और निखिल नामक दो लोग उनके पुत्र को जख्मी एवं बेहोशी की हालत में घर के दरवाजे पर रखकर भाग गये। वे लोगों ने देखा कि उसके पैर का नस कटा हुआ था। वे लोग आनन-फानन में पटना एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि विजय कुमार श्रीवास्तव नामक व्यक्ती का शव बरामद किया गया है। परिजनों ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम छानबीन की है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल छानबीन कर रही है।

# प्रतियोगिता आयोजित - नवंबर के तीसरे सप्ताह से शुरू होगी प्रतियोगिताएं,चार चरणों में होगा आयोजन

## खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालयों से चुने जाएंगे बेहतर खिलाड़ी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। स्कूली बच्चों में खेल प्रतिभा की पहचान के लिए मशाल खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। खेल विभाग व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण शिक्षा विभाग के साथ मिलकर सभी सरकारी स्कूलों में खेल प्रतिभाओं को तराशने का काम करेंगे। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को सरकारी खर्च पर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इसके लिए राज्य के प्रत्येक मध्य व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के बीच मशाल खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग अंडर 14 व अंडर 16 के बालक बालिका खिलाड़ी ही अपनी खेल कला- कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। 18 से 24 नवंबर तक खिलाड़ी खेल विभाग के पोर्टल पर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड,फोटो,बीते वर्ष के अंक प्रमाण पत्र,विद्यालय परिचय पत्र, जन्म प्रमाण पत्र आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन चार चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। विद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागी प्रखंड स्तर पर आयोजित अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वही अंतर विद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागी जिलास्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। जबकि जिलास्तर पर चयनित प्रतिभागी राजस्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसमें विद्यालय में प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाएगा। जबकि जिला व राज्य स्तर पर मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग करेगा। प्रतियोगिता में शामिल होगी पांच खेल विधाएं मशाल खेल प्रतियोगिता में कुल पांच खेल विधाएं शामिल की गई हैं। जिसमें फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल व साइक्लिंग शमिल है। इसमें एथलेटिक्स खेल विधा के तहत लंबी कूद, उंची कूद, 60 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ के इवेंट्स शामिल होंगे।

# सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के तहत ली गई सतर्कता जागरुकता का शपथ




प्रात : किरण संवाददाता

पटना ।राष्ट्रीय सतर्कता जागरुकता सप्ताह अंतर्गत प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो-केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार (28.10.2024) को पटना में पीआईबी निदेशक आशीष लकड़ा और सीबीसी के कार्यालय प्रमुख संजय कुमार के नेतृत्व में सतर्कता जारूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के जरिए अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता प्रति सजग कराया गया साथ ही साथ हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरुक रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए पीआईबी के निदेशक आशीष लकड़ा ने कहा कि यह जागरुकता से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। हमलोग इस देश के जिम्मेदार सरकारी सेवक होने के साथ एक नागरिक भी है, इसलिए हम सबका का कर्तव्य बनता है कि किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार में संलिप्त न हो - न तो घूस लेने में और न ही देने में। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सीबीसी के प्रमुख सह उप निदेशक संजय कुमार ने बताया कि सतर्कता कोई बुरी चीज नहीं हैं बल्कि ये तो हमलोगों के हित में हैं जिसके जरिए आने वाली समस्या से बचा जा सकता हैं। सतर्कता जागरुकता अभियान का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम सभी जाने अनजाने में भी भ्रष्टाचार में संलिप्त न हो। सरकारी संसाधनों का उपयोग हमेशा देश हित में हो न व्यक्तिगत हित में। कार्यशाला के अंत में सीबीसी पटना के प्रमुख द्वारा सभी अधिकारी और कर्मचारी को भ्रष्टाचार के खिलाफ सतर्क रहने के लिए जागरुकता शपथ भी दिलाई गई। मौके पर बिहार में सीबीसी के भागलपुर, सीतामढ़ी, सारण, गया, मुंगेर और दरभंगा के क्षेत्रीय इकाई के अधिकारी और कर्मी ऑनलाइन शामिल हुए।

# कार्तिक मास मे होने वाला पर्व धनतेरस के साथ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो जमुई : कार्तिक मास में होने वाला पर्व धनतेरस के साथ आगामी 29 अकतूबर को शुभारंभ हो रहा है । धनतेरस का त्यौहार कई कारणों से मनाया जाता है । मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे , जिस कारण इस दिन को धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। धनतेरस के दिन बर्तन आदि खरीदना शुभ माना जाता है । इस दिन सोना ओर चांदी खरीदने की भी परंपरा है । मान्यता है कि इस दिन सोना और चांदी खरीदने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हें ओर घर मे समृद्धि बनी रहती है । धनतेरस के दिन घर के द्वार पर तैरह दिपक जलाये जाते हैं । धनतेरस शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है , धन ओर तैरस , धन का मतलब धन ओर समृद्धि एवं तेरस का मतलब हे हिन्दू कलेण्डर का तेरहवां दिन । धन तेरस से ही दिपावली का त्यौहार शुरू होता है । धनतेरस के दो दिन बाद आगामी 31 अकतूबर को मनाया जाने वाला दिपावली की रात भगवान श्री गणेश ओर देवी लक्ष्मी को भोग लगाया जाता है , एवं विद्वान पंडितों के द्वारा विधि पुर्वक पुजा अर्चना की जाती है । कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय भगवान धनवंतरि ओर माँ लक्ष्मी का जन्म हुआ था जिस कारण भगवान धनवंतरि ओर माता लक्ष्मी की पुजा की जाती है । दीपावली के दो दिन पुर्व धनतेरस मनाया जाता है , 29 अकतूबर को धनतेरस तथा 31 अकतूबर को दिपावली मनाया जायेगा । इसी प्रकार 01 नवंबर को महावीर परिनिर्वाण , 02 नवंबर को अन्नकूट , गोवर्धन पूजा , 03 नवंबर रविवार को भईया दुज , 05 नवंबर मंगलवार को गणेश चतुर्थी एवं नहाय खाय के साथ नेम निष्ठा का तीन दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ , 06 नवंबर बुधवार को पंचमी खरना , 07 नवंबर गुरुवार को षष्ठी पहला अर्घ्य सुर्यास्त संध्या 05 बजकर 28 मीनट पर , 08 नवंबर शुक्रवार को सप्तमी सूर्योदय 06 बजकर 32 मीनट पर दुसरा अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन । दस नवंबर रविवार को अक्षय नवमी , 12 नवंबर मंगलवार को देव उठान एकादशी एवं तुलसी विवाह , 14 नवंबर गुरुवार को बैकुंठ चतुर्दशी एवं 15 नवंबर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा आनि कार्तिक माह समाप्त।

# एक दिवसीय जॉब कैंप जिला नियोजन पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (ब्यूरो )। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश पर मुंगेर जिला नियोजनालय ने 24, 25 और 26 अक्टूबर 2024 को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन मुंगेर जिले के सदर प्रखंड , धरहरा एवं असरगंज प्रखंड में किया गया। यह नियोजन कैंप जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कइस कैंप में निजी सुरक्षा कंपनी गार्जियन सिक्योरिटी फैसेलिटीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि बिनीत कुमार के उपस्थित में अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी ककंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 20 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 11 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया जॉब कैंप में कुल 16 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए कइस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है इसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है साथ ही राणा अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है कजेएस ए अजय वर्मा एवं य वापी एस उज्जवल सिंह द्वारा एन सीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# 98.62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मुंगेर का नाम रोशन किया युवा अधिवक्ता विशाल मजूमदार ने



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ब्यूरो ।मुंगेर जिला अन्तर्गत पूरब सराय निवासी प्रदेश जदयू के वरिष्ठ नेता और मुंगेर विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता मनोरंजन मजुमदार के छोटे पुत्र युवा अधिवक्ता विशाल मजुमदार ने यूजीसी द्वारा आयोजित नेट की इस वर्ष 2024 के विधि विषय की परीक्षा में 98.62 परसेंट अंक प्राप्त कर मुंगेर जिला का गौरव और मान बढ़ाया है अपने परिवार का भी नाम रौशन किया है ।विशाल मजुमदार ने राष्ट्रीय स्तर परीक्षा उत्तीर्ण कर नेशन अलीगढ़ विश्वविद्यालय,इलाहाबाद से एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण किया था। राष्ट्रीय स्तर पर क्लैट की परीक्षा में 18वां रैंक प्राप्त कर भारत का एक नम्बर रैंक वाले नेशनल ला यूनिवर्सिटी बेंगलुरु से एलएलएम की डिग्री सर्वोच्च न्यायालय के सम्माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री डी0 वाई0 चन्द्रचुड़ साहब के कर-कमलों द्वारा भी प्राप्त किया है।

विशाल मजुमदार ने अनेकों राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के सेमिनार में भाग लेकर अव्वल स्थान भी पाया है ।अब नेट परीक्षा विधि विषय से उत्तीर्ण होने पर सहायक प्रोफेसर बनने और पीएचडी में नामांकन के लिये यूजीसी ने योग्य करार दिया ।विशाल के पिता मनोरंजन मजुमदार ने अपने पुत्र के लगातार मिल रहे शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे अपने पुत्र पर काफी गर्व है ।मुंगेर जिला के पूर्व जदयू अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव संतोष सहनी ,राजद के वरीय नेता मंटू शर्मा ,सहित अनेकों राजनैतिक एवं सामाजिक संस्थानों के लोगों ने विशाल मजुमदार को हार्दिक बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया है।

# मच्छरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने के लिए की गई फागिंग

प्रात : किरण संवाददाता




संग्रामपुर (मुंगेर)। नगर पंचायत संग्रामपुर के विभिन्न वार्डों में इन दिनों मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से मिजाज दिलाने हेतु प्रतिदिन फागिंग करवाई जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज के नेतृत्व में कराई जा रही फागिंग से जहां आम जनों में खुशी देखी जा रही है वहीं मच्छर जनित बीमारी से लोगों का बचाव हो रहा है। प्रतिदिन संध्या के समय नगर पंचायत के अलग अलग वार्डों में डबल साइलेंसर वाली फागिंग मशीन से मच्छर रोधी दवा का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। बताते चले कि वर्तमान में डेंगू के मरीजों की लगातार आंकड़ा बढ़ रहा है ।जो एक घातक बीमारी है ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है इसको ध्यान में रखते हुए मच्छरों से निजात पाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने यह कदम उठाया हैं। कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज ने कहा कि बदलते मौसम में मच्छर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नगर पंचायत में फॉगिंग का कार्य शुरू किया गया है और समय-समय पर फॉगिंग का कार्य जारी रहेगा ताकि मच्छरों का प्रकोप को कम किया जा सके जिससे आम जनों को डेंगू सहित मच्छर जनित अन्य रोगों से बचाव किया जा सके। वहीं मुख्य पार्षद नीलम देवी ने कहा कि क्रमवार तरीके से नगर पंचायत के सभी वार्डों में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव फागिंग मशीन के माध्यम से कराया जा रहा हैं। दवा का छिड़काव शुरू होने से मच्छरों के आतंक से परेशान नगर वासियों को मच्छरों से निजात मिलेगी वहीं इस मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक जयप्रकाश उपमुख पार्षद मनोज शाह सुपरवाइजर गणेश कुमार गौतम कुमार समाजसेवी नंदकिशोर यादव वार्ड पार्षद राजेश केसरी मुकेश कुमार कुमारी दीपिका वंदना कुमारी सरोजनी देवी राधा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

# जहांगीरा पंचायत के कठौरा गांव में एक गंभीर विवाद को पंचायत के द्वारा किया गया दूध का दूध पानी का पानी न्याय - निष्पादित



प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया । प्रखंड अंतर्गत जहांगीर पंचायत कठौरा गांव में एक गंभीर विवाद को पंचायत के द्वारा दूध का दूध पानी का पानी न्याय निष्पादित किया गया। पंचायत में उपस्थित बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव, सरपंच मोहम्मद ताहिर, पंच प्रिंस कुमार उपस्थित सदानंदपुर कठौरा के गणमान्य ग्रामीण गोपालकृष्ण वर्मा, योगनाथ झा,अशोक सिंह, ओम प्रकाश महतो, प्रमोद सिंह, बाबू साहेब, शिवजी मिश्र, सदन साह शिवू साह पंचों ने दो चार परिवार के आपसी विवाद, लड़ाई झगड़ा, मारपीट, गाली गलौज के मद्देनजर पक्षरान के बयानात, स्थलीय जांचोपरांत, गवाहोपरांत, गणमान्य पंचों के सुलाहोपरांत, आपसी सहमति के आधार पर फैसला सुनाया गया तथा दूध का दूध पानी का पानी न्याय किया गया तथा बंध पत्र, पंचनामा, समझौता पत्र निर्गत किया गया। घायल पक्षरान को इलाज हेतु मुआवजा, एक दूसरे का ली गई चकती सिकरी बरामद कर यथोचित पक्षरान को सुपुर्द किया गया।

पंच सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष किरण देव यादव, सरपंच मोहम्मद ताहिर, पंच प्रिंस कुमार ने पक्षरान से आपसी प्रेम भाईचारा शांति सद्भाव बनाए रखने का अपील किया। पंचायत में मुरली रविदास, दीपक रविदास, मनोहर रविदास, सुभाष दास सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थित थे। सबों ने एक स्वर में पंचायत में ली गई निर्णय का सराहना किया।

# खाद्य तेल के विरोधाभास

दीपावली के त्योहारी मौसम में खाद्य तेलों की कीमतों में खूब उबाल आया है। यह चुनाव का मौसम भी है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों की गहमागहमी है। इसी दौरान महंगाई का मुद्दा एक बार फिर गरमा उठा है। ह्यमहंगाई डायन खाए जात होह्ण वाला गीत पहले भी प्रासंगिक था और अब मौजूदा सरकार के दौरान भी मौजू है। एक महीने के दौरान ही ताड़, सूरजमुखी, सोयाबीन, सरसों और मूंगफली के तेल काफी महंगे हो गए हैं। ताड़ के तेल की कीमतों में 37 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। ये सभी रोजाना के इस्तेमाल में आने वाले खाद्य तेल हैं। वे औसतन 58 फीसदी महंगे हुए हैं। बीते माह सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 5.5 फीसदी थी, जो 9 महीनों में सर्वाधिक थी। खाद्य तेलों की महंगाई भी मुद्रास्फीति से जुड़ी है अथवा यह मुनाफाखोरी, जमाखोरी या कालाबाजारी की म हंगाई है! अजीब विरोधाभास है कि भारत दलहन और तिलहन का बड़ा उत्पादक देश है। सरसों, सोयाबीन, ताड़ आदि की फसलें पर्याप्त हुई हैं। उसके बावजूद भारत को 65 फीसदी खाद्य तेल विदेशों से आयात करना पड़ता है। यह मोदी सरकार का ही विरोधाभास नहीं है। मौजूदा सरकार से पहले भी हमें 58 फीसदी खाद्य तेल आयात करना पड़ता था। यह विरोधाभास इसलिए है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी अधिक तिलहन, दलहन की पैदावार का आह्वान करते रहे हैं, किसानों ने अधिक पैदावार की भी है, लेकिन सरकार 10-20 फीसदी फसल की ही खरीद करती है। ऐसा क्यों है? सवाल यह भी है कि भारत ने खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश क्यों नहीं की? भारत कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बना भी है और कइयों में ऐसे प्रयास जारी हैं, लेकिन किसानों की फसल खरीद में अलग-अलग मापदंड हैं। खाद्य तेल घरेलू भोजन का आधार हैं, तो होटल, रेस्तरां, ढाबों और मिठाई की दुकानों की भी बुनियादी जरूरत हैं। उनके यहां खाद्य तेल की खपत खूब होती है, क्योंकि तेल से ही विभिन्न व्यंजन बनाए जाते हैं। अब बीते एक माह के दौरान ही सरसों का तेल 29 फीसदी, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल 23 फीसदी प्रति महंगे हुए हैं। गनीमत है कि मूंगफली के तेल की कीमतें मात्र 4 फीसदी ही बढ़ी हैं। जाहिर है कि घरेलू और व्यवसायों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। तेल से बनने वाले व्यंजन या सामान्य भोजन अथवा स्नैक्स आदि सभी महंगे होंगे। क्या आम आदमी इस महंगाई को झेल सकता है? भारत ऐसा देश है, जिसमें आर्थिक आकलन किया गया था कि जिनकी औसतन आय 25, 000 रुपए माहवार है, वे देश की सम्पन्न जमात में आते हैं। ऐसी मात्र 10 फीसदी आबादी है। इसके मायने हैं कि देश की अधिकतर आबादी गरीब है, क्योंकि उसकी आमदनी 25, 000 रुपए से कम है। क्या ऐसा देश 181 रुपए प्रति लीटर का खाद्य तेल खरीद सकता है और घर की रसोई को ह्यचिकनाह्ण रख सकता है? यह मुद्दा कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने लपक लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का आकलन है कि आम आदमी की थाली औसतन 52 फीसदी महंगी हुई है। खडगे के मुताबिक, टमाटर की कीमत 247 फीसदी, आलू के दाम 180 फीसदी, लहसुन के 128 फीसदी बढ़े हैं। अन्य सब्जियां भी 89 फीसदी महंगी हुई हैं। नमक, खाद्य तेल, आटे के दाम भी बढ़े हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के अर्थशास्त्र के मुताबिक, एक परिवार के लिए दिन में दो थाली भोजन तैयार करने की मासिक लागत 2023 में 3053 रुपए थी। अब 2024 में यह बढकर 4631 रुपए हो गई है। जाहिर है कि इससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ेगा। बीते साल अक्तूबर से लेकर अब तक संतुलित भोजन की कीमतें 52 फीसदी बढ़ी हैं, जबकि औसत वेतन में 9-10 फीसदी ही वृद्धि होती है। श्रम श्रेणी के लिए यह भी निश्चित नहीं है। इसी दौरान मोदी सरकार ने कच्चा ताड़ तेल, सोयाबीन और सूरजमुखी के कच्चे तेल पर आयात शुल्क 5.5 फीसदी से 27.5 फीसदी बढ़ा दिया है।

# सनातन शंखनाद समन्वय समिति ने उठाया ब्राह्मणों का मुद्दा



इसी परिपेक्ष में आप देख भी रहे होंगे दिल्ली जैसे राज्य में जहां केंद्र सरकार, राज्य सरकार और नगर निगम की सरकार काम कर रही है लेकिन ये तीनों मात्र खो खो का खेल खेल कर जनता को जाति पाती और धर्म में उलझा कर रख दी है जिसको किसी को बताने की आवश्यकता नहीं। ऐसे में ही आज दिल्ली के मोती नगर विधान सभा अंतर्गत जखीरा पुल के नीचे प्राचीन शिव मंदिर में ब्राह्मणों की एक बड़ी बैठक की गई जिसमें अगल बगल विधान सभाओं के बहुत विद्वान व प्रकांड विद्वान शामिल हुए जिसमें कई ब्राह्मण प्रकांड कथावाचक, मंदिरों के पुजारी व अच्छे कर्मकांडी भी मौजूद रहे। स्वस्तिवाचन से सभा की शुरूआत करने के बाद दिल्ली की दोनों सरकारों को घेरते हुए ब्राह्मणों द्वारा सरकार पर सीधा आरोप लगाया गया कि दिन रात जो ब्राह्मण सनातन धर्म को संजोए रखने के लिए दर दर भटकते रहते है लोगों के भले के लिए विश्व के कल्याण के लिए हवन पूजन करते रहते है और जिस सनातन की बात करके आज दिल्ली की दोनों सरकारें सत्ता में बनी हुई है भले कोई हनुमान जी के सहारे हो या कोई प्रभु राम जी के सहारे सत्ता में बैठे हो ये लोग ही ब्राह्मणों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है। एक तरह जहां ये राजनेता हिंदू मुस्लिम में दिवाल खड़ी करके हिंदू मुस्लिमों को एक दूसरे का दुश्मन बना दिए है वही ये राजनेता सरकार में बैठने के बाद मुस्लिम धर्म के मौलानाओं और मौलवियों को एक मुश्त सैलरी दे रहे है और हिन्दू धर्म के कर्मकांडी ब्राह्मणों और पुजारियों की तरफ कोई देखने वाला भी नहीं। बल्कि वहीं इन राजनीतिक दलों में घटिया मानसिकता नेता जितना ब्राह्मणों को उल्टा सीधा बोल दें गाली दे दे बेइज्जत कर दें वे उनकी दल का उतना ही बड़ा नेता मान लिया जाता है, यह समाज ही नहीं देश के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सब बातें सभा में ब्राह्मणों द्वारा बताई गई। इस सभा की संचालन कर रहे विजय तिवारी ने ब्राह्मणों को एक सूत्र में बांधे रहने की महती भूमिका निभाई। इस सभा की अध्यक्षता कर रहे एस के चौबे ने बताया कि इस समय ब्राह्मण अपने आपको अनाथ समझ रहे है क्योंकि अब देश की राजनीतिक दल सनातन धर्म का मात्र दिखावा कर रही है और वास्तव में सनातन को खत्म करना चाहती है। सरकारें भी और विदेशी शक्तियां जो सनातन के विरुद्ध काम कर रही है वे जानती है कि जब तक ब्राह्मणों के अपने पांडित्य और कर्मकांड से समाज के बीच में भागवत भक्ति का गुणगान करते रहेंगे तब तक भारत से सनातन को खत्म नहीं किया जा सकता ऐसे में ब्राह्मणों को अपमानित करके, वित्तविहीन करके कमजोर कर दो जिसके बाद वे पेट पालने के लिए जब दूसरे कामों के लग जाएंगे तब जाकर चाहे ईसाई धर्म हो या मुस्लिम धर्म भली भांति फल फूल सकेगा जिसका जीता जागता उदाहरण आज देखने को मिल रही है कि देश के विभिन्न राज्यों में अन्य धर्म के पुजारियों / या कर्मकांडियों को सरकारें दोनों हाथों से खुले तनख्वाह के नाम पर पैसे उड़ा रही है और हिंदू धर्म के पोषक ब्राह्मणों / कर्मकांडियों को झुनझुना पकड़ा कर रखी हुई है। यह सौतेला व्यवहार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब यह संघर्ष सनातन शंखनाद समन्वय समिति जो दिल्ली के तमाम ब्राह्मण संगठन, सनातनी संगठन और हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले संगठनों को एक डोरी में बांधकर सरकार से दो दो हाथ करने को तैयार है साथ ही साथ अब न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया जाएगा और माननीय न्यायालय से समाज को बांटने वाले ऐसे किसी भी योजना को या तो बंद कर दे या सभी धर्म के लोगों को तनख्वाह के रूप में एक समान वेतन देने का आदेश पारित हो ऐसा जनहित याचिका के माध्यम से गुहार भी लगाएगा। इस सभा का मार्गदर्शक रहे पंडित श्रीनाथ पाण्डेय ने सभी ब्राह्मणों को एकजुट रहकर इस आंदोलन को जनांदोलन में परिवर्तित करने का गर्मजोशी से आगाज किए और एक ब्राह्मण को 10 - 10 ब्राह्मण जोड़ने का निवेदन किए। शास्त्री मुक्ति प्रसाद पाठक, उमा शंकर त्रिपाठी, शास्त्री काली प्रसाद तिवारी, पंडित अवधेश पांडेय, पंडित मुरारी लाल शर्मा, पंडित पवन भारद्वाज, पंडित मिलित कृष्ण दूबे, पंडित सर्वेश मिश्रा, पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री सहित कई विभूतियों ने अपने विचारों से सभा में बैठे ब्राह्मणजनों में नई ऊर्जा का सृजन किए।

# अमेरिका चुनाव : डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच दिलचस्प मुकाबला

**दुनिया में क्या हो रहा है उसको देखकर अमेरिका सदैव चौकस रहता है लेकिन अपनी राष्ट्रभक्ति के लिए अमेरिकन समाज अग्रणी रहता है। वह चाहते हैं कि हमारा राष्ट्रपति ईमानदार, देशभक्त, सर्वगुण संपन्न हो वह किसी तरह के घोटाले में शामिल न हो। जनमत सर्वेक्षणों में अभी भी ट्रंप का पलड़ा भारी लगता है। यदि ट्रंप जीत जाते हैं तो रिपब्लिकलन पार्टी की बहुत बड़ी जीत होगी और अमेरिका की विदेश नीति में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते मधुर होने की पूर्ण सम्भावनाएं बढ़ जाएंगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रंप की तुलना में कमला हैरिस को चुनावी फंडज ज्यादा प्राप्त हो रहे हैं।**





सुभाष आनंद
लेखक

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की गतिविधियां चरम पर हैं। इस बार यहां पांच नवम्बर को चुनाव होना है। मुख्य मुकाबला अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच होना है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया लगभग एक वर्ष पूर्व से ही प्रारंभ हो जाती है। अमेरिकन संविधान बहुत सख्त है इस बार अमेरिका में दो मुख्य राजनीतिक पार्टियां मैदान में है। सत्तारूढ़ डैमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस अपना समर्थन बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश कर रही हैं। वह राष्ट्रपति जो बाइडन को साथ लेकर अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप पर बढ़त बनाने के लिए जी जान से प्रयत्न कर रही हैं लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप भी इस रोचक मुकाबले में आगे दिखाई देते हैं। फैडरल पार्टी इस स्थिति में नहीं है कि वह किसी भी उम्मीदवार की हार जीत को प्रभावित कर सकें। इन चुनावों में कौन जीतेगा इससे पहले हमें यह जानना होगा कि विश्व के शक्तिशाली देश अमेरिका में राष्ट्रपति के चुने जाने की प्रक्रिया क्या है? विश्व में अमेरिकी लोग सिद्धांतों के बहुत ही पक्के होते हैं यह चुनाव की प्रक्रिया 1789 से चल रही है। लेकिन अभी तक कोई हेर-फेर नहीं हुआ पूरे संविधान में 31 संशोधन हुए है किसी पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। अमेरिका में राष्ट्रपति प्रणाली है और यह प्रणाली तब से चली आ रही है जब से अमेरिका में संविधान लागू हुआ है। राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है लेकिन वह कभी तानाशाह नहीं बन सकता। अमेरिका में लोकतंत्र प्रणाली बड़े अच्छे ढंग से चल रही है इसी कारण राष्ट्रपति चुनाव में कुछ कम बदलाव देखने को मिले हैं। चुनाव की तिथि 5 नवम्बर पहले से निर्धारित है इन तारीखों का कभी उल्लंघन नहीं हुआ, बाकी फेर बदल बहुत दूर की बात है। यहां राष्ट्रपति चुनने की प्रक्रिया एक वर्ष पहले शुरू हो जाती है क्योंकि कई स्तरों पर उम्मीदवार का चयन होता है सर्वप्रथम विभिन्न राजनीतिक दल राज्यों में अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं जिन्हें प्राइमरी कहा जाता है हर राज्य के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार तय होते हैं फिर प्रत्येक पार्टी अपना अधिवेशन बुलाती है इसी अधिवेशन में पार्टी अपने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए बॉक्स प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। बॉक्स का अभिप्राय छोटी से छोटी इकाई की मीटिंगें। निचले स्तर पर छोटी-छोटी इकाईयों की मीटिंग होती है जो राष्ट्रपति के नामों पर विचार करती है लेकिन अंतिम निर्णय राष्ट्रपति अधिवेशन में ही होता है। इस बार राष्ट्रपति अधिवेशन में डैमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस और रिपब्लिकन ने ट्रंप पर दांव खेला है। अमेरिका में 5 नवम्बर को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के जो चुनाव होने हैं वह बाकी देशों से भिन्न हैं। देशभर में 538 निर्वाचक चुने जाते हैं। इसका महत्व राष्ट्रपति चुने जाने तक होता है। इलेक्टोरल कॉलेज का अपने आप में कोई अस्तिव नहीं होता न ही प्रशासन में उनकी कोई खास हिस्सेदारी होती है। आधुनिक चुनाव यद्यपि राष्ट्रपति के नाम पर ही लड़ा जाता है लेकिन चुने जाते हैं निर्वाचक। ये निर्वाचक अपने-अपने दल के राष्ट्रपति के उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के रूप में वचनबद्ध होते हैं। कुछ राज्यों में कानूनी कार्रवाई है लेकिन कुछ राज्यों में परम्परा से ही ये निर्वाचक अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए वचन बद्ध होते हैं। ये राज्य स्तर पर चुने जाते हैं और चुने जाने के पश्चात दिसम्बर के दूसरे बुधवार के पश्चात पहले सोमवार को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट डालते हैं और सभी राज्यों से इन मतों को इकट्ठा करके कांग्रेस के दोनों सदनों के सामने खोला जाता है इसके लिए जनवरी की छह तिथि निर्धारित है कुल निर्वाचकों की संख्या 538 है विजय के लिए 270 वोट हासिल करना जरूरी हैं। यदि दोनों उम्मीदवारों को बराबर वोट पड़े तो तब कांग्रेस का निचला सदन अर्थात हाऊस ऑफ रिप्रजेंन्टेटिव फैसला करता है। अध्यक्ष का यह अधिकार होता है कि वह पहले 3 में से एक पर सहमति जताए चूंकि कुछ निर्वाचक कांग्रेस या सरकार के सदस्य भी हो सकते हैं निर्वाचक केवल राजनीतिक कार्यकर्ता होते हैं इसलिए इस काम के बाद उनका राजनीतिक महत्व समाप्त हो जाता है। इतिहास साक्षी है कि अमेरिका में निर्वाचक लोगों ने पार्टी के साथ कभी दगा नहीं किया अर्थात राष्ट्र सर्वोपरि है 20 जनवरी को राष्ट्रपति अपने पद पर आसीन होता है राष्ट्रपति का कार्यकाल 4 वर्ष का होता है। राष्ट्रपति के गद्दी पर बैठने से पहले ही यदि किसी कारणवश कोई दुर्घटना हो जाती है या देहांत हो जाता है या राष्ट्रपति किसी तरह अयोग्य ठहराया जाता है तो उपराष्ट्रपति स्वतः ही राष्ट्रपति बन जाता है यदि दोनों के साथ दुर्घटना हो जाती है तो फिर कांग्रेस का अध्यक्ष यह कार्यभार संभालता है लेकिन बीच में चुनाव करवाने का कोई प्रावधान नहीं है। अमेरिका के बड़े संविधान और नियमों को लेकर राष्ट्रपति का चुनाव निष्पक्ष वातावरण में होता है। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव को सफल बनाने में मीडिया की बहुत अहम भूमिका मानी जाती है। राष्ट्र अधिवेशन के पश्चात जब यह साफ हो जाता है कि कौन-कौन उम्मीदवार मैदान में है तो देशभर में वाद-विवाद शुरू हो जाते हैं। किसी नेता के पक्ष या विपक्ष में जनमत बनाने में इन चचाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहां इस समय वाद-विवाद का सिलसिला शुरू हो चुका है। आरंभ में दोनों पार्टियों की आंखों में चमक देखने को मिल रही है। कमला हैरिस को कम लोग जानते हैं जबकि उसके विपरीत ट्रंप जाने माने राजनीतिक है और वह पहले भी अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं पिछले चुनावों में वह जो बाइडन के हाथों बुरी तरह पराजित हुए थे। मीडिया का चुनावों में बड़ा हाथ होता है। अमेरिका में जनमत संग्रह की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चुनावों से पहले वहां की सर्वेक्षण कम्पनियां और वहां के अखबार मिलकर सर्वे करवाते है। चुनाव वर्ष आरंभ होते ही यह बड़ी-बड़ी कम्पनियां उम्मीदवारों की लोकप्रियता को लेकर सर्वे करना आरंभ कर देती हैं इसी कारण काफी बड़ा जनमत इन सर्वेक्षणों से प्रभावित होता रहता है।

# मध्यप्रदेश में पेंशनरों के साथ अन्याय मुख्यमंत्री से न्याय की उम्मीदें

**भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों और केंद्रीय वेतनमान पाने वाले राज्यों के अधिकारियों और पेंशनरों की क्षतिपूर्ति स्वरूप वर्ष में दो बार महंगाई भत्ता/महंगाई राहत की घोषणा की जाती है। केंद्र सरकार की मंशा यह रही कि तत्काल प्रभाव से अधिकारियों और कर्मचारियों को इसका आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके किंतु मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को कभी भी महंगाई राहत समय पर प्राप्त नहीं हुई है। प्रदेश के शासन और प्रशासन की मेहरबानी पर पेंशनर निर्भर है। उनकी जब मर्जी होती है, तब से वे महंगाई राहत की घोषणा करते हैं।**






डॉ. चन्दर सोनाने
लेखक

केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत डीए और डीआर देने के आदेश दे दिए गए हैं। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों और पेंशनरों को वर्तमान में महंगाई भत्ता और मंहगाई राहत बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है। किन्तु मध्यप्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को अभी केवल 46 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और महंगाई राहत ही प्राप्त हो रही है। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों की तुलना में मध्यप्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को 7 प्रतिशत कम महंगाई भत्ता और महंगाई राहत प्राप्त हो रही है। यही नहीं मध्यप्रदेश की सरकार अपने पेंशनरों से भी भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही है। इसकी लंबी सूची है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत नए राज्यों के रूप में मध्यप्रदेश से 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश से 9 नवंबर 2000 को उत्तरांचल और बिहार से 5 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य अस्तित्व में आया। इन राज्यों में एक दूसरे राज्य की सहमति के बिना महंगाई राहत का भुगतान हो रहा है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की छठवीं अनुसूची की धारा 49 में पेंशनर्स के संबंध में जिम्मेदारी के विभाजन की बात का उल्लेख है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इसकी गलत व्याख्या कर मध्यप्रदेश के पेंशनरों के साथ अन्याय किया जा रहा है। पेंशन देनदारियों के लिए नियत अनुपात मध्यप्रदेश के लिए 76 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ के लिए 24 प्रतिशत है। इसका समायोजन वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में होना निर्धारित किया गया है। पुनर्गठित राज्यों में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड़ एवं बिहार से झारखंड में महंगाई राहत के भुगतान में दोनों राज्य सरकारों की परस्पर सहमति लिए बिना लगातार भुगतान समय-समय पर हो रहा है। किन्तु एक मात्र मध्यप्रदेश राज्य ही है, जो छत्तीसगढ़ से पेंशनरों की महंगाई राहत के लिए सहमति मांगता है और जबसे छत्तीसगढ़ राज्य सहमति देता है, तब से मध्यप्रदेश के पेंशनरों को महंगाई राहत मिलती आ रही है। इसमें भी अनेक बार भेदभाव हो चुका है। ऐसा अन्य किसी भी राज्य में नहीं हो रहा है। यह अजूबा केवल मध्यप्रदेश में ही हो रहा है! भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष जनवरी एवं दिसंबर में साल में दो बार अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की वृद्धि के आधार पर महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की घोषणा की जाती है। भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों और केंद्रीय वेतनमान पाने वाले राज्यों के अधिकारियों और पेंशनरों की क्षतिपूर्ति स्वरूप वर्ष में दो बार महंगाई भत्ता/महंगाई राहत की घोषणा की जाती है। केंद्र सरकार की मंशा यह रही कि तत्काल प्रभाव से अधिकारियों और कर्मचारियों को इसका आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके किंतु मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को कभी भी महंगाई राहत समय पर प्राप्त नहीं हुई है। प्रदेश के शासन और प्रशासन की मेहरबानी पर पेंशनर निर्भर है। उनकी जब मर्जी होती है, तब से वे मंहगाई राहत की घोषणा करते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने छठे वेतनमान का एरियर देते समय भी ऐसा ही किया था। प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को छठे वेतनमान का एरियर दे दिया गया था, किन्तु पेंशनरों को एरियर की राहत राशि नहीं दी गई थी। मध्यप्रदेश पेंशनर एसोसिशन द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका लगाकर 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक की 32 माह की छठे वेतनमान की एरियर राशि देने की माँग की गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा पेंशनरों के हित में निर्णय लेने के बाद भी राज्य सरकार ने पेंशनरों को एरियर राशि नहीं दी। इस कारण पेंशनर्स एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका लगा दी थी। तब से उस पर तारीख पर तारीख मिल रही है। इसी प्रकार पेंशनर एसोसिएशन ने छठें वेतनमान की एरियर राशि देने के उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर पेंशनरों के सातवें वेतनमान की जनवरी 2016 से मार्च 2018 तक 27 माह की एरियर राशि भी पेंशनरों को नहीं देने पर उच्च न्यायालय में याचिका लगा दी है। उच्च न्यायालय द्वारा 27 जनवरी 2021 को याचिका स्वीकार भी कर ली है। किन्तु राज्य सरकार एरियर राशि नहीं देने पर अड़ी है और उच्च न्यायालय से तारीख पर तारीख ले रही है! राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों के साथ किए जा रहे भेदभाव का एक और उदाहरण देखिए। केन्द्र सरकार ने 13 नवम्बर 2017 को मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र जारी कर पेंशनरों के हित में निर्देश भी जारी किए थे। उसके अनुसार केन्द्र सरकार के गृह विभाग ने 13 नवम्बर 2017 को पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल को चिट्ठी लिखकर धारा 49 के उन्मूलन की जानकारी भी दे दी थी। इस पत्र की प्रतिलिपि उन्होंने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को भी दी थी। इसके बावजूद दोनों राज्य इस अति महत्वपूर्ण पत्र को दबाकर बैठ गए हैं। मध्यप्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा अनेक बार राज्य सरकार को इस पत्र का हवाला देते हुए धारा 49 के उन्मूलन की चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ से सहमति नहीं माँगने का अनुरोध किया था, किन्तु राज्य सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी! इसके साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि धारा 49 यदि लागू भी होती है तो वह सन् 2000 के पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर लागू होगी। इसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले किसी भी कर्मचारी पर यह लागू नहीं होगी। इस महत्वपूर्ण बिन्दु को भी राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी घोलकर पी गए हैं। मध्यप्रदेश की अनेक पेंशनर्स एसोसिएशनों द्वारा समय-समय पर सैकड़ों बार पेंशनरों के साथ हो रहे अन्याय को बंद कर न्याय दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव और वित्त सचिव को पत्र भेजकर और मिलकर निवेदन किया, किन्तु उसका कोई सकारात्मक परिणाम अभी तक नहीं मिला है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पेंशनर्स को उम्मीद है कि वे पेंशनरों की पुकार को सुनेंगे और उन्हें न्याय दिलायेंगे।

# धनत्रयोदशी एवं धन्वंतरी जयंती का महत्व !

कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी इस तिथि को धनत्रयोदशी (धनतेरस) त्यौहार मनाया जाता है। इस वर्ष यह 29 अक्टूबर को है। दीपावली के (आसपास) आने वाले इस त्यौहार के निमित्त नवीन स्वर्ण अलंकार खरीदने की प्रथा है। व्यापारी वर्ग अपनी तिजोरी का पूजन भी इसी दिन करते हैं। धनत्रयोदशी अर्थात देवताओं के वैद्य धन्वंतरी देवता की जयंती। इस दिन का महत्व इस लेख के माध्यम से जानेंगे। जिसके कारण हमारे जीवन का पोषण आराम से हो रहा है उस धन की इस दिन पूजा करते हैं। यहां धन का अर्थ है शुद्ध लक्ष्मी। श्री सूक्त में वसु ,जल ,वायु ,अग्नि एवं सूर्य इन्हें धन ही कहा गया है। जिस धन का वास्तविक अर्थ है वही वास्तविक लक्ष्मी है। अन्यथा अलक्ष्मी के कारण अनर्थ होता है। विशेषताएं - यह दिन व्यापारी वर्ग के लिए विशेष महत्व का माना जाता है, क्योंकि धन प्राप्ति के लिए श्री लक्ष्मी देवी का पूजन किया जाता है। इस दिन ब्रह्मांड में श्री लक्ष्मी देवी का तत्व प्रक्षेपित होता हैं, जिसके कारण जीव को श्री लक्ष्मी देवी एवं नारायण इनकी कृपा प्राप्त करना संभव होता है। वह कृपा जीव के भाव पर आधारित रहती है। वर्तमान काल में साधकों को शक्ति की आवश्यकता है। इस तरह व्यावहारिक सुखों की अपेक्षा जीवित रहना एवं आयुष्य अर्थात जीवन सुरक्षित रखना महत्व का है, इसलिए साधना करने वाले जीव के लिए यह दिन महत्वपूर्ण माना जाता है। साधना के लिए अनुकूलता एवं ऐश्वर्य प्राप्त होने के लिए इस दिन धन लक्ष्मी की पूजा करते हैं। वर्ष भर योग्य मार्ग से धन कमाकर वार्षिक आय का 1/6 भाग धर्म कार्य के लिए अर्पण करना चाहिए। महत्व - इस दिन को बोलचाल की भाषा में धनतेरस भी कहा जाता है। इस दिन व्यापारी तिजोरी का पूजन करते हैं। व्यापारी वर्ष, दीपावली से दीपावली तक होता है। नवीन वर्ष के हिसाब की बहियां अर्थात बही खाता इसी दिन लाकर उनकी पूजा करके प्रयोग में लाई जाती हैं। धनतेरस के दिन नवीन सुवर्ण खरीदने की प्रथा है। इसके कारण वर्ष भर घर में धनलक्ष्मी अर्थात पैसा रहता है। वास्तविक लक्ष्मी पूजन के समय वर्ष भर का आय-व्यय (जमा खर्च) देना होता है। उस समय धनतेरस तक बची हुई संपत्ति ईश्वर कार्य के लिए व्यय करने से सत कार्य में धन व्यय हुआ इसलिए धनलक्ष्मी आखिर तक लक्ष्मी रूप में रहती है। धन अर्थात पैसा यह पैसा मेहनत का, कष्ट का एवं उचित रूप से कमाया हुआ एवं साल भर में थोड़ा-थोड़ा करके जमा हुआ होना चाहिए। इस पैसे का न्यूनतम 1/6 भाग ईश्वर कार्यों के लिए व्यय करना चाहिए ऐसा शास्त्र बताते हैं। - ह्यपरात्पर गुरु पांडे महाराज पहले राजा वर्ष के अंत में अपना खजाना सत पात्रों को दान करके खाली करते थे। तब उन्हें संतुष्टि होती थी। इस कारण जनता एवं राजा इनके संबंध ये पारिवारिक रूप के थे। राजा का खजाना जनता का है एवं राजा केवल उसको संभालने वाला है, इस कारण जनता कर देते समय आनाकानी ना करते हुए देती थी, जिससे स्वाभाविक रूप से खजाना फिर से भर जाता था। सत कार्य के लिए धन का विनियोग अर्थात खर्च होने से आत्म बल भी बढ़ता था। धन्वंतरी जयंती धन्वंतरी जन्म - धन्वंतरी का जन्म देवता एवं राक्षसों द्वारा किए गए समुद्र मंथन से हुआ। चार भुजाओं वाले भगवान धन्वंतरी एक हाथ में अमृत कलश, दूसरे हाथ जोंक, तीसरे हाथ में शंख एवं चौथे हाथ में चक्र लेकर समुद्र मंथन से प्रकट हुए। इन चारों हाथों की वस्तुओं का प्रयोग करके अनेक व्याधियों को, रोगों को ठीक करने का काम भगवान धन्वंतरी करते हैं। - आधुनिक वैद्य श्री राम लाड़े वैद्य लोग इस दिन धन्वंतरी देवता का पूजन करते हैं। नीम के पत्तों के टुकडे एवं शक्कर प्रसाद के रूप में लोगों को देते हैं। इस का बहुत महत्व है। नीम की उत्पत्ति अमृत से हुई है। धन्वंतरी अमरत्व देने वाले देवता हैं, यह इससे प्रतीत होता है। नीम के पांच, छह पत्ते रोज खाए जाएं तो व्याधि होने की संभावना नहीं रहती, इतना नीम का महत्व है। इसलिए इस दिन प्रसाद के रूप में नीम का उपयोग किया जाता है। यमदीपदान - प्राण हरण करने का कार्य यमराज के पास है। मृत्यु से कोई नहीं बच सकता, परंतु अकाल मृत्यु किसी को भी ना आए इसलिए धनतेरस के दिन यम धर्म के उद्देश्य से आटे के 13 दिए बनाकर वे घर के बाहर दक्षिण की ओर मुंह करके शाम को लगाना चाहिए। सामान्यतः दिए का मुख दक्षिण की ओर कभी भी नहीं होता।

# विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन की प्रक्रिया को तेजी से करें पूरा: डीएम

### भारत माला परियोजना, पुल निर्माण, रिंग रोड परियोजना आदि की हुई समीक्षा

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिये भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने बैठक किया।

मुख्यरूप से भारत माला परियोजना के तहत एन एच-139ड, गंगा नदी पर जेपी सेतु के समानांतर पश्चिम में नये 6 लेन पुल निर्माण, राम-जानकी मार्ग, रिविलगंज बाईपास, शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड परियोजना के लिये किये जा रहे भू-अर्जन कार्य की समीक्षा की गई।

भारतमाला परियोजना के तहत एन एच-139 , के बाकरपुर-मानिकपुर खंड में सारण जिला के 22 राजस्व ग्राम में लगभग 99 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जा रहा है। इसमें कुल 1234 पंचायतों में से 71 को मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया है। जिलाधिकारी ने शेष पंचायतों को भुगतान में तेजी लाने के लिये स्थल पर ही विशेष कैम्प लगाकर रैयतों/पंचायतों के सभी आवश्यक प्रमाण पत्र तैयार कराने का निदेश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर को इसकी दैनिक मोनिटरिंग सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

गंगा नदी पर जेपी सेतु के समानांतर पश्चिम में नये 6 लेन पुल निर्माण परियोजना के तहत 6 राजस्व ग्राम में कुल 5.6 हेक्टेयर रैयती भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस परियोजना के एलाइनमेंट में पड़ने वाली सभी सरकारी भूमि का दखल परियोजना के लिये प्राधिकृत एजेंसी को दिया जा चुका है। रैयती भूमि के भूर्जन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निदेश दिया गया।



राम-जानकी पथ परियोजना के लिये जिला के 8 राजस्व ग्राम में 583 पंचायतों की लगभग 23 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जा रहा है। इनमें से 240 पंचायतों ने मुआवजे का भुगतान प्राप्त कर लिया है। शेष को विशेष कैम्प लगाकर भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

रिविलगंज बाईपास के लिये 14 राजस्व ग्राम में 557 पंचायतों से लगभग 30.7 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जा रहा है। इनमें से 328 द्वारा मुआवजे का भुगतान प्राप्त कर लिया गया है। शेष को भी जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया।

शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड परियोजना के तहत जिला के 3 राजस्व ग्राम के 256 पंचायतों से 22.25 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जा रहा है इनमें से 29 द्वारा मुआवजे का भुगतान प्राप्त किया गया है। शेष को अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। गड़खा बाईपास, परसा बाईपास एवं अमनौर बाईपास के निर्माण हेतु भू-अर्जन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भू-अर्जन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिये जिला भूअर्जन कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी लगातार फील्ड में जायेंगे तथा सभी संबंधित अंचलाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर, विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित अभियंता तथा भू-अर्जन कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# गुणवत्ता मानक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को विकसित करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। जिले में समुदाय के अंतिम पंक्ति तक के मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा महिया करने को लेकर विभाग संकल्पित है। जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मिलने वाली मरीजों की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अनुरूप मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना है। इसको लेकर जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में 10 प्रखंडों के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, एएनएम, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक और बीएमएंडइ को प्रशिक्षण दिया गया। जिले के मशरक, अमनौर, बनियापुर, गरखा, मांझी, सोनपुर, दरियापुर, एकमा, रिविलगंज और मरहौरा के सीएचओ, एएनएम, बीएएम को ट्रेनिंग दिया गया। राष्ट्रीय मानक के अनुरूप हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के सुदृढीकरण का निर्देश दिया गया। इस प्रयास से जहां जन-जन तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकेंगी, वहीं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनता का विश्वास दृढ़ होगा। प्रशिक्षण के दौरान चेक लिस्ट में वर्णित इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन, दस्तावेजीकरण, आउटकम, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन आदि पर चर्चा की गयी। मौके पर डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीड डॉ रविश्वर कुमार मौजूद थे।

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर गठित टीम के द्वारा इंटरनल असेसमेंट किया जाएगा। उसके बाद जिला स्तर, राज्य स्तर व अंत में केंद्रीय स्तर के टीम के द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। संस्थान के प्रमाणीकरण होने के बाद केंद्र सरकार के द्वारा एक निश्चित राशि अगले 3 साल तक दिया जाता है जिसे अस्पताल के उन्नयन में खर्च किया जाता। अगर किसी क्षेत्र में जीरो से 49% का कार्य हुआ है तो मार्किंग 0 की जाती है वहीं 50 से 99 तक होने पर मार्किंग 01 की जाती है 100 होने पर 02 का मार्किंग किया जाता है। उन्होंने बताया की मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग को तीन स्तर पर प्रमाणीकरण के लिए लक्ष्य का निर्धारण किया जाता है। जिसमें राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) प्रमाणीकरण योजना की शुरूआत की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों ने पशु चोर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के अगौथर नंदा गांव से एक पशु चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात अगौथर सुंदर गांव के प्रेम यादव की भैंस चोरी हो गई। जिसे आनन-फानन में परिजन तथा ग्रामीण भैंस को खोजने चारों दिशा में निकल पड़े। इसी दौरान पड़ोसी गांव अगौथर नंदा में भैंस के साथ चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने उक्त चोर को अपने कब्जे में लेकर जेल भेज दिया। पकड़े गए चोर ने अपनी पहचान अमनौर थाना क्षेत्र के अमनौर अगुआन गांव का रणजीत राम के रूप में बताया। वहीं पुलिस ने भैंस को जिम्मीनामा पर पशु पालक प्रेम यादव को सौंप दिया गया।

### मुख्य पार्षद ने की कार्यपालक से शिकायत

प्रात : किरण, संवाददाता

परसा।नगर पंचायत परसा बाजार के 22 वार्डो में बिना नक्सा स्वीकृति के ही भवन निर्माण कार्य कराने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए नगर पंचायत के मुख्य पार्षद ऐशा खातून द्वारा ईओ से लिखित शिकायत किया है।लिखित शिकायत में बताया गया है कि क्षेत्र में घूमने के दौरान बिना नक्सा पास कराये ग्रामीण भवन निर्माण करा रहे है।जो नगर पंचायत के लिए अबैध तरीका है।नक्सा स्वीकृति के बिना बन रही भवन आपदा के शिकार हो सकता है।आपदा से बचाव को लेकर नक्सा की स्वीकृति अति जरूरी है।नक्सा की स्वीकृति कर भवन बनाने से आपदा से बचाव के साथ नगर पंचायत को राजस्व अर्जित होगा।और उस राशि से नगर पंचायत का विकास होने की बाते बताया गया है।आवेदन पर ईओ से अथशीध्र कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

# घायलों के इलाज के दौरान सीएचसी परिसर रणक्षेत्र में हुआ तब्दील

प्रातः किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी एकमा मुख्य मार्ग पर चकिया गाँव के समीप रविवार की शाम बाइक दुर्घटना में दो युवक जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची डायल 112 की पुलिस ने जख्मी दोनों युवकों को माँझी सीएचसी पहुँचाया जहाँ चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया।जख्मी युवकों में चकिया गाँव निवासी प्रिन्स कुमार यादव तथा रघुनाथ गिरी के मठिया निवासी आशुतोष भारती शामिल थे।

### घटना के दौरान सीएचसी परिसर रणक्षेत्र में हुआ तब्दील

जख्मी युवकों का उपचार कराने के उद्देश्य से माँझी सीएचसी परिसर में पहुँचे जख्मी दोनों युवकों के दर्जन भर समर्थक देखते ही देखते आपस में भीड़ गए तथा दोनों पक्षों के बीच हाथापाई होने लगी। हाथापाई को देखते हुए दहशतजदा अस्पताल कर्मी अलग अलग कमरों में दुबक गए। मौके पर मौजूद डायल 112 की पुलिस के अलावा समाजसेवी राहुल गुप्ता तथा शैलेश यादव आदि ने काफी हद तक दोनों पक्षों से बीच बचाव का प्रयास किया। लेकिन स्थिति को अनियंत्रित होता देख स्वास्थ्य कर्मियों ने माँझी थाना पर फोन करके इसकी सूचना दी। सूचना पाकर बड़ी संख्या में पहुँची माँझी थाना पुलिस ने सीएचसी परिसर से शरारती तत्वों को खदेड़ दिया तथा जख्मी दोनों युवकों को पुलिस सुरक्षा में उनके घर पहुँचा दिया। मारपीट के दौरान सीएचसी परिसर के बाहर अंधेरा रहने के कारण पुलिस को काफी परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान सीएचसी में इलाज के उद्देश्य से पहुँचे मरीजों के बीच अफरा तफरी की स्थिति उतपन्न हो गई।

# पटेढ़ा में बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने दुकानदार को मारी गोली ,पीएमसीएच रेफर



### अपराधियों तक पहुंचने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही पुलिस

प्रात : किरण, संवाददाता

नगरा।खैरा थाना क्षेत्र के गढ़देवी स्थान पटेढा के समीप सोमवार की अहले सुबह अज्ञात अपराधियों ने शौचकर के लौट रहे भुजा दुकानदार को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया.घायल की पहचान पटेढा गाँव निवासी स्वर्गीय देवानंद साह के पुत्र 35 वर्षीय संतोष कुमार साह के रूप में की गई है.घटना स्थल से मिली जानकारी के अनुसार संतोष कुमार साह सुबह शौच के बाद घर की ओर लौट रहे थे तभी पहले से घात लगाए एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधियों ने पीछे से उन पर गोली चला दी.हमलावर पटेढा चौक होते हुए मढ़ौरा की तरफ फरार हो गए.घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा के रामपुर कला में भर्ती कराया. वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए पटना भेजा गया है.वहीं घायल संतोष की माँ ने एक स्थानीय व्यक्ति पर रंगदारी न देने के कारण उनके बेटे पर हमला करवाने का आरोप लगाया है.वहीं यहां स्थानीय सूत्रों से जानकारी अनुसार संतोष का भुजा की दुकान पर एक व्यक्ति से तू-तू मैं-मैं हुई थी,जिसके बाद यह घटना हुई.वहीं इस संबंध में खैरा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष छतीश प्रसाद सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है.क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरे भी खंगाली जाएगी.

# सुम्हां में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एक नवंबर से : बनेगा भव्य सूर्य मंदिर

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के सुम्हां गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 1 नवंबर से शुरू होगा। वहीं यज्ञ स्थल पर एक भव्य सूर्य मंदिर का भी निर्माण होगा। 8 नवंबर तक चलने वाले इस महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर है। श्रीधाम वृंदावन के आचार्य अभिषेक जी महाराज के कुशल मार्ग निर्देशन में भव्य कलश यात्रा तथा वेदी पूजन के साथ यज्ञ की शुरूआत की जाएगी। वहीं भागवत कथा, कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रुक्मिणी विवाह, कृष्ण सुदामा चरित जैसे भक्तिमय कार्यक्रम होंगे। भागवत कथा वाचक अभिषेक जी महाराज ने बताया कि परसा से सिवान जाने के क्रम में मेरी नजर सुम्हां गांव स्थित एक भू-भाग पर पड़ी। तो मैंने वहां यज्ञ कराने का सुझाव स्थानीय लोगों को दिया। साथ ही उक्त स्थल पर सूर्य मंदिर के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा। इसके बाद भूस्वामी शर्मा परिवार ने उनके इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार कर लिया। जिसके लिए अपनी 11 कठ्ठा निजी जमीन को सूर्य मंदिर के लिए दान कर देने का संकल्प लिया। वहीं यज्ञ के कर्ताधर्ता भू स्वामी राज किशोर शर्मा तथा नवीन शर्मा ने बताया कि आचार्य के रूप में वृंदावन के अखिल शुक्ला होंगे। वहीं यजमान के रूप में रामबाबू शर्मा तथा उनकी धर्मपत्नी विनीता देवी होंगे। यज्ञ के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी इसकी सूचना दे दी गई है। यज्ञ कमेटी की तरफ से 300 वालंटियर भी रहेंगे। यज्ञ में मनोरंजन के लिए टावर झूला, ब्रेक डांस झूला, मिक्की माउस, नाव झूला तथा अन्य खेल तमाशे के आयोजन भी किए गए हैं।

# पुलिस ने गुप्त सूचना पर 32 लीटर देशी शराब किया जब्त




प्रात : किरण, संवाददाता

परसा।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसौना में छापेमारी करते हुए 32 लीटर देशी शराब किया जप्त,वही मौका का फायदा उठाते हुए पति पत्नी हुए फरार. जिसको लेकर उत्पाद अधिनियम के तहत पति-पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. वहीं थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे चार शराबियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार शराबियों में डेरनी थाना क्षेत्र के पोझी गांव निवासी सम्भु साह का पुत्र कृष्णा साह, गोवर्धन सिंह का पुत्र मुन्ना कुमार सिंह तथा परसा थाना क्षेत्र के मुजौना निवासी शत्रुघ्न राय का पुत्र भोला राय एवं बथुई निवासी गौरी शंकर प्रसाद का पुत्र प्रकाश कुमार बताया जाता है।

# सारण में युवाओं ने किया रक्तदान

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया द्वारा दिवाली व छठ के पूर्व सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, रक्तदान शिविर का उद्घाटन रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी अतिदेवानंद महाराज जी, सदर अस्पताल छपरा की उपाधीक्षक आर एन तिवारी, अध्यक्ष मंटू कुमार यादव, राज्य संयोजक दीपक कुमार पांडे, सचिव रणजीत कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया,मौके पर स्वामी अतिदेवानंद महाराज जी ने कहा कि रक्तदान करना एक सच्ची सेवा है अगर किसी को कपड़ा व खाना दान देते हैं तो कुछ समय के लिए ही रहता है बल्कि जब रक्त देते हैं तो जीवन भर उसके रगों में दौड़ता है इसीलिए




सबको रक्तदान करना चाहिए, वहीं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक आर एन तिवारी ने कहा कि रक्तदान से किसी तरह की कमजोरी नहीं होती है बल्कि वह स्वास्थ्य भी रहता है रक्तदान शिविर में शिक्षाविद सचिन तिवारी ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान है प्राणी पूजा इसके जैसा दान ना दूजा, वहीं संस्था अध्यक्ष मंटू कुमार यादव ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है,क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। वही संजय कुमार राय ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता, रक दान करने में मुख्य रूप से सचिन तिवारी, संजय कुमार राय, कुंदन कुमार, ओम प्रकाश सिंह, प्रमोद कुमार यादव ,मंटू कुमार यादव, अनुज कुमार, पीयूष कुमार शिविर को सफल बनाने में सचिव रणजीत कुमार, राज्य संयोजक दीपक कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार, जिला संयोजक मुक्तेश्वर पंडित, रूपेश कुमार निषाद, जैकी कुमार, तान्या मेहता, अर्पिता राज आदि थे।

# परसा के सिकटी में किराना दुकान में लगी अचानक आग, लाखों का सामान जलकर राख

प्रात : किरण, संवाददाता

परसा।थाना क्षेत्र के सिकटी में सोमवार की अहले सुबह लगभग चार बजे किराना दुकान से अचानक धुंआ निकले ने लगीं. जिसकी सूचना ग्रामीणो द्वारा दुकान मालिक विनय कुमार सिंह को फोन पर सूचना दिया गया.जब दुकान मालिक दुकान पर पहुचे तो देखा कि सारे समान में आग लगी हुई है,जिसको ग्रामीणो द्वारा लुटा बाल्टी मोटर पम्पिंग सेट के माध्यम से घण्टो मस्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया. जबतक आग पर काबू पाया जाता तबतक लाखो के समान जलकर राख हो गया.वही अगली की घटना की सूचना मिलते ही मकेर थाना में दमकल की सूचना मिलते मोके पर पहुची तबतक आग पर ग्रामीणों द्वारा काबू पा लिया गया था. इस संबंध में दुकान मालिक के विनय कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह मैं अपने भाई के साथ रविवार की देर शाम दुकान बंद कर घर चले गए. सोमवार की सुबह लगभग 4 बजे सूचना मिली कि आपकी दुकान से धुआं उठ रहा है,जब मैं दुकान पर पहुंचा तो देखा कि किराना के सारे सामान में आग लगे हुए हैं. ग्रामीणों के सहयोग से घंटे मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन किराने से संबंधित सारे सामान जलकर राख हो गया. उन्होंने बताया कि दीपावली व छठ पूजा को लेकर लाखो का किराने का सामान बिक्री करने के लिए खरीदारी कर लाया गया था.जो सारे सामान जलकर राख हो गया है. इस संबंध में सीओ चंदन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय कर्मचारियों को भेज कर जांच के कराया गया है और आगे की प्रक्रिया की जा रही है.

# एक परंपरा की तरह ही है धनतेरस

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर। धनतेरस एक ऐसा त्यौहार है जो पांच दिन चलने वाले दीपावली उत्सव का पहला दिन होता है। हिन्दू कैलेंडर के मान्यता के अनुसार कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। धनतेरस का अर्थ धन की तेरस होता है।

धन तेरस की मान्यताएं : जैन धर्म में धनतेरस को धन्य तेरस या ध्यान तेरस कहते हैं। इसी मान्यता है कि भगवान महावीर इस दिन ध्यान द्वारा योग निरोध के लिए चले गए थे तथा तीन दिन के ध्यान के बाद वे दीपावली के दिन निर्वाण को प्राप्त हुए थे। तभी से यह दिन धन्य तेरस के नाम से माना जाने लगा।

हिंदू मान्यता के अनुसार धन तेरस

हिन्दू मान्यता अनुसार धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन से आयुर्वेद के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए । इसी अमृत कलश के अमृत को पीकर करके देवता अमर हुए। इसीलिए आयु और स्वास्थ्य की कामना की पूर्ति हेतु धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि का पूजा किया जाता है। शास्त्रों की माने तो इस दिन धन्वंतरि का जन्म हुआ था। धन्वंतरि जयंती को आयुर्वेदिक दिवस घोषित किया गया है। धन्वंतरि देवताओं के डॉक्टर हैं और रोग निदान के देवता माने जाते हैं इसलिए डॉक्टरों के लिए धनतेरस का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। धन्वंतरि के बताए गए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी उपाय अपनाना ही धनतेरस का मुख्य प्रयोजन है।

चिकित्सा के जन्म दाता धन्वंतरि के अलावा इसी दिन यम, लक्ष्मी, गणेश और कुबेर देव की भी पूजा होती है। धनतेरस के दिन यमराज के लिए दीपदान करने से अकाल मृत्यु नहीं होती है।इस दिन मां लक्ष्मी का भी काफी महत्व है। ऋग्वेद के श्रीसूक्त में ऐसा वर्णन है कि लक्ष्मीजी भय और शोक से मुक्ति दिलाती हैं तथा धन-धान्य और अन्य सुविधाओं को प्रदान करके मनुष्य को निरोगी काया और लंबी उम्र देती हैं। कुबेर देव आसुरी प्रवृत्तियों का हरण करने वाले देव हैं इसीलिए उनकी भी पूजा का प्रचलन है। धन्वंतरि और मां लक्ष्मी का अवतरण समुद्र मंथन के दौरान हुआ था। दोनों ही कलश लेकर समुद्र से बाहर प्रकट हुए थे।

क्या है धनतेरस की परंपरा

धन तेरस के दिन पुराने बर्तनों को बदल कर नए बर्तन खरीदे जाते हैं। लोग यथाशक्ति तांबे, पीतल, चांदी के घर में उपयोग होने वाले नए बर्तन तथा गहने खरीदते हैं। वर्तमान में धनतेरस के दिन अब बर्तन और गहने के आलावा लोग वाहन, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि भी खरीदे जाने लगे हैं। हालांकि ज्यादातर लोग धनतेरस पर सोने,चांदी के सिक्के खरीदते हैं या पीतल एवं चांदी के बर्तन खरीदते हैं, क्योंकि इन्हें खरीदना शुभ माना जाता है। इसके अलावा इस दिन नया कपड़ा, दीपावली पूजन हेतु लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, खिलौने, खील-बताशे आदि भी खरीदे जाते हैं। इस दिन कुछ मात्रा में साबुत धनिया भी खरीदा जाता है जिसे संभालकर पूजा घर में रख दिया जाता है। साथ ही साथ यूट्यूब पर इस दिन झाड़ू खरीदने का भी प्रचार प्रसार हो रहा है जिस कारण मध्यमवर्गीय परिवार झाड़ू खरीद कर धन तेरस मनाते है।

धनतेरस भारत के विभिन्न भागों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। ज्यादातर जगहों पर संध्या काल में दीपक जलाकर घर-द्वार, आंगन, दुकान आदि को सजाते हैं। इस दिन से मंदिर, गौशाला, नदी के तट, कुआं, तालाब एवं बगीचे आदि सभी जगहों को सजाया जाएगा । पश्चिम भारत के व्यापारिक वर्ग के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। महाराष्ट्र में लोग सूखे धनिया के बीज को पीसकर गुड़ के साथ नैवेद्य बनते हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में, किसान अपने मवेशियों को अच्छे से सजाकर तथा गले में घंटी बांध कर उनकी पूजा करते हैं।

दक्षिण भारत में लोग गायों को देवी लक्ष्मी के अवतार के रूप में मानते हैं इसलिए वहां के लोग गाय का विशेष पूजा करते हैं।इस अवसर पर गांवों में लोग धनिया के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने खेतों में बोते हैं। इस दिन लोग बैल द्वारा जोते गए हल की मिट्टी को गाय के दूध में भिगोकर उसमें सेमल पेड़ की टहनी डालकर लगातार तीन बार अपने शरीर पर फेरकर तिलक लगाते हैं।

# मुखिया के नेम प्लेटवाली गाड़ी से शराब बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता

कोपा।जलालपुर थाना क्षेत्र के छपरा मलमलिया पथ पर जलालपुर प्रखण्ड मुखयालय के सामने में वाहन गशती के क्रम में एक मुखिया के नेम प्लेट लगे ऑल्टो कार से देशी शराब बरामद किया गया।कार पर मढ़ौरा के मुबारकपुर पंचायत के मुखिया का नेम प्लेट का प्रयोग किया गया था।कार से 360 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।इस दौरान शराब धंधेबाज मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंचौरा के जीवा कुमार महतो, मढ़ौरा के भलुई गांव के बबन कुमार राम तथा नीरज कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया।जलालपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के उद्देश्य से मुखिया के नेम प्लेट लगे कार का उपयोग धंधेबाज बहुत दिनों से कर रहे थे।सभी धंधेबाजों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

# फिर एक बार विकसित बिहार बनाने में सहयोग करे : विकास वैभव




प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार को फिर से एक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से छपरा में आगामी 8 दिसंबर को होने वाले नमस्ते छपरा कार्यक्रम की तैयारी हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार पुलिस के वरीय आईपीएस अधिकारी और आईजी विकास वैभव ने कहा, बिहार के नवनिर्माण के लिए हम सभी का एकजुट होना आवश्यक है। एक समय था जब बिहार संपूर्ण अखंड भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता था। हमें अपने राज्य को 2047 तक विकसित बनाने के लिए सामाजिक विषमताओं से ऊपर उठकर और आपसी दूरियों को मिटाकर एक नए बिहार का संकल्प लेना होगा। यह बैठक सीपीएस छपरा में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने की। उन्होंने बिहार के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में सारण जिले का महत्वपूर्ण स्थान है, और इसके नवनिर्माण में हमारा सहयोग आवश्यक है। बैठक में शहर के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और बिहार के विकास के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सभा को संबोधित करने वालों में रिटायर्ड विंग कमांडर उमेंद्र नाथ त्रिपाठी, रिटायर्ड डीएसपी श्री आर. एन. सिंह, खेल जगत के भीष्म पितामह सुरेश प्रसाद सिंह, वरीय अधिवक्ता हरिनारायण सिंह, सारण्य महोत्सव के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा सीमा सिंह, और सीपीएस के प्राचार्य मुरारी सिंह सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल थे।

कार्यक्रम में वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों को आईजी विकास वैभव द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इसके पूर्व, श्री वैभव का विभिन्न संगठनों द्वारा अंगवस्त्र से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गवर्मेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज की शिक्षिका प्रियंका कुमारी के संस्कार गीत से हुआ।

कार्यक्रम के समापन पर राजेंद्र प्रसाद सिंह (राजेंद्र कॉलेजिएट के पूर्व प्राचार्य, सारण्य स्काउट गाइड के मजबूत स्तंभ, और सारण्य महोत्सव के संरक्षक) को श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन लायन मनोज वर्मा संकल्प द्वारा किया गया। आयोजन में प्रमुख सहयोगियों में डॉ. विकास कुमार सिंह, सीए अमित कुमार गुप्ता, डॉ. अंजलि सिंह, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी अग्रवाल, सुभाष ओझा, डॉ. देवेश कुमार सिंह, डॉ. संपूर्णानंद सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, और शशि भूषण शाही शामिल थे।

# शिक्षण संस्थान सीएम प्रोत्साहन राशि से वंचित छात्राओं का अभिलेख अविलम्ब उपलब्ध करावें : बडीएमडब्ल्यूओ

### अब तक 1005 छात्राओं के विरुद्ध 536 छात्राओं की राशि उपलब्ध कराया जा चुका है

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा ' जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत इंटर 2024 में प्रथम श्रेणी से पास छात्राओं की सूची उपलब्ध कराने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजा गया है ' जिसमें अल्पसंख्यक मुस्लिम छात्राओं की सूची शिक्षण संस्थानों के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है ' बता दें कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग बिहार सरकार द्वारा 2024 में इंटर प्रथम श्रेणी से पास 1005 छात्राओं की सूची उपलब्ध कराया गया था ' जिला कल्याण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 536 छात्राओं की राशि डीबीटी के माध्यम से छात्राओं की खाते में हस्तानांछित किया जा चुका है ' अभी भी 469 छात्राओं की राशि बचा हुआ है ' इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण ल्लपदाधिकारी रवि प्रकाश ने जिला के सभी इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थानों से इंटर 2024 प्रथम श्रेणी से पास छात्राओं की सूची, जिन छात्राओं को प्रोत्साहन राशि नहीं मिला है, अविलंब उपलब्ध कराने को कहा गया है ।

रवि प्रकाश ने यह यह भी बताया कि एक माह के अंदर सूची के साथ मैट्रिक एवं इंटर का अंक पत्र, प्रवेश पत्र, बैंक द्वारा सीडेड खाता, मेल आईडी, मोबाइल नंबर और अद्यतन निवास प्रमाण पत्र के साथ अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए ' ताकि शेष 469 छात्राओं की राशि उपलब्ध कराया जा सके ' डीएमडब्ल्यूओं ने जिला के सभी शिक्षण संस्थानों से इंटर प्रथम श्रेणी 2024 में पास और अब तक प्रोत्साहन राशि से वंचित छात्राओं की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह करते हुए छात्राओं एवं अभिभावकों से भी उपरोक्त प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है ' उन्होंने यह भी कहा कि समय सीमा के अंदर प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराने वाले छात्राए मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन राशि 2024 से वंचित हो जाएंगे '

## संक्षिप्त खबरें

### एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास) : पुलिस नें एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। कछवां अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बगेया निवासी समीर अहमद को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 108/24 के आलोक में एससी-एसटी एक्ट के मामले में कांड दर्ज था।

### बालू गिराकर भाग रहे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास) : पुलिस ने दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। जानकारी देते हुए कछवां अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव से 2 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ट्रैक्टर के चालकों ने पुलिस को देख बालू गिराते-गिराते भागने लगे। लेकिन उसका पीछा करते हुए दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। श्री कुमार ने बताया कि उक्त मामले के संदर्भ में दोनों ट्रैक्टर चालकों व मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि जब्त दोनों ट्रैक्टर को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

### पांच लीटर देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

राजपुर(रोहतास) : राजपुर पुलिस ने देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बरना डिहरी निवासी जंग राम को 5 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### 25 लीटर चुलाई शराब को पुलिस ने किया नष्ट

प्रातः किरण, संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडलीय उत्पाद विभाग की पुलिस ने चुलाई शराब को किया विनष्ट। जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक बिक्रमगंज भिखारी कुमार ने बताया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अमियावर सोन नदी के किनारे 25 लीटर चुलाई शराब को विनष्ट किया गया। मौके पर उक्त दौरान अनुमंडलीय उत्पाद निरीक्षक भिखारी कुमार सहित उत्पाद विभाग की टीम मौजूद थी।

### नौ शराबी भेजे गए जेल

प्रातः किरण, संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। बिक्रमगंज पुलिस ने 9 पियक्कड़ को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के घोसियां कला गांव से बक्सर जिला अंतर्गत बक्सर थाना क्षेत्र के पूर्व मोहल्ला भोजपुर जदीद निवासी मोहम्मद अंजाद खां, बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के तेंदूनी निवासी नासिर अंसारी, घुसियां कला निवासी बुधन राम, दीपक राम, बीरेंद्र राम, श्रीकांत सोनी, धनजी राम, छोटन राम एवं शिवपुर निवासी छोटू सिंह को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी पियक्कड़ों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया।

# दीपावली और छठ पर रेलवे का अलर्ट जारी
## ट्रेन तथा स्टेशनों पर चोरी और नशाखुरानी गिरोह सक्रिय

**रेलवे डेहरी ऑन-सोन व चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के संयुक्त तत्वाधान में रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया**



प्रातः किरण संवाददाता

डेहरी(रोहतास)। दीपावली तथा छठ पूजा के दौरान देश के अन्य जगहों से उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग अपने अपने गांव लौट रहे है, जिसके चलते रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। जिसके कारण ट्रेन तथा स्टेशनों पर चोरी तथा नशाखुरानी गिरोह सक्रिय हो जाती है, जिसके लिए मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन -कल्याण संघ व रेलवे सुरक्षा बल डेहरी ऑन-सोन व चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के संयुक्त तत्वाधान में रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।।

जिसका अध्यक्षता आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम व मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन -कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता ने किया।

इस अभियान में संस्था के बैनर, पंपलेट तथा लाउड स्पीकर के माध्यम से यात्रियों के बीच अंजान व्यक्तियों के द्वारा दिया गया किसी भी सामग्री का सेवन नहीं करने, अंजान व्यक्तियों से मेलजोल नहीं करने की सलाह दी गई। अनावश्यक चेन पुलिंग नहीं करने तथा पायदान पर बैठ कर यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई।

वहीं, आए दिन हो रहे रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यात्रियों से अपील किया गया कि अनधिकृत रेलवे ट्रैक पार नहीं करने तथा हमेशा फुटओवर ब्रिज का उपयोग करने को कहा गया। वहीं यात्रा के दौरान अकेली महिला को यात्रा के समय कोई भी समस्या होने पर आरपीएफ के द्वारा चलाए जा रहे मेरी सहेली टीम के बारे में बताया गया तथा रेल तथा रेल परिसर में कोई भी समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 139 पर कॉल करने की सलाह दी

इस कार्यक्रम में संस्था के सूचना प्रभारी प्रताप कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी जीपी सोनी, कोषाध्यक्ष ऋतुराज उपाध्याय राष्ट्रीय सलाहकार नीतीश कुमार, विकास कुमार, सुदर्शन सिंह, पुनीत कुमार चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रीतम कुमारी, कुसुम कुमारी वही आरपीएफ के उपनिरीक्षक शिवराज साह, प्रधान आरक्षी रामचन्द्र यादव, बीके सिंह, आरक्षी हरेराम कुमार व दीपक आदि उपस्थित थे।

# मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

- आज ड्राफ्ट मतदाता सूची का होगा प्रकाशन, 28 नवंबर तक लिया जायेगा दावा/आपत्ति
- युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष बल

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। छपरा कार्यालय। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया।

बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 28 नवंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।

इस अभियान के तहत 2 नवंबर, 3 नवंबर, 23 नवंबर एवं 24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस चलाया जाएगा जिस दिन सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर सभी आवश्यक प्रपत्रों के साथ मौजूद रहेंगे तथा नाम जोड़ने, संशोधन आदि के संबंध में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को इस अभियान को पूरी पारदर्शिता एवं त्रुटि रहित ढंग से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया गया है। मतदाता सूची में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं एवं महिलाओं का नाम जोड़ने पर विशेष फोकस देने को कहा गया। विशेष अभियान दिवस को सभी ईआरओ एवं एईआरओ को मतदान केंद्रों पर भ्रमणशील रहते हुए पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे।

सभी राजनीतिक दलों को सभी मतदनकेन्द्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्त्ता की नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया। बताया गया कि वर्त्तमान में मतदाता सूची में जेंडर रेशियो 910 है जो जिले की आबादी के औसत सेक्स रेशियो से काफी कम है। इसे बढ़ाने के लिये अधिक से अधिक छूटी हुई महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। साथ ही अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष आयु पूरा करने वाले युवा मतदाताओं को भी मतदाता सूची में शामिल किया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने में सभी राजनीतिक दलों को भी आवश्यक सहयोग करने का अनुरोध किया गया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# धनतेरस को ले लोगों ने की जमकर खरीदारी, बाजारों में उमड़ी भीड़



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण कस्बों में धनतेरस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आज यानी मंगलवार को मनाई जाएगी। धनतेरस के पर्व पर इस बार लक्ष्मी और गणेश जी, इलेक्ट्रिक सामान, कपड़े, ज्वेलर्स, जेनरल स्टोर एवं बर्तनों सहित अन्य दुकानें लोगों से गुलजार देखने को मिली। इस वक्त त्योहारों का मौसम चल रहा है। आज यानी मंगलवार को धनतेरस पर्व के आरंभ से ही दीपावली पर्व की शुरूआत हो गई है। ऐसे में आज धनतेरस के मौके पर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के बाजारों में लोग जमकर खरीदारी करते हुए दिखे। धनतेरस पर लोगों द्वारा सोने, चांदी, हीरे के आभूषण सहित अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की गई। जिसको लेकर सभी दुकानदारों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बाजारों में इस बार लोगों की भीड़ को देखकर लगता है कि इस बार धनतेरस व दीपावली के मौके पर व्यापारियों की चांदी रहेगी।

# लायंस क्लब छपरा सारण ने सेलिब्रेट किया दीपोत्सव फैमिली गेट टु गेदर

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा : अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण, महाराजगंज रघुशांती, एवं लियो क्लब ने संध्या को दीपावली मिलन समारोह सह दीपोत्सव का आयोजन बहुत धूम-धाम से फैमिली गेट टुगेदर कर के जन्नत पैलेस में मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डा एस के पांडे, अध्यक्ष लायन डा अनिल कुमार, लायन ममता पुतुल, जेड सी लायन रणधीर जायसवाल, आर सी लायन विक्की आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर परिसर को मिट्टी की दियों से सजाया गया, रंगोली बनाई गई एवं साथ हीं बच्चों के डांस के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक लोगों ने अपने परिवार के साथ भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम चेयरपर्सन प्रमोद मिश्रा ने बताया कि कई तरह के गेम सभी के लिए जैसे म्यूजिकल चेयर, स्टैच्यू डांस, प्लेइंग कार्ड एवं हाऊजी आदि का भी आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और चांदी के सिक्कों के साथ अन्य कई उपहार जीते। लकी ड्रा के माध्यम से भी क्लब सदस्यों ने एक से एक उपहार जीतें।

वहीं अध्यक्ष लायन डा अनिल कुमार ने इस मौके पर शहरवासियों से मिट्टी के दिए जलाने एवं इको फ्रेंडली दिपवाली मनाने की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजित सिंह, क्लब के सचिव शैलेंद्र कुमार, डा ओ पी गुप्ता, डा मकेश्वर चौधरी, अजय सिन्हा, गणेश पाठक, संदीप गुप्ता, नारायण पांडे, सुशील वर्मा, विक्की आनंद, बृजेंद्र किशोर, जगदीश शर्मा, वासुदेव गुप्ता, मनीष सिन्हा, लायन ममता पुतुल, लायन सोनी गुप्ता, लियो अध्यक्ष सुप्रीम, लियो छोटू, लियो स्वराज, लियो सूरज, ली विकास, लियो आदिल आदि सदस्यों के साथ-साथ सभी के परिवार के सदस्य मौजूद रहें।

मंच संचालन लायन मनोज वर्मा ।कल्प ने किया और उक्त जानकारी पी आर ओ लायन साकेत श्रीवास्तव ने दी।

# अधिकारियों ने रामघाट का किया निरीक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी के रामघाट पर निमार्णाधीन अटल घाट के भाग को स्थानीय प्रशासन ने बेहद खतरनाक बताते हुए उसकी घेराबंदी करने के साथ साथ उसके दोनों तरफ की घाटों पर छठ व्रतियों को अर्ध्यदान की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया है। सोमवार को रामघाट का निरीक्षण करने पहुँचे पदाधिकारियों ने प्रस्तावित अटल घाट से पश्चिम रेल पुल के समीप स्थित घाट तथा पुरब बहोरन सिंह के टोला छठ घाट को उपयुक्त बताते हुए दो भागों में व्रतियों के अर्ध्यदान करने की व्यवस्था करने का नगर पँचायत को निर्देश दिया। बताते चलें कि अटल घाट के निर्माण में लगी बुडको कम्पनी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर कुमार अमन तथा संवेदक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह ने माँझी नगर पँचायत की कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया को दो अलग अलग पत्र भेजकर निर्माणाधीन अटल घाट के एरिया में मौजूद कंकड़ पत्थर, लोहे का रॉड एवम तार की जाली से व्रतियों की जान का खतरा बताते हुए उक्त घाट को बेहद खतरनाक बताया था। पत्र के आलोक में घाट का निरीक्षण करने पहुँचे सीओ सौरभ अभिषेक, बीडीओ रंजीत सिंह, तथा कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया ने छठ घाट को दो भागों में विभाजित कर अर्ध्यदान कराने का निर्णय लिया। मौके पर उप मुख्य पार्षद आदि थे।

# रोहतास डीएम ने जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने के लिए कर्मियों को दिलाई शपथ

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम(रोहतास) : राज्य सरकार की ओर से भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति दृढ़तापूर्वक लागू करने के उद्देश्य से जिलेभर में तीन नवंबर तक सतर्कता अभिचेतना सप्ताह मनाया जायेगा। इस कड़ी में डीएम उदिता सिंह ने सोमवार को समाहरणालय के कर्मियों को प्रतिज्ञा की शपथ दिलायी। डीएम ने शपथ पत्र पढ़ा और कर्मियों ने उसे दोहराया। इस दौरान डीएम ने कहा कि हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे और इमानदारी और सत्य निष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे। हम न तो रिश्वत देंगे और न ही रिश्वत लेंगे। हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी और निष्पक्षता पर आधारित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं। हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे। हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति संहिता अपनाएंगे। हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के इमानदार निष्पादन के लिए उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे। हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान वपदार्फाश तंत्र का प्रबंध करेंगे। हम संबंधित पक्षों व समाज के अधिकारों तथा हितों का संरक्षण करेंगे।

# काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी ई किसान भवन में बीज वितरण

काराकाट (रोहतास) : काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी के ई किसान भवन में वर्ष 2024 -25 का रबि फसल के लिए बीज वितरण शुरू हो गया है ।जानकारी देते हुए प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह नोडल कृषि समन्वयक प्रवीण कुमार ने बताया कि बीज वितरण का कार्य 23 अक्तूबर से शुरू है। बताया कि बीस पंचायत के किसानों को अनुदानित दर पर बीज वितरण में फिलहाल चना, मसूर, मटर, सरसों के बीज का वितरण जारी है ।बीज वितरण रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। बीज वितरण पंचायत सिकरियां, बाराडीह, देव, मुंजी, सकला, सोनवर्षा तथा चिकसील में किया गया। बताया गया कि एक दिन में सात पंचायत के किसानों को बीज वितरण किया जा रहा है। रबि फसल के लिए अब तक चना का बीज 496 किसानों, सरसों का बीज 54 किसानों, मसूर का बीज 90 किसानों, मटर का बीज 27 किसानों को वितरित किया गया है। बताया कि गेहूं का बीज का वितरण अगले सप्ताह से होने की उम्मीद है। बीज वितरण में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अजीत सिंह, कृषि समन्वयक अमृत कुमार पाल, अजय प्रताप, मंजू कुमारी, श्वेत प्रभा, विमल कांत प्रसाद, किसान सलाहकार जैनेंद्र कुमार सिंह, रवि शंकर, मिथलेश सिंह, अखिलेश सिंह, हरेंद्र कुमार, इमरान आलम सहित कई किसान थे।

# पैक्स चुनाव से वँचित हो जाने की अशंका, राज्य निर्वाचन प्राधिकार से शिकायत

बनियापुर। सिसई पंचायत के पैक्स चुनाव के मतदाताओं को सदस्य से सह सदस्य बनाए जाने के मामले मे सदस्यों ने चुनाव से वँचित हो जाने की अशंका को देखते राज्य निर्वाचन प्राधिकार कि शिकायत पत्र सौप कर पहल कर स्थानीय पदाधिकारियो को निदेर्शीत करने का आग्रह किया है ताकि 30 अक्टूबर तक प्रकाशित सूची मे सदस्य बन सके और चुनाव से वँचित न हो सके। वही पिछले दिनों आपत्ति से संबंधित बैठक कर निष्पादन किया गया ।जहा सह निवार्ची पदाधिकारी आर एन चौधरी द्वारा सिसई पंचायत के पैक्स चुनाव के मतदाताओं की एक एक बिन्दुओ पर रिपोर्ट तैयार किया ।परन्तु अभी तक स्थिति यथावत है सदस्यों ने इस आशय की पत्र जिले के वरिय अधिकारियो को भी दिया है, मौके पर संजय कुमार शर्मा विनय कुमार ठाकुर महेश्वर ठाकुर वीरेंद्र सिंह उर्फ बीरु सिंह व्यास राय तारकेश्वर ठाकुर धर्मेंद्र यादव रवि राय आदि के हस्ताक्षर शामिल थे।

# टेलर और ट्रक के बीच आमने-सामने की हुई जोरदार टक्कर टेलर चालक की मौके पर मौत, सहचालक घायल

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के जमुआ पेट्रोल पंप की समीप सोमवार की सुबह करीब चार बजे टेलर और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे टेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई और एक सहचालक घायल हो गया। मृतक चालक देवरिया जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव निवासी जनकधारी चौहान के 40 वर्षीय पुत्र छोटू चौहान बताया जा रहा है। वही घटना में घायल सहचालक देवरिया जिला के भलुवानी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी रामवृक्ष चौहान के पुत्र अवधेश चौहान बताया जा रहा हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया की घटना में घायल सहचालक को गोडारी सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मृतक व घायल की परिजनों को दे दिया गया हैं। हाइड्रा क्रेन की मदद से टेलर व ट्रक को रोड़ से हटाकर पुलिस की निगरानी में रखी गई है। वहीं ट्रक चालक और सहचालक घटना के बाद दोनो मौका देख फरार हो गये।

# किसानों की आय बढ़ाने और नई तकनीक से कृषि कार्य करने के लिए कृषि विज्ञान संस्थान कर रहा है कार्य : कुलाधिपति



प्रातः किरण संवाददाता

डेहरी(रोहतास) : शाहाबाद और मगध क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने और नई तकनीक से उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारायण कृषि विज्ञान संस्थान हमेशा कार्य कर रहा है। परंपरागत कृषि से हटकर वाणिज्य कृषि की ओर अग्रसर होने के लिए कृषकों को प्रशिक्षित करने तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के सुविधा मुहैया करने के दिशा में हमेशा कार्य किया जा रहा है ।गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने आज सरसों के बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान यहां उपस्थित सैकड़ों किसानों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने किसानों को आस्वस्त किया कि नारायण कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा निशुल्क सेवा हमेशा किसानों के लिए जारी रहेगी। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्हें प्रतिदिन शाम को चार से पांच बजे अवकाश के दिन को छोड़कर तकनीकी जानकारी दूरभाष द्वारा उपलब्ध कराइ जाएगी। इसके लिए दूरभाष नंबर 8544425063 भी जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह एवं प्रतिकुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ने भी किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, कुलाधिपति के निजी सचिव योगेश उपाध्याय एवं कृष्णा साहू के साथ-साथ नारायण कृषि विज्ञान केंद्र के सभी कृषि वैज्ञानिक एवं शिक्षक गण तथा किसान लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉक्टर एच के सिंह ने किया। इस अवसर पर किसानों को सरसों के बीज के साथ ही सल्फर युक्त उर्वरक का पैकेट भी निशुल्क उपलब्ध कराया गया।

# विहंगम योग संस्थान भोजपुर द्वारा रेड क्रॉस ब्लड बैंक में स्वामी ज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा :विहंगम योग संस्थान भोजपुर के द्वारा स्थानीय रेड क्रॉस ब्लड बैंक में स्वामी ज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 65 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में बिहार एवं महामंत्री भूपेंद्र राय मंत्री उमेश कुमार की गरिमा में उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन विजय चंद्रकांत सचिव, योगेंद्र सिंह उपसचिव, भोजपुर जिला एवं संयोजक कृष्ण आरा अनुमंडल, संयोजक धर्मेंद्र कुमार धीरज पीरो अनुमंडल दिनेश पाल संयोजक जगदीशपुर अनुमंडल तथा

रीना गुप्ता संयोजिका आरा अनुमंडल के अथक प्रयास से किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय से पधारे दीनानाथ विश्वकर्मा की उपस्थिति ने सभी का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्यों में सुरेश कुमार, हरे राम सिंह, कृष्णानंद राम, जयधीर कुमार अनूप कुमार आरा के अलावा महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदाताओं में महिलाओं की भी भारी संख्या रही। आज के कार्यक्रम में रेड क्रॉस के सदस्य की उपस्थिति भी सराहनीय रही। संरक्षक उमेश चंद्र सिंहा कार्यकारिणी सदस्य अशोक शर्मा, तारकेश्वर ठाकुर, डॉ जितेंद्र शुक्ला, एवं डॉ बी पी सिंह ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का मन मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विज्ञान देव के जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रतिवर्ष की भांति प्रार्थना से की गई तत्पश्चात गुरुदेव के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए रक्तदान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अशोक शर्मा ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि रक्तदाता है तो कहीं का भी ब्लड बैंक है रक्तदाताओं के अभाव में जरूरतमंदों की जान नहीं बचाई जा सकेगी। तारकेश्वर ठाकुर ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा दान है जिसमें किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है और आपको स्वयं नहीं पता कि आप किसकी जान बचा रहे हैं यह गुप्त दान है इससे बड़ा दान कुछ हो ही नहीं सकता।

डॉक्टर जितेंद्र शुक्ला ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं स्वयं रक्तदाता हूं और मुझे इससे जो आत्म संतुष्टि मिलती है इसे आप भी महसूस करते होंगे, यह हम सबके लिए बहुत ही जरूरी है कि अपने जीवन काल में हम किसी न किसी रूप में सहयोग प्रदान कर जरूरतमंदों की मदद करते रहे करते रहें। संरक्षक उमेश चंद सिंहा ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं आश्वासन दिया कि जहां भी जरूरत होगी रेड क्रॉस आप सब की मदद के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था सचिव विभा कुमारी की देखरेख में की गई कार्यक्रम के समापन पर प्रार्थना के उपरांत सचिव विभा कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ आज का कार्यक्रम समाप्त हुआ। आज के कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के नाम इस प्रकार रहे--- पिंकी प्रसाद, बबीता देवी, कृष्णा प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, कमला देवी, रवि शंकर पांडे, निर्मल प्रसाद, विक्रांत ओझा, सुशीला देवी, शीला देवी, प्रवीण बजरंगी, पूजा देवी, सूर्यमणि तिवारी, शिव शंकर सिंह, शुभम सिंह, रोहित कुमार, मीरा उपाध्याय, सोनी उपाध्याय, दीनानाथ विश्वकर्मा, अनिल प्रसाद, मिंता देवी, हर्ष राज तिवारी एवं विजय चंद्रकांत सचिव भोजपुर जिला आदि प्रमुख रहे

# धनतेरस पर शहर की व्यावसायिक प्रतिष्ठाने सज धज कर तैयार, ग्राहक करेंगे खरीदारी आज

- शहर की प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम ग्राहकों से रहता है गुलजार

मो. अयूब

छपरा 'धनतेरस दीपावली महोत्सव की शुरूआत का प्रतीक है, इसको लेकर बाजारों की दुकाने सज गई है, व्यापारी वर्ग भी अपने शोरूम में नई-नई रेंज की आकर्षक और लुभावने आइटमों से ग्राहकों को कर रहे हैं आकर्षित ' धनतेरस के अवसर पर शहर के विभिन्न ज्वेलरी दुकानों में ग्राहकों की खूब भीड़ लगती है, सोना चांदी और हीरे से बनी ज्वेलरी की खूब खरीदारी की जाती है ' जबकि धनतेरस के अवसर पर तांबे से बनी बर्तन सहित अन्य किचन से संबंधित बर्तनों की भी खूब बिक्री होती है ' वहीं धनतेरस पर इलेक्ट्रानिक सामानों की भी जमकर खरीदारी की जाती रही है ' शहर में धनतेरस पर करोड़ों से अधिक का व्यापार होता है ' धनतेरस, जिसे धन त्रयोदशी भी कहा जाता है ' यह पर्व मुख्यतः धन, समृद्धि और स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि को समर्पित है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है और इस दिन का विशेष महत्व है। भारतीय संस्कृति में इस दिन को लेकर कई मान्यताएँ और परंपराएँ प्रचलित हैं, जिनका समाज में गहरा प्रभाव है।

धनतेरस का पर्व भगवान धन्वंतरि से जुड़ा हुआ है, जो आयुर्वेद के जनक माने जाते हैं। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे। उनके साथ अनेक अन्य रत्न और औषधियाँ भी प्रकट हुईं, जिनमें से एक ह्यधनह्ण का महत्व विशेष है। इस दिन देवी लक्ष्मी की आराधना भी की जाती है, जो समृद्धि और ऐश्वर्य की देवी हैं।

धनतेरस पर लोगों द्वारा अपने घरों में नए बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण, और अन्य कीमती वस्तुएँ खरीदने की परंपरा रही है, इसे समृद्धि और धन के आगमन का प्रतीक माना जाता है।

धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदे गए बर्तन में समृद्धि आती है। इसके अलावा, सोने और चांदी के आभूषण खरीदना भी इस दिन की एक खास परंपरा है। यह भी मान्यता है कि जो धनतेरस पर नए आभूषण खरीदता है, वह सालभर धन और समृद्धि का अनुभव करता है ।इस दिन लक्ष्मी माता की पूजा का आयोजन किया जाता है। लोग अपने घरों में दीप जलाते हैं, और लक्ष्मी जी के स्वागत के लिए रंगोली बनाते हैं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का समय पर अनुपालन जरूरी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि समय-समय पर भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों से आप सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया जा रहा है। अर्हता तिथि दिनांक-01.01.2025 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज की बैठक आयोजित की गयी है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचन सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिनांक-29.10.2024 को निर्वाचक सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा। दिनांक-29.10.2024 से 28.11.2024 तक दावा एवं आपति प्राप्त की जायेगी। इसी क्रम में 02 नवंबर, 03 नवंबर, 23 नवंबर एवं 24 नवंबर 2024 को विशेष कैम्प का भी आयोजन किया जायेगा। प्राप्त दावा/आपत्तियों को निष्पादित करने की अंतिम तिथि दिनांक-24.12.2024 निर्धारित है। दिनांक-06.01.2024 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का समय पर अनुपालन सभी को करना है। राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव अपने स्तर से जिले के जेंडर रेसियों पर ध्यान देंगे। शत-प्रतिशत महिलाओं एवं किशोरियों का नाम मतदाता सूची में शामिल हो, इस हेतु सार्थक प्रयास करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराते रहें। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सभी को उपलब्ध करायें। उन्होंने निर्देश दिया कि विशेष अभियान दिवस को मतदान केन्द्र पदाधिकारी यथेष्ट संख्या में सभी प्रपत्र के साथ संबंधित मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध रहेंगे एवं निर्वाचकों से दावा एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने निर्वाचन शाखा को विशेष अभियान दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के पश्चात विधान सभावार मतदान केन्द्रों की विस्तृत जानकारी यसलोक रंजन, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बेतिया द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि युक्तिकरण के पश्चात 01-वाल्मीकिनगर में वर्तमान में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या-263 है। इसी तरह 02-रामनगर (अजा0) में 335, 03-नरकटियागंज में 282, 04-बगहा में 315, 05-लौरिया में 267, 06-नौतन में 291, 07-चनपटिया में 294, 08-बेतिया में 300 तथा 09-सिकटा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 284 मतदान केन्द्रों की संख्या है। प्रपत्र-06 में निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, मैट्रिक/इंटर का प्रमाण पत्र, भारतीय पासपोर्ट (उम्र के लिए) एवं निवास के लिए पानी/बिजली/गैस कनेक्शन बिल, आधार, भारतीय पासपोर्ट, किसान बही, रेन्ट लीज डीड की जरूरत है।

# नियमित टीकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना जरूरी : सीएस

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम) नियमित टीकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इसके अंतर्गत सभी बच्चों को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में कैसे शामिल किया जाय ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके, इसके ऊपर विचार-विमर्श किया गया। सीएस ने कहा कि नियमित टीकाकरण स्वस्थ राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो गर्भवती महिलाओं और नवजात को पांच वर्षों तक नियमित रूप से दिया जाता है। शिशुओं को दिया जाने वाला टीका शिशुओं को कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। इसलिए नियमित रूप से बच्चों और नवजातों का टीकाकरण कराना जरूरी है।

डब्लूजेसीएफ के राज्य नियमित टीकाकरण प्रबंधक व जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा कार्यशाला का संचालन किया गया। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के परिवार वालों को टीकाकरण कराने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए गहनता पूर्वक विचार विमर्श करना का परामर्श दिया। इस मौके पर एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा और डीआईओ डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि टीकाकरण बच्चों को डिप्थेरिया, काली खांसी, हेपेटाइटिस बी, टेटनेस, पोलियो, टीबी व खसरा जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है। नियमित टीकाकरण के दौरान बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी, मिजल्स, विटामिन ए, डीपीटी बूस्टर डोज, मिजल्स बूस्टर डोज और बूस्टर ओपीवी के टीके लगाए जाते हैं। इस मौके पर डीपीओ आईसीडीएस कविता कुमारी तथा मझौलिया ब्लॉक एवं भीतहा ब्लॉक के स्वास्थ्य पदाधिकारी, जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी, जिला लेखा प्रबंधक, जिला महामारी पदाधिकारी एवं सहयोगी संस्था डब्ल्यू०एच०ओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी, पीसीआई के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने दीपावली एवं छठ को लेकर की शांति समिति की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता




अरवले जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में आगामी दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति एवं विधि व्यवस्था की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी लोगों को दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने सभी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाने के लिए जिले वासियों से आग्रह किया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को निदेशित किया गया कि लक्ष्मी पूजा में मुर्ति स्थापित एवं विसर्जन से संबंधित स्थलों को चिन्हित करेंगे साथ ही प्रतिमाओं के संस्थापन हेतु भी अनुज्ञप्ति प्राप्त करना होगा। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि जिले में केवल अनुज्ञप्तिधारी पटाखा विक्रेताओं को ही पटाखा बेचने की अनुमति होगी। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को निदेश दिया गया कि सभी जगहों पर उचित लाईटिंग की व्यवस्था होनी चाहिए, चूंकि यह प्रकाश का पर्व है। उन्होंने आगे छठ पर्व के बारे में बताया कि सभी खतरनाक सोनतटीय घाटों एवं अन्य घाटों को चिन्हित कर बैरिकेडिंग का कार्य किया जायेगा। सभी घाटों को अच्छी तरह से बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, यातायात, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि दोनों पर्वो में कहीं भी किसी भी प्रकार की अश्लील सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु अनुज्ञप्ति की अनिवार्यता रहेगी। सभी छठ घाटों पर एक-एक कॉन्ट्रोल रूम की व्यवस्था लाउडस्पीकर के साथ की जायेगी। असैनिक शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि पर्व के अवसर पर सभी छठ घाटों पर एक-एक मेडिकल टीम की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी छठ घाट जाने वाले रास्तों का उचित तरीके से निरीक्षण करना तथा जाने वाले रास्ते में गस्ती बल की प्रतिनियुक्ति भी करेंगे एवं यदि कोई स्थानीय विवाद परिलक्षित होता है तो उसे निष्पादित करना भी सुनिश्चित करेंगे तथा इसकी प्रतिवेदन जिला मुख्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन व वीडियोग्राफी से भीड़ और दूसरी तरह की आपत्तिजनक गतिविधियों पर भी नजर रखा जायेगा। महत्वपूर्ण छठ घाटों पर जहाँ भीड़ की संभावना ज्यादा रहती है, वहाँ पर यातायात, पार्किंग, गोताखोर का विशेष ध्यान रखेंगे। छठ घाटों पर माईकिंग करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया साथ ही पब्लिक सिस्टम स्थापित करने हेतु निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, पुलिस उपाधिक्षक, एनडीआरफ आदि थे।

# दीपावली और छठ महापर्व को लेकर करें गुणवत्तापूर्ण साफ सफाई सुनिश्चित:गरिमा

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक सोमवार को आहूत की गई। नगर निगम के वातानुकूलित सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहीं महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने पुष्प गुच्छ देकर नवागत नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह का स्वागत किया। इसके साथ ही महापौर ने कहा कि तीन दिन बाद दीपावली और उसके छह दिन बाद पूरे नेम टेम से मनाए जाने वाले छठ महापर्व को लेकर पूरे नगर निगम क्षेत्र के घर घर में तैयारी जारी है। इसको लेकर गुणवत्तापूर्ण साफ सफाई सुनिश्चित करना नगर निगम प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। इसमें कोई भी कोताही या ढिलाई उजागर होना प्रशासनिक लापरवाही होगी। इसलिए हम चाहेंगे कि एक एक छठ घाट तथा उसके पहुंच पथों की उत्तम साफ सफाई नगर निगम की पहली और सर्वोपरि जिम्मेदारी है। पूर्व से लगी हुई सभी लाइटों की रिपेयरिंग कराना सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। महापौर श्रीमती सिकारिया के इस कथन से पूर्णतया सहमति व्यक्त करते हुए नगर आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि बेतिया नगर निगम के आयुक्त पद पर मेरे योगदान के अभी महज 48 घंटे ही हुए हैं। बावजूद इसके मैं दिन रात एक कर के मैं माननीया महापौर द्वारा निर्देशित कार्य को सफल बनाने में लग गया हूं। बहुत जल्द ही सभी वार्डों में झाड़ू, चुना, ब्लीचिंग आदि उपयोगी सामग्री मुहैया करा दिया जाएगा। इसके साथ ही महापौर मैडम के साथ पूरे सदन से अनुरोध है कि नगर निगम बोर्ड की आज की बैठक में विचारणीय विभिन्न मुद्दों के बाबत मेरी जानकारी काफी कम है। संबंधित अभिलेखों का अध्ययन के बाद ही मैं किसी भी प्रस्ताव का अनुपालन के बाबत कुछ कर सकूंगा। अतः मेरा अनुरोध है कि आज की बैठक में विचारणीय सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए छठ महापर्व सम्पन्न हो जाने के बाद ही नगर निगम बोर्ड की बैठक महापौर मैडम द्वारा आहूत की जाय। नगर आयुक्त के अनुरोध को उचित बता कर स्वीकार करने के साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हाउसिंग फॉर ऑल योजना के 139 चयनित लाभुकों को विभागीय स्वीकृति के आधार पर कायार्देश मुहैया कराने के बाद भी आज तक उन्हें लाभ नहीं मिल पाया है। तब नगर आयुक्त ने बताया कि वर्षों लंबित इस कार्य का अंतिम निष्पादन चालू माह की 30 तारीख तक या उससे पूर्व कर लेने का विभागीय आदेश प्राप्त है।

# तीन दिवसीय दिवाली विद माई भारत कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




प्रातः किरण संवाददात

पटना। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत माई भारत की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम ये दिवाली माई भारत के साथ का शुभारंभ पटना में सोमवार को हुआ।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज ट ईँ१३ - नेहरू युवा केन्द्र पटना और कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (उअक्ळ) बिहार के संयुक्त तत्त्वधान में पटना के खेतान मार्केट एवं पटना सिटी के कंगन घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

खेतान मार्केट एवं कंगन घाट में उअक्ळ प्रतिनिधि रमेश गांधी एवं अनंत अरोरा के नेतृत्व में यह स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें वार्ड सं 39 के वार्ड पार्षद राहुल यादव, वार्ड सं 66 के वार्ड पार्षद मनोज कुमार के साथ नेहरू युवा केन्द्र संगठन बिहार के राज्य निदेशक सरवेन्द्र प्रताप सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मो. कमाल परवेज, राजेश प्रसाद, अनिल यादव, मनोज कुमार सिन्हा, सुजय कुमार पांडे के साथ नेहरू युवा केन्द्र पटना के जिला युवा अधिकारी पामिर सिंह एवं शिवजी राम, सामाजिक एवं युवा केन्द्रित संगठनों से प्रेम कुमार, अर्पणा बाला एवं कृष्ण भूषण सिंह एवं मिश्री लाल साह उपस्थित थे। कंगन घाट पर गंगा महा आरती टीम के राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उक्त अवसर पर रमेश गांधी ने कहा कि ह्लये दिवाली ट ईँ१३ के साथह्न कार्यक्रम एक अद्भुत पहल है जो समाज के सभी तबके के लोगों को जोड़ता है। अनंत अरोरा ने कहा कि इस तरह के स्वच्छता अभियान समय-समय पर चलते रहना चाहिए, खासकर त्योहारों के अवसर पर, जिससे नागरिक सुविधा बढ़ने के साथ-साथ लोगों में, पर्यावरण में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े।

राज्य निदेशक सरवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ट ईँ१३ के माध्यम से सरकार का लक्ष्य है कि युवाओं के साथ साथ विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों को भी जोड़ा जाए, जिससे ट ईँ१३ एक सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में उभर कर आ सके।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र संगठन के युवा मण्डल के सदस्यों एवं युवा स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ आम नागरिकों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शिक्षा मंत्री से मिले कॉलेज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल रंजन

प्रातः किरण संवाददात



गया बिहार प्राइवेट कॉलेज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल रंजन जी बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार जी से पटना शिक्षा विभाग कार्यालय में मुलाकात किया एवं मगध विश्वविद्यालय के विलंब सत्र हेतु नव संबंद कॉलेज एवं नव स्थापित कॉलेज के संबद्धता प्रदान करने हेतु शिक्षा मंत्री को प्रतिवेदन सोपा। राहुल रंजन ने शिक्षा मंत्री से कहा कि अगर कॉलेज को समय अनुसार संबंधता नहीं दी गई तो यह मामला छात्र हित के विरोध में एवं कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध में समझ जाएगा कॉलेज संघ यह मांग करती है कि हम लोग कॉलेज निर्माण में भिक्षाटन कर छात्र एवं समाज हित में करोड़ों रुपया कॉलेज के निर्माण एवं छात्र के भविष्य निर्माण हेतु लगाए हुए हैं जिसमें नव संबंद कॉलेज एवं नव स्थापित कॉलेज में हजारों की संख्या में शिक्षक एवं शिक्षाकेतर कर्मचारीयों का रोजगार का मामला होता है सत्र विलंब होने के कारण हजारों लोगों के रोजगार आधार में है जिससे हजारों लोगों का घर चलता है। एवं लाखों छात्रों का भविष्य का सवाल है। जिनका अभी तक किसी भी महाविद्यालय में नामांकन नहीं हुआ है। जो नामांकन हेतु इंतजार में है। बिहार के अन्य विश्वविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरूआत होकर अंत हो चुकी है लेकिन मगध विश्वविद्यालय में अभी तक नामांकन प्रक्रिया सिर्फ कुछ मान्यता प्राप्त पुराने कॉलेज में हुआ है एवं शेष कॉलेज जिनका निरीक्षण शुल्क जमा है निरीक्षण प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है उसके बावजूद भी इन्हें नामांकन का आदेश नहीं दिया गया है जिस कॉलेज प्रशासन एवं छात्र का भविष्य अंधकार में है। शिक्षा मंत्री बिहार सरकार ने यह संघ को आश्वासन देते हुए कहा कि हम उक्त मामले पर अभिलंब कार्य करेंगे जिससे छात्र हित एवं कॉलेज हित में सही होगा। इसमें संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, जितेंद्र कुमार, आनंद देव हाजीपुर, महेंद्र रजक, सकलदेव शर्मा, देवचरण पासवान, राजाराम शर्मा, शिवनाथ भगत मधेपुरा, एवं प्रदेश कमेटी के कई अन्य सदस्य भी मौजूद रहे शिक्षा मंत्री से मिलकर एवं शिक्षा मंत्री का आश्वासन पाकर सभी प्रदेश के कॉलेज संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने शिक्षा मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष राहुल रंजन का धन्यवाद व्यक्त किया है

# इनर व्हील क्लब ने धूमधाम से मनाया दीपावली का उत्सव



प्रातः किरण संवाददात

गया।इनर व्हील क्लब गया द्वारा धुमधाम से मनाई गई है।दिवाली एक खुशियों और दीपो का त्योहार है।क्लब की महिलाओं ने इशे बड़े ही धूम से दीप जला कर तथा कई तरह के गेम खेल कर मनाया गया है।

रंग बिरंगे परिधान में लजीज पकवान के साथ क्लब की महिलाओं ने बड़े धूम मचाई, दिवाली मीट और क्लब की जनरल मीटिंग दोनों साथ - साथ मनाई गई है।

महिलाओं ने हौजी में कई तरह के गिफ्ट जीते, और लीना गुप्ता ने क्लब की महिलाओं को रील बनाने की गुर सिखाये।इस में तकरीबन ५० महिलाओं ने हिस्सा लिया क्लब हर साल की भाँति इस साल भी दिवाली बड़े धूम से मनाया गया है।

# डीडीयू-पटना के रास्ते दिल्ली से जयनगर एवं भागलपुर के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू



प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।इसी कड़ी में पटना के रास्ते दिल्ली से जयनगर एवं भागलपुर के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उधना-जयनगर एवं पुणे-दानापुर के मध्य एक-एक फेरे अनारक्षित स्पेशल का भी परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी संख्या 04034/04033 दिल्ली-जयनगर-दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल- डीडीयू, पटना, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा के रास्ते दिल्ली और जयनगर के मध्य गाड़ी संख्या 04034/04033 दिल्ली-जयनगर-दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 16 कोच होंगे। गाड़ी सं. 04034 दिल्ली-जयनगर फेस्टिवल स्पेशल दिल्ली से 30 अक्टूबर, 02 एवं 05 नवम्बर, 2024 को 23.45 बजे खुलकर अगले दिन 15.20 बजे पटना सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 23.00 बजे जयनगर पहुंचेगी।वापसी में गाड़ी सं. 04033 जयनगर-दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल 01, 04 एवं 07 नवम्बर, 2024 को जयनगर से 04.00 बजे खुलकर 10.50 बजे पटना सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 03.00 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

2.गाड़ी संख्या 04036/04035 नई दिल्ली-भागलपुर-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल- डीडीयू, पटना, किउल, जमालपुर के रास्ते नई दिल्ली और भागलपुर के मध्य गाड़ी संख्या 04036/04035 नई दिल्ली-भागलपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी श्रेणी के 15 कोच होंगे।गाड़ी सं. 04036 नई दिल्ली-भागलपुर फेस्टिवल स्पेशल नई दिल्ली से 30 अक्टूबर, 02 एवं 05 नवम्बर, 2024 को 12.00 बजे खुलकर अगले दिन 04.20 बजे पटना सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 10.00 बजे भागलपुर पहुंचेगी।वापसी में गाड़ी सं. 04035 भागलपुर-नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल 31 अक्टूबर, 03 एवं 06 नवम्बर, 2024 को भागलपुर से 13.00 बजे खुलकर 18.35 बजे पटना सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 11.40 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

3.गाड़ी संख्या 09039/09040 उधना-जयनगर-उज्जैन अनारक्षित स्पेशल- डीडीयू, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा के रास्ते उधना से जयनगर तथा वापसी में जयनगर से उज्जैन के मध्य गाड़ी संख्या 09039/09094 उधना-जयनगर-उज्जैन अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।इस स्पेशल ट्रेन में सामान्य श्रेणी के 06 एवं शयनयान श्रेणी के 07 कोच होंगे जो सभी अनारक्षित कोच के रूप में प्रयोग किया जायेगा।गाड़ी सं. 09039 उधना-जयनगर अनारक्षित स्पेशल उधना से 28 अक्टूबर, 2024 सोमवार को 10.15 बजे खुलकर मंगलवार को 23.00 बजे पाटलिपुत्र सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए बुधवार को 07.00 बजे जयनगर पहुंचेगी।वापसी में, गाड़ी सं. 09040 जयनगर-उज्जैन अनारक्षित स्पेशल 30 अक्टूबर, 2024 बुधवार को जयनगर से 11.30 बजे खुलकर 17.00 बजे पाटलिपुत्र सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 18.15 बजे उज्जैन पहुंचेगी।

4.गाड़ी संख्या 01419/01420 पुणे-दानापुर-पुणे अनारक्षित स्पेशल- जबलपुर, प्रयागराज छिवकी, डीडीयू के रास्ते पुणे और दानापुर के मध्य गाड़ी संख्या 01419/01420 पुणे-दानापुर-पुणे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।गाड़ी सं. 01419 पुणे-दानापुर अनारक्षित स्पेशल पुणे से 28 अक्टूबर, 2024 सोमवार को 10.50 बजे खुलकर अगले दिन 21.30 बजे दानापुर पहुंचेगी।

# जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में शांति निकेतन एकेडमी के छात्र-छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता



गया। गया कॉलेज के खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय फर्स्ट ओपन कराटे चैंपियनशिप में शांति निकेतन अकादमी के छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में गया जिले के लगभग 300 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शांति निकेतन अकादमी के 10 छात्र-छात्राओं शामिल थे।इस प्रतियोगिता में अकादमी के सात छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। दो छात्र-छात्राओं ने सिल्वर मेडल तथा एक छात्रा ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। गोल्ड मेडल विजेताओं में कक्षा-छः की जानवी कुमारी, पल्लवी वर्मा, प्रिंस कुमार, सास्वत कुमार सिंह, कक्षा-सात की अंशिका पांडेय, कक्षा-एक के शिदु महाराज और कक्षा-तीन के अभियांशु राज शामिल हैं। सिल्वर मेडल जीतने वालों में कक्षा-छः की अलीशा कुमारी गुप्ता और कक्षा-दो के आदर्श राज का नाम शामिल है। वहीं, कक्षा-चार की एलेन सारा ने ब्रोंज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।इसके लिए शांति निकेतन अकेडमी के चेयरमैन श्री हरिप्रपन्न ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के कामना की और आगे राज्य स्तरीय एवं देश स्तरीय खेल की तैयारी के लिए अपने प्रबंधन एवं शिक्षकों को निर्देश दिया कि ऐसी तैयारी की जाए की जिसमें हमारे बच्चे राज्य स्तर और देश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सके इसके लिए विद्यालय के कराटे टीचर आनंद सर को भी बधाई दी एवं आभार प्रकट किया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने छठ पर्व का किया मंचन

प्रातः किरण संवाददाता




अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल अरवल में अर्घ्य देने से लेकर पारण तक की प्रक्रिया का मंचन करते बच्चे तेज पूरा बैदरबाद अरवल दिल्ली पब्लिक स्कूल, में लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। स्कूली बच्चों ने पूरी तन्मयता से छठ महापर्व का मंचन किया। बच्चों ने अर्घ्य देने से लेकर पारण तक पूरी प्रक्रिया बेहतरीन ढंग से की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिक ।ओं ने छठ गीत गाए और छोटे बच्चों ने पारंपरिक परिधान में सूर्यदेव को अर्घ्य देकर कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका अलीशा कुमारी व शिक्षिका प्रीति कुमारी, सलोनी, कुमारी अमिषा सुप्रिया कुमारी अंजू कुमारी इशरत फिरोज रिंकी रेखा ऋषि सोनम पाठक संग के शिक्षक रंजीत कुमार रोशन कुमार मनोज कुमार हरवंश कुमार शंकर कुमार रवि कुमार वरिष्ठ शिक्षक विश्वेश्वर सिंह ने प्रमुख भूमिका निभाई। स्कूल के दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देशक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि स्कूल में इस तरह का आयोजन करने से बच्चों में अपनी सभ्यता व संस्कृति का विकास होता है। समय-समय पर स्कूल में इस तरह का आयोजन होना चाहिए। बच्चों में अपनी सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान बचपन से होना चाहिए।

## मां सुकनी देवी स्मृति दिवस समारोह सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददात

भोजपुर। पिरो, राजापुर,राजवाहा पुल ,जननायक कर्पूरी ठाकुर सामुदायिक सह पुस्तकालय भवन पर प्रेरणा श्रोत मां सुकनी देवी स्मृति दिवस समारोह गांव गरीब चेतना मंच भोजपुर सह जदयू नेता डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम समाजसेवी भूमिदान दाता,प्रेरणा श्रोत माता सुकनी देवी की तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण सह निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर में हजारों रोगियों को जांच कर दावा वितरण कर रोगियों को उचित सलाह चिकित्सों ने दिया । प्रमुख चिकित्सकों में अवकाश प्राप्त सिविल सर्जन कान,नाक गला विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार सिंह, एसीएमओ, डॉ के एन सिन्हा, डॉ के के सिंह ,डॉ रुंगटा नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ विकास चंद्र जैन,डॉ ए अहमद, डॉ सुजीत कुमार,डॉ अमर जीत सिंह, फार्मासिस्ट आदि थे।

# दीवाली विद माय भारत कार्यक्रम का शुभारंभ गया कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया

प्रातः किरण संवाददात




गया।भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, पटना के बैनर तले ह्लदीवाली विद माय भारतह्व कार्यक्रम का शुभारंभ गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ सतीश सिंह चंद्र के द्वारा किया गया. यह कार्यक्रम 28 ,29 और 30 अक्टूबर को गया शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान तथा ट्रैफिक वाले चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की सहायता और अस्पतालों में मरीजों की सेवा के लिए गया कॉलेज गया के वॉलिंटियर्स तैनात किए जाएंगे इस कार्यक्रम का उद्देश्य माय भारत के 1 वर्ष सफलता पूर्वक पूरे होने पर स्वच्छता, सुख शांति और सहयोग के रूप में मनाया जाना है।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज स्तर पर स्वयंसेवकों की मीटिंग बुलाई गई जिसमें कार्यक्रम के सफल निष्पादन के लिए चर्चा की गई और उसमें से तीन सक्रिय स्वयंसेवकों को लीडर बनाया गया है। जिसमें स्वच्छता अभियान का नेतृत्व सौरव कुमार ,ट्रैफिक नियमों की जागरूकता और ट्रैफिक सहायता वाले ग्रुप का नेतृत्व मोहम्मद इश्तियाक आलम और अस्पताल में मरीजों की सेवा और उनके रखरखाव के लिए बनाए गए ग्रुप का नेतृत्व स्मृति कुमारी करेंगी।

तीनों समूहों में 15-15 वॉलिंटियर्स को तैनात किया गया है जो रोजाना कार्यक्रम की रिपोर्ट कार्यक्रम पदाधिकारी को सौंपेंगे जिसे क्षेत्रीय निदेशालय ,राष्ट्रीय सेवा योजना ,पटना को भेजा जाना है। प्रधानाचार्य ने पूरे गया शहर में गया कॉलेज को इस कार्यक्रम के लिए चुने जाने पर खुशी जाहिर की और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामना दी है। आज सोमवार को गया कॉलेज गया के गेट नंबर वन से लेकर गेट नंबर 2 तक के सामने स्थित मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें दुकानों के सामने स्थित कूड़ा करकट को इकट्ठा किया गया और उसे नगर निगम की गाड़ियों में डिस्पोज किया गया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों में मोहम्मद इश्तियाक आलम , सौरव कुमार, स्मृति कुमारी, रौशनी कुमारी, राहुल राज, उरूज तौकीर,अमित कुमार ,आर्यन कुमार ,प्रवीण कुमार ,शुभम कुमार, नंदनी कुमारी ,प्रतिभा पांडे, रोशनी कुमारी, श्रेया कुमारी, पल्लवी कुमारी ,विपिन कुमार, विशाल राज ,अभिजीत सिंह, सत्यम भोला ,नीरज कुमार, पंकज कुमार, हर्ष कुमार ,आरव, राज किशोर कुमार ,रोहित रंजन, कुंदन कुमार, राहुल कुमार, शुभम कुमार, पल्लवी कुमारी, श्रेया कुमारी ने सहभागिता की और स्वच्छता अभियान को सफल बनाया इसके बाद अस्पताल में इन स्वयंसेवकों के द्वारा सेवा अभियान चलाया गया है।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सतर्कता अभिचेतना सप्ताह की बैठक आयोजित



प्रातः किरण संवाददात

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में सतर्कता अभिचेतना सप्ताह की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को दृढ़तापूर्वक लागू कर सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार नियंत्रण हेतु ठोस प्रयास जारी है। भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु बिहार विशेष अधिनियम 2009 के अंतर्गत भ्रष्ट लोक सेवकों की सम्पति को राजसात करने की कार्रवाई को गति प्रदान की गई है। इस दौरान सभी कार्यालयों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ शपथ भी दिलाई गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मंत्री के समक्ष विभिन्न मुद्दों को रखा

प्रातः किरण संवाददाता



गया।बिहार सरकार के सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने हाल ही में शहर के उत्तरी मंडल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई, जहां यह बताया गया कि गया विधानसभा में अब तक लगभग 27,000 सदस्य और गया जिला में लगभग सवा लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं।

इस बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने शहर के विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की, जिसमें मुख्य रूप से सफाई अभियान, नली-गली की मरम्मत और निर्माण कार्यों के साथ ही कुओं की सफाई पर ध्यान दिया गया। उन्होंने शहर में सफाई की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आश्वासन दिए, ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

गया नगर निगम में पाई गई अनियमितताओं पर विशेष चर्चा करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने नगर निगम की कार्यशैली पर चिंता जताई है। उन्होंने यह कहा कि नगर निगम में भारी अनियमितताओं की जानकारी मिली है, जिसके चलते नगर आयुक्त से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि शहर के विकास और सफाई कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने मंत्री के समक्ष विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े अपने सुझाव और समस्याओं को रखा जिनमें भाजपा के मंडल अध्यक्ष शंभू यादव वार्ड पार्षद ओम प्रकाश यादव मोहम्मद वसीम शिवनारायण चंद्रवंशी राकेश कुमार समीर चटर्जी श्याम बिहारी करण दिवाकर पम्मी, मालती देवी आदि मुख्य रहे।

## स्टेंडिंग कमेटी सदस्य एवं नगर निगम आयुक्त ,मेयर द्वारा 26 घाटों को जायजा लिया, दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददात



गया। लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर गया नगर निगम ने तैयारी तेज कर दी है. इस बार चिह्नित 26 घाटों पर निगम छठ पूजा के लिए विशेष तौर पर तैयारी कर रहा है।तैयारियों को लेकर इसी क्रम बुधवार को मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, नगर आयुक्त कुमार अनुराग सहित तमाम पदाधिकारियों ने विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया गया है।.

सर्वप्रथम शहर के पिताहमहेश्वर घाट देखने पहुंचे. जहां मेयर ने अस्थाई पुलिया, चेजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था कंट्रोल रूम, साफ-सफाई सहित कई दिशा निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने सीढ़िया घाट, राय बिंदेश्वरी घाट सहित कई घाटों का जायजा लिया. जहां देखा गया कि फल्गु नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी के कारण व्रतियों को किसी प्रकार से परेशानी नहीं होगी। साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित कई तरह के जरूरी निर्देश दिए गए हैं।इसके साथ ही मेयर ने अधिकारियों से निर्देश देते हुए कहा कि दीपावली को लेकर पूरे शहर गंदगी पसरा हुआ, उन्होंने दो पालियों में साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया है। ताकि पूजा पंडालों के इर्द गिर्द सहित शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था मुकम्मल बनी रहे हैं।इस मौके पर मेयर गणेश पासवान ने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का पर्व है. छठ व्रतियों को कहीं कोई परेशानी ना हो, इसे लेकर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को युद्ध स्तर पर पूरा किया जा रहा है. छठ व्रतियों को किसी प्रकार से परेशानी न हो, इसका खासा ख्याल रखा जाएगा और इसके लिए निगम पूर्व से ही पूरी तरह गंभीर है और तैयारियों में जुटा हुआ है।स्टैंडिंग कमेटी सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में व्रतियों को किसी प्रकार से समस्या न हो. इसके लिए नगर निगम कृत संकल्पित है. निगम चिन्हित 26 घाटों पर मुकम्मल व्यवस्था में जुटा हुआ है. निगम के विभिन्न संसाधनों के द्वारा इसबार घाटों पर विशेष तौर तैयारी की जा रही है।

नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि लगभग 26 घाटों पर नगर निगम की ओर तैयारी में जुटा है। निगम की ओर से छठ व्रतियों के सुविधा अनुरूप तैयारी होगी। जहां घाटों की पानी की समस्या होगी, वहां कुंड भी बनाए जाएंगे। घाटों पर साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था मुकम्मल रखा गया है।निगम की ओर से ये व्यवस्था होगी।26 घाटों पर विशेष तैयारी किया जाएगा।प्रमुख घाटों पर 30 से ज्यादा चेजिंग रूम।,7 कंट्रोल रूम।,सभी घाटों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए 1500 से ज्यादा ट्यूबलाइट।,लगभग 52 से जेनरेटर।,500 मेटर लाइट।

इसके अलावा प्रमुख घाटों पर लाइटिंग से साज सज्जा भी की जाएगी।इस मौके पर पार्षद उप नगर आयुक्त शिव नाथ ठाकुर, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, सफाई पदाधिकारी, जेई, पार्षद प्रतिनिधि ओम यादव, प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव, गुड्डू यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## अपराधियों ने कबाड़ी व्यवसाई को मारी गोली

प्रातः किरण संवाददात

आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में सोमवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाएं साइड कंधे में लगी है। जख्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव वार्ड नंबर 12 निवासी भुनेश्वर यादव के बेटे सूबेदार यादव (38) है। वह पेशे से कबाड़ी का काम करता है।

जख्मी युवक ने बताया कि वह अपने घर से किराना समान लेने के लिए गए थे। समान लेकर जब वापस घर लौट रहे थे, इसी दौरान घर से 200 मीटर की दूरी पर बगीचे के पास अचानक मुझे गोली लग गई। गोली की आवाज सुनाई दी, लेकिन किसने मारा यह देख नहीं पाए।

गोली लगने के बाद इस घटना की जानकारी हमने परिजनों को दी। इसके बाद आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव सिन्हा अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं।

## विभिन्न विभागों में रंगोली प्रतियोगिता कार्यकम का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददात

गया।गया कॉलेज गया में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन दीपावली की पूर्व संध्या पर विभिन्न विभागों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने विभागों का निरीक्षण कर बच्चों के मनोबल को बढ़ते हुए कहा कि भारत बहुरंगी संस्कृति का देश है यहां विभिन्न तीज त्योहार को सभी धर्म के लोग मिलजुल कर सर्वधर्म समभाव से मनाते हैं वाले विभाग अध्यक्ष एमसीए विभाग डॉक्टर अमित कुमार ने कहा कि बच्चों के द्वारा विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से भारतीय त्योहारों को दशार्ने की यह सराहनीय पहल है विभाग अध्यक्ष शिक्षा शास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि भारत के बहुभाषी एवं बहुरंगी संस्कृति को बच्चों ने रंगों के माध्यम से दशार्ने का प्रयास किया है ।शिक्षकों में विभिन्न कला कौशलों के विकास के उद्देश्य से ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षा शास्त्र विभाग में निरंतर किया जाता है जिससे कि इनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके मौके पर एमसीए विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के सभी शिक्षक शिक्षक कर्मचारी समेत भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# दीपावली पर सन सिटी कॉम्पलेक्स में फ्लैट की खरीद पर विशेष ऑफर के साथ पाएं गिफ्ट

प्रातः किरण संवाददाता

गया। दीपावली और छठ के मौके पर भू-स्वामी बिल्डिकॉन प्राइवेट लिमिटेड नया फ्लैट बुक कराने वाले अपने सभी ग्राहकों को आकर्षक गिफ्ट और भारी छुट दी जा रही है। साथ ही सन सिटी कॉम्पलेक्स कई अन्य सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध करा रहा है। गया-डोभी मुख्य मार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के सामने बने ठाकुर सिंह सन सिटी कॉम्पलेक्स दिसंबर 2024 में पजेशन के साथ 190 फ्लैट तथा 150 दुकानों वाले कॉम्पलेक्स अपने ग्राहकों को उपलब्ध करा देगी। कोरोना के समय जो सोशल डिस्टेंशिंग के लिए रुल बनाया गया था उसको फॉलो करते हुए सन सिटी कॉम्पलेक्स ने हर फ्लैट के बीच 3-4 फीट की ओपन गैपिंग छोड़कर निर्माण कराया है, जिससे हर एक फ्लैट को काफी एयरी और आकर्षक बनाया गया है। फ्लैट्स में सनलाइट की समस्या नहीं है। फ्लैट लेने के लिए सभी सरकारी एवं निजी बैंकों द्वारा अप्रुव्ड होने के कारण ऋण उपलब्ध होने में उपभोक्ताओं को सहूलियत होती है। दीपावली और छठ को देखते हुए जो फ्लैट बचे हुए हैं उसकी बुकिंग पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। फ्लैट में स्मार्ट किचन, चिमनी के साथ बनाया गया है।भू-स्वामी बिल्डिकॉन प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के प्रबंध निदेशक गौतम कुमार और निदेशक कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने संयुक्तरुप से बताया कि हमारी कंपनी जो कहती है वो पूरा करती है। आज महंगाई के दौर में हमने अपार्टमेंट में आपकी बजट में शहर के नजदीकी क्षेत्र में 2-3 बीएचके फ्लैट को उपलब्ध कराया जा रहा है। रेरा एप्रुव्ड बेहद सस्ते दामों पर इन फ्लैट्स में सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। इस बिल्डिंग की बिल्ड क्वालिटी बहुत अच्छी है और अच्छी बात है कि इन फ्लैट्स की बुकिंग अभी जारी है। हर फ्लैट के लिए पार्किंग की सुविधा रखी गई है। बिल्डिंग में अनेकों लिफ्ट लगाई गई है। फायर इमरजेंसी के लिए आग बुझाने के लिए पाइप और फायर एक्सटिंग्विशर्स लगाए गए हैं। यहां से रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड भी नजदीक हैं साथ ही अपार्टमेंट मुख्य मार्ग पर होने के कारण आवागमन में काफी सहुलियत होती है। विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित लक्जरी अपार्टमेंट परिसर में रहने से कई लाभ मिलेंगे, जो निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं तथा एक संतुष्टिदायक जीवन अनुभव में योगदान देते हैं। साइट पर जिम, स्वीमिंग पुल, पार्किंग स्थल, कचरा हटाने की सेवाएं, क्लब हाउस, फिटनेस सेंटर, स्विमिंग पुल, लाउंज, खेल का मैदान और संगठित सामुदायिक भवन, गेटेड समुदाय, सुरक्षा कैमरे, साइट पर रखरखाव कर्मचारी और अच्छी तरह से रौशनी वाले सामुदायिक क्षेत्र परिसर के भीतर सुरक्षा को बढ़ाते हैं। अपार्टमेंट में पर्यावरण के अनुकूल सुविधाएं शामिल हैं। प्रकृति के पक्षधर फ्लैटियर्स को यह अपार्टमेंट बेहद पसंद आ रहा है।

## छात्र रालोमो ने विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर शुरू की तैयारी

आरा। छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा भोजपुर के जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा के अध्यक्षता में आरा के धोबिघटवा मोड़ स्थित द नोबेल रिसोर्ट में एक बैठक रखी गई इस बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि छात्र रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराट कुशवाहा, प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी उपस्थित हुए। इस बैठक को संबोधित करते हुए छात्र जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा कि छात्र रालोमो विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव लड़ने के लिए तैयार है । माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा जी के द्वारा छात्र रालोमो को छात्र संघ चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी गई है। मुख्य अतिथि पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने कहा कि छात्र संघ चुनाव छात्रों के आवाज को विश्वविद्यालय में उठाने के लिए जरूरी है । छात्र रालोमो के विश्वविद्यालय अध्यक्ष विकास पासवान ने कहा कि हमारी संगठन मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी । आगे वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से यह मांग भी किया कि छात्र संघ चुनाव का तिथि की घोषणा विश्वविद्यालय जल्द करें। इस बैठक में भोजपुर जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा, जागा कुशवाहा ,सुनील पाठक, सुबोध केसरी, अंकित राय, बद्री नारायण पाठक, अमरेंद्र मोहन पाठक, प्रिंस कुशवाहा, कमल देव ,पवन कुशवाहा समेत पार्टी के दर्जनो छात्र नेता मौजूद रहे।

## नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आरा , प्रातः किरण। जगजीवन कॉलेज, आरा के सेमिनार हॉल में नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन विषय पर नेहरू युवा केंद्र , भोजपुर एवं एनएनएस,इकाई जगजीवन कॉलेज, आरा के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य प्रो( डॉ) आभा सिंह तथा मंच संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ नवारुण घोष ने किया।इस कार्यक्रम में डॉ प्रवीण कुमार सिंह एनसीडीओ, सदर अस्पताल, आरा, सुश्री अंजना कुमारी,एडीएसडब्लू, भोजपुर एवं सुश्री निकिता सिंह जिला युवा पदाधिकारी नेहरू युवा केंद्र, भोजपुर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत शॉल एवं बुके देकर किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्य डॉ आभा सिंह ने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन एवं अन्य तमाम प्रकार की नशा आज एक ऐसी गंभीर सामाजिक समस्या है, जो हमारे समाज विशेष तौर पर युवा पीढ़ी को भीतर ही भीतर खोखला कर रही है। इसके प्रति जागरूकता ही इससे बचाव का एकमात्र उपाय है। सदर अस्पताल, आरा से आए डॉ प्रवीण कुमार ने पीपीटी के माध्यम से नशीली दवा, मादक द्रव्य,तम्बाकू,शराब आदि के हमारे आदतों में सुमार होने की प्रारंम्भिक प्रक्रिया,फिर नशा की लत, उसके कारण , और उससे होने वाली जानलेवा बीमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया।

## लोजपा (रा) के स्थापना दिवस पर पार्टी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रातः किरण संवाददात

अरवल। आगामी 28 नवम्बर को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के स्थापना दिवसःअः के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित महारैली को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान । आगामी 28 नवम्बर 2024 को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के स्थापना दिवस पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित महारैली को सफल बनाने के लिए अरवल प्रखंड अंतर्गत ग्राम सतपुरा , बारा , संतावन बिगहा , कोरियम चौकी , जवाहिर बिगहा , प्रसादी इंग्लिश , कोनिका , सकरी सहित दर्जनों गांवों में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया । उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान के सपनों को साकार करने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाध प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के हांथो को मजबूत करने के लिए अपने कार्यकताओं के साथ साथ आमलोगों को महारैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान मुख्य अतिथि के रूप में महारैली को संबोधित करेंगे ।

जनसम्पर्क अभियान में जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव , जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार , अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार , पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपक पासवान , श्रीकांत पासवान , प्रखंड उपाध्यक्ष चंद्र विजय कुमार , अमित कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए ।

# बेलागंज उपचुनाव को लेकर युवा जदयू ने कसी कमर, क्षेत्र में चला रहे हैं कंपेन

प्रातः किरण संवाददाता



गया। बिहार विधानसभा उपचुनाव में बेलागंज उपचुनाव में मनोरमा देवी के पक्ष में युवा जदयू का सघन चुनाव प्रचार जारी है। युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में डोर टू डोर कंपेन चलाया जा रहा है। इसमें लोदीपुर पंचायत, लालगंज, नेऊरी, मठना आदि गांवों का दौर किया गया। इस कंपेन टीम में युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल भी शामिल रहे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर विकास की इबारत लिख रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है। अपने नेता के किए गए कार्यों के बूते ही हमलोग वोट मांगने आए हैं।

युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुमार के राज में महिला सशक्तीकरण को काफी बल मिला है। समाज का कोई तबका ये नहीं कह सकता है कि विकास की किरण उन तक नहीं पहुंची है। हमलोग मनोरमा देवी के पक्ष में वोट गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं।

सभी लोगों का भरपुर स्नेह मिल रहा है और मनोरमा देवी की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। वहां बेलागंज प्रखंड के युवा जदयू अध्यक्ष ने प्रचार के दौरान कहा कि हमारी सरकार आम से लेकर खास तक के लिए काम कर रही है। हमने अपनी आंखों के सामने बिहार का विकास होते देखा है और नीतीश कुमार के हाथ को मजबूत करने के लिए मनोरमा देवी को जीताकर सदन तक पहुंचाएंगे।

युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में प्रदेश के युवा नेता मीर्जा जौहर इमाम बेग, सुशांत पटेल, आशीष आर्यन, नाजिश बेग, जिला प्रवक्ता दिनेश यादव, युवा जदयू के पंचायत अध्यक्ष लोदीपुर अजीत चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, गौतम कार, मनु कुमार, ऋतिक कुमार सहित सैकड़ों युवा जदयू के कार्यकताओं ने मनोरमा देवी के लिए वोट मांगा।

## मौलाबाग पूजा पंडाल के पास गोलीबारी के खिलाफ नागरिक मार्च आयोजित

आरा। रंगकर्मी परिवार नागरिक समाज के तरफ से आयोजित विगत 13/10/2024 को सुबह 6 बजे मोलाबाग पूजा पंडाल पर सरेआम अपराधियों द्वारा गोली बारी के खिलाफ आज जयप्रकाश स्मारक काल्क्ट्रेरिट तलाब से गोपाली चौक तक नागरिक मार्च निकाला गया । जिसमे दो सभाएं टाउन थाना व गोपाली चौक पर हुई, जिसकी अध्यझता रंगकर्मी & समाजिक कार्यकर्ता अशोक मानव ने किया। संचालन नागरिक समाज के डॉक्टर ब्रजेश कुमार धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार ह्लदीपुह्व ने किया। मुख्य वक्ता अशोक मानव ने कहा पिछले 13 अक्टूबर को पूजा पंडाल के पास गोली चलाने वाले अपराधी अभी तक भोजपुर पुलिस ने गिरफ्तारी नही की। आपको बता दे की दिनाक सहर के रंगकर्मी भोजपुर पुलिस को अपने मांगो का ज्ञापन दिया था हमारी मांग अपराधी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। 2. अपराधियों की स्पीडी ट्रायल की तहत कडी से कडी सजा दो।3. गंभीर रूप से घायल गोप कुमार यादव ,मोहमद अरमान, एवम अन्य और दो लोगो भी घायल हुए थे। जिस के इलाज में खर्च हुई राशि को अविलंब प्रदान करे।4. जिला प्रशासन इस तरह घटनाओं की समुचित इलाज की व्यवस्था सदर अस्पताल में करे। नागरिक समाज के तरफ से विजय मेहता ने अपने वक्तव्य में कहा कि इधर के दिनों में ये जो गोली बारी हो रही है इसको संभालने में भोजपुर पुलिस विफल है, प्रशासन इसपर जल्द से जल्द से जल्द संज्ञान लेते हुए , इसे रोकने की ठोस पहल करे । अन्य प्रमुख लोगो में सामिल ,आरती देवी , उषा पांडे , आरती वर्मा ,संजय पाल, बम ओझा,मनरंजन पांडे , के आर सोनी आदि गणमान्य लोग शामिल थे

## नालंदा ज्ञानकुंभ का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त करने की पहल:डॉ संदीप

प्रातः किरण संवाददात



शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास और नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, नालंदा, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 16 से 18 नवंबर 2024 तक नालंदा ज्ञानकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य शिक्षा में भारतीयता की पुनर्स्थापना के प्रति प्रतिबद्धता को बढ़ावा देना और भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक संदर्भ में सशक्त रूप में प्रस्तुत करना है। यह आयोजन ह्लविकसित भारत @2047 भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित है, जिसमें देश-विदेश के विद्वान, शिक्षाविद और शोधार्थी अपने विचार साझा करेंगे और भारतीयता के पुनर्स्थापन के लिए रास्ते तलाशेंगे। वहीं दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत संयोजक डॉ संदीप सागर जी ने बताया कि नालंदा ज्ञानकुंभ का उद्देश्य भारत की प्राचीन शिक्षा और सांस्कृतिक परंपरा को पुनर्जीवित करना और इसे वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाना है। यह मंच भारत की ऐतिहासिक ज्ञान परंपरा को न केवल भारतीय बल्कि वैश्विक श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। यह आयोजन भारतीय शिक्षा अकादमिक परिसंवाद के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों के 13 भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाएगा।

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा

## सलीमा टेटे को कप्तानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुआई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई। नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, 'एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है। हम गत चैम्पियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है।

उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी ट्रेनिंग की है। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था। टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी। रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी। मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी।



### भारतीय टीम

**गोलकीपर** – सविता, बिचू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर** – उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।
**मिडफील्डर** – नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।
**फॉरवर्ड** – नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग टीम की मारक क्षमता को बढ़ाएंगी। सुशीला और ब्यूटी चोट से उबरने के बाद टीम से वापसी कर रही है। भारतीय उपकप्तान नवनीत ने कहा, 'हमें अपनी तैयारी और एक दूसरे के साथ पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उत्साहजनक है और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, सलीमा के साथ खेलने का अनुभव बहुत अच्छा रहा और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# न्यूजीलैंड से हार के बाद गौतम गंभीर नहीं जाएंगे साउथ अफ्रीका? लक्ष्मण जाएँगे हेड कोच बनकर

नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड से मिली दो मैचों में शर्मनाक हार के बाद गौतम गंभीर को लेकर बड़ी खबर है। क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो टीम इंडिया के हेड कोच साउथ अफ्रीका दौरे पर नहीं जाएंगे। उनकी जगह वीवीएस लक्ष्मण भारत के दक्षिण अफ्रीका के छोटे दौरे के लिए मुख्य कोच होंगे। वह मौजूदा राष्ट्रीय कोच गौतम गंभीर की जगह लेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को इस फैसले की पुष्टि की।



चार मैचों की यह सीरीज पहले तय नहीं थी। हाल ही में बीसीसीआई और क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने इसे कराने का फैसला किया। भारत 8, 10, 13 और 15 नवंबर को क्रमशः डरबन, गेबेरा, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग में 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। टीम 3 नवंबर के आसपास रवाना होगी। दूसरी ओर, बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम 10-11 नवंबर को रवाना होगी। ऐसे में गौतम गंभीर टीम इंडिया के साथ बीजीटी मिशन पर रहेंगे, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में काम करने वाले कर्मचारी और अन्य कोच, जैसे साईराज बहुतुले, ऋषिकेश कानिटकर और सुभादीप घोष, लक्ष्मण के अधीन कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे। बहुतुले (मुख्य कोच), कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और घोष (फील्डिंग कोच) भारत की उभरती हुई टीम का हिस्सा थे, जिसने ओमान में एशिया इमर्जिंग कप टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। सौराष्ट्र के सीतांशु कोटक और केरल के मजहर मोइदु, दोनों एनसीए से जुड़े हैं, रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारत ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया गए हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 25 अक्टूबर (शुक्रवार) को चार टी20 मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। भारत के घरेलू सत्र के बीच में दक्षिण अफ्रीका के दौरे को शेड्यूल करने की कुछ आलोचना हुई थी। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने एक आर्टिकल में लिखा था- अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले दक्षिण अफ्रीका में चार मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली 'ए' टीम भी होगी, इसलिए प्रभावी रूप से लगभग 50 से 60 खिलाड़ी प्रीमियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट, रणजी ट्रॉफी में अपनी राज्य टीमों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इस दौरे का एक सकारात्मक पहलू यह है कि यह आईपीएल नीलामी से पहले हो रहा है, चार मैच इस बात का संकेत दे सकते हैं कि फ्रैंचाइजी किस पर पूरी तरह से दांव लगा रही हैं।

### भारतीय टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान)
अभिषेक शर्मा
संजू सैमसन (विकेट कीपर)
रिंकू सिंह
तिलक वर्मा
जितेश शर्मा (विकेट कीपर)
हार्दिक पंड्या
अक्षर पटेल
रमनदीप सिंह
वरुण चक्रवर्ती
रवि बिश्नोई
अर्शदीप सिंह
विजयकुमार वैशाक
आवेश खान
यश दयाल

# आईपीएल 2025 के लिए पूरन सहित इन प्लेयर्स को रिटेन कर सकता है लखनऊ सुपर जायंट्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन, भारतीय सितारे मयंक यादव और रवि बिश्नोई और मोहसिन खान और आयुष बदोनी



की अनकैप्ड जोड़ी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) द्वारा रिटेन किए जाने की संभावना है। बल्लेबाज केएल राहुल को रिटेन किए जाने की संभावना नहीं है, दोनों पक्षों द्वारा अंतिम समय में मन बदलने को छोड़कर, एलएसजी के पास नीलामी में एक राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड होगा।

इन पांच सितारों को किस राशि के लिए साइन किया गया है, इसकी सटीक राशि अभी तक पता नहीं चली है, लेकिन आईपीएल के रिटेंशन स्लैब के आधार पर एलएसजी के पर्स से 51 करोड़ रुपए काट लिए जाएंगे। यदि भुगतान की गई राशि इससे अधिक है, तो प्रत्येक फ्रैंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए दिए गए 120 करोड़ रुपए के पर्स से अधिक राशि काट ली जाएगी।

शीर्ष रिटेंशन पूरन होंगे, उसके बाद मयंक और बिश्नोई का नम्बर आएगा। 2024 के आईपीएल में 14 मैचों में 499 रन और तीन अर्द्धशतक के साथ बाएं हाथ का यह खिलाड़ी रन-स्कोरिंग चार्ट में केवल केएल (14 मैचों में चार अर्द्धशतक के साथ 520 रन) से पीछे था और इस साल टी20 क्रिकेट में हावी रहा है, जिसमें 68 मैचों में एक शतक और 15 अर्द्धशतक के साथ 160.90 की स्ट्राइक रेट से 2,251 रन हैं। वह पहले हाफ के दौरान अंतरिम कप्तान और विकेटकीपर भी थे, जब केएल चोट के कारण बाहर हो गए थे।

# पाकिस्तान में विश्व विजेता कोच की बेइज्जती...

## 6 महीने के अंदर कर्स्टन को छोड़ना पड़ा पद

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के साथ मतभेद होने के कारण उन्होंने यह फैसला किया। भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था।



पीसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार कर्स्टन ने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी और पीसीबी के साथ मतभेद के कारण अपना पद छोड़ा। इससे पहले पीसीबी ने टीम के चयन से जुड़े उनके अधिकार वापस ले लिए थे, जिसे मतभेद का मुख्य कारण माना जा रहा है। टीम का चयन करना अब विशेष रूप से चयन समिति का क्षेत्र है।

दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व बल्लेबाज पाकिस्तान की टीम से जुड़ने से पहले इंडियन प्रीमियर लीग फ्रैंचाइजी गुजरात टाइटन्स का बल्लेबाजी कोच था। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम को तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है। उसकी टेस्ट टीम ने हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

# फिटनेट को लेकर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्रिकेट फैंस और बीसीसीआई से माफी मांगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि वह बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह



अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं।

शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन' पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रुकावट आई। हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। शमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह जल्द ही वापसी करेंगे।

इस 34 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, 'मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस में सुधार कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं। लेकिन बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हूं, आप सभी को प्यार।

शमी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। उम्मीद है कि वह नवंबर के पहले सप्ताह में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के अगले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया।

# धोनी आईपीएल 2025 में खेलेंगे या नहीं

## महान विकेटकीपर बल्लेबाज ने दिया साफ संकेत

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, 'मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।



उन्होंने कहा, 'मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूं।

पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था।

धोनी ने कहा, 'मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है। अगर आप विशेष रूप से पिछले साल (सत्र) के बारे में बात कर रहे हैं, तो टी20 विश्व कप टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली थी। इसलिए हमें उन लोगों को मौका देना होगा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में थे।

भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमारी टीम (सीएसके) में (रविंद्र) जडेजा और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी थे जिन्हें भारतीय टीम में आने के लिए खुद को साबित करने का मौके चाहिये थे। मेरे लिए इसमें कुछ भी नहीं था, कोई चयन नहीं और अन्य चीजें। इसलिए मैं (निचले क्रम में खेलते हुए) अच्छा हूं और मैं जो कर रहा था उससे मेरी टीम खुश थी।

### यूरोपियन क्लब कप शतरंज

# नोवी बोर चैस क्लब ने तीसरी बार जीता यूरोपियन चैस क्लब कप



बनयाह, सर्बिया (एजेंसी)। स्पेन के नोवी बोर चैस क्लब ने यूरोपियन चैस क्लब कप 2024 के 39वें संस्करण में सुपरचैस को 3.5-2.5 से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। ग्रैंडमास्टर डेविड एंटोन गुइजारो ने जीएम जोर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर निर्णायक जीत हासिल की, जबकि बाकी पांच खेल ड्रॉ रहे। नोवी बोर की यह तीसरी खिताबी जीत है, इससे पहले उन्होंने 2013 और 2022 में यह खिताब जीता था। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने 6 में से 4 अंक और पेंटाला हरिकृष्णा ने 3.5 का स्कोर किया और दोनों ही अपराजित रहे। विदित अब 2739.2 की रेटिंग के साथ विश्व में 14वें स्थान पर पहुँच गए है, अंतिम दो राउंड में विदित ने शीर्ष बोर्ड पर पहले हमवतन अर्जुन एरिगैसी और फिर डी गुकेश को ड्रॉ पर रोकते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में खास भूमिका अदा की।

# इमर्जिंग एशिया कप टी20 में अफगानी बल्लेबाज की धूम

## आईपीएल 2025 ऑक्शन में दांव लगा सकती है ये 4 टीमें

नईदिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग का नया चक्र नीलामी से शुरू होगा और 10 टीमें अपनी रिटेंशन सूची को अंतिम रूप देने और फिर अपनी टीम बनाने के लिए बोली लगाने की जंग में लगेंगी। नीलामी के लिए कई बड़े नाम होंगे, जिन्हें बड़ी रकम मिलने की संभावना है। इस बीच अफगानिस्तान का एक युवा खिलाड़ी बड़ी छाप छोड़ सकता है। अफगानिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल मौजूदा इमर्जिंग एशिया कप टी20 में धूम मचा रहे हैं और 104 की औसत और 161 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ चार मैचों में 313 रन बनाए हैं।

उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई हैं और अफगानिस्तान ए को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के पास जबरदस्त बल्लेबाजी कौशल के साथ-साथ पावर-हिटिंग भी है। इसके साथ ही बड़ी पारियां खेलने की उनकी क्षमता ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आईपीएल 2025 में चार आईपीएल टीमें जो सेदिकुल्लाह अटल को साइन करने की



दौड़ में हैं।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** – लखनऊ को एक सलामी बल्लेबाज की जरूरत है और अगर दक्षिण अफ्रीकी को बरकरार रखा जाता है तो सेदिकुल्लाह अटल क्विंटन डी कॉक जैसे किसी खिलाड़ी के लिए बैकअप विकल्प हो सकते हैं। इस युवा खिलाड़ी में बहुत संभावनाएं हैं और एलएसजी उन्हें लाने पर विचार कर सकता है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** – विराट कोहली के बने रहने के साथ आरसीबी सिदिकुल्लाह अटल जैसे किसी खिलाड़ी को ला सकता है और उन्हें शीर्ष पर रख सकता है। कोहली का संतुलित दृष्टिकोण और अटल की आक्रामकता इस जोड़ी को उनके लिए एक आदर्श संयोजन बना सकती है। साथ ही, कोहली जैसे खिलाड़ी के साथ अफगान युवा खिलाड़ी खेल के बारे में बहुत कुछ सीखेंगे।

**कोलकाता नाइट राइडर्स** – केकेआर ने रहमानुल्लाह गुरबाज को अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन अफगान खिलाड़ी को शायद रिटेन न किया जाए। अगर नाइट्स नीलामी में गुरबाज को फिर से साइन करने में विफल रहती है, तो वे सुनील नरेन जैसे किसी खिलाड़ी के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में अटल पर नजर रख सकते हैं।

**पंजाब किंग्स** – पंजाब के पास नीलामी में सबसे बड़ी राशि होने की संभावना है और इसका मतलब है कि अगर अटल जैसे खिलाड़ी नीलामी में देर से आते हैं, तो वे अतिरिक्त पैसे दे सकते हैं। पंजाब की टीम में अस्थिर कोर के साथ, वे अटल को इसका हिस्सा बनाकर एक मजबूत इकाई बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

# मयंक यादव की किस्मत खुल गई

## एक सीजन पहले सिर्फ 20 लाख फीस थी, अब करोड़ों में खेलेंगे

नईदिल्ली (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन से पहले होने वाली मेगा नीलामी के लि पूरी तरह तैयार है। फ्रैंचाइजी ने अपनी कोर टीम को बरकरार रखने का फैसला किया है। यानी निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई तो फ्रैंचाइजी रिटेन करने जा रही है जबकि कप्तान केएल राहुल की विदाई तय है। सूत्रों की मानें तो विस्फोटक बल्लेबाज और विकेटकीपिंग भी जानने वाले निकोलस पूरन को कप्तानी मिलना लगभग तय है।

इस बीच मयंक यादव पर पैसों की बरसात होती दिख रही है। चंद साल के भीतर ही फ्रैंचाइजी से वह करोड़ों की फीस लेने वाले हैं। 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम मयंक यादव ने अपने पहले ही सीजन में धमाल मचाते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और भारतीय टीम में जगह बना ली। चोट के बावजूद, आईपीएल 2024 के जिन चार मैच में उन्हें खेलने का मौका, मयंक ने उसमें स्टंप के परखच्चे उड़ाकर रख दिए।

**भारत के नए रफ्तार के नए सौदागर का नाम मयंक यादव** – मयंक एक सीजन पहले तक लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए सिर्फ 20 लाख रुपये में खेल रहे थे और अब उन्हें करोड़ों



रुपये मिलने वाले हैं। एलएसजी की मुख्य गेंदबाजी लाइनअप प्रतिभाशाली लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के साथ और मजबूत हुई है, जिन्हें 2022 मेगा नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया था। सीजन के दौरान, बिश्नोई एलएसजी के लिए एक मैच विजेता के रूप में विकसित हुए हैं, जिससे एलएसजी को 2022 और 2023 में प्लेऑफ तक पहुंचने में मदद मिली। दरअसल, मयंक यादव ने अपनी आग उगलती गेंदों से फैंस को उमरान मलिक की याद दिला दी है, जिन्होंने 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल डेब्यू करने के बाद जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। आईपीएल 2022 में उनकी 157 किमी प्रति घंटे की स्पीड लीग के इतिहास में चौथी सबसे तेज बॉल बनी थी। मगर मयंक यादव के खेल पर नजर डाले तो उनकी गेंदों में गति के साथ-साथ नियंत्रण भी होता है। घातक तेज गेंदबाज बनने के लिए दोनों का सही कॉम्बिनेशन जरूरी है। मयंक यादव ने दिखाया है कि उनके पास दोनों हथियार हैं, यहां उमरान मलिक पर पर वह भारी पड़ते हैं।

आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद ने अबतक तीन मैच खेल लिए हैं, लेकिन उमरान मलिक को सिर्फ एक मुकाबले में ही मौका दिया गया, वो भी सिर्फ एक ही ओवर। जिसमें उन्होंने बिना कोई विकेट लिए 15 रन लुटाए। उमरान मलिक के आईपीएल करियर में भी धीरे-धीरे गिरावट आ रही है, उन्होंने आईपीएल 2022 में 14 मैच खेले और 22 विकेट लिए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें आईपीएल 2023 में केवल आठ मैच खेलने को मिले, जहां 43.40 की घटिया औसत और 10.85 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट मिले। ब्रायन लारा ने खुले तौर पर टीम से बाहर होने के पीछे उनकी खराब फॉर्म को कारण बताया था।

## संक्षिप्त समाचार



### बदसलूकी रोकने को यहां पुलिसकर्मियों को लगाए जाएंगे बॉडी कैमरे, होगी रिकॉर्डिंग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भुवनेश्वर-कटक में अब पुलिस थानों के रिसेप्शन पर काम करने वाले कर्मचारियों को बॉडी कमैरे पहनने होंगे। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मियों, अन्य कर्मचारियों और वहां आने वाले लोगों के व्यवहार पर नजर रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। भरतपुर पुलिस स्टेशन पर सेना के अधिकारी के साथ बदसलूकी और खंडगिरि थाने में महिला पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार की घटना के बाद पुलिस कमिश्नर ने यह आदेश दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भुवनेश्वर के कई थानों में रविवार से ही इन नियमों को लागू कर दिया गया है। कमिश्नर ऑफ पुलिस एस देवदत्ता ने पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है। इससे पुलिसकर्मियों और थाने में आने वाले लोगों के व्यवहार पर नजर रखी जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर बताया कि पुलिसकर्मियों का व्यवहार भी नम्र होना चाहिए। इसके अलावा सारे काम कानून के दायरे में होने चाहिए। इसके लिए लगातार निगरानी करना जरूरी है। पोस्ट में कहा गया, बॉडी कैमरे कंट्रोल रूम में रियल टाइम अलर्ट देंगे। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया भी तेज होगी। कम से कम एक महीने के लिए ऑडियो और वीडियो को सुरक्षित रखा जाएगा। पहले से मौजूद बॉडी कैमरे को भी हाइटेक करने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि कई बार ऐसे घटनाएं सामने आ चुकी हैं जब थाने आने वाले लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इसके बाद कई बार शिकायतकर्ता ने ही पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की। पुलिस थानों के लिए जारी किए गए ये कैमरे बातचीत को भी रिकॉर्ड करते रहेंगे। पिछले महीने भरतपुर थाने में रोडरेज को लेकर एक आर्मी ऑफिसर अपनी मंगेतर के साथ थाने पहुंचे थे जहां उन्हें क्रूरता का सामना करना पड़ा था। महिला की आपबीती हैरान करने वाली थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि हाथपैर बांधकर उनकी पिटाई गई है। इसके अलावा अधिकारी से पैंट उतारने की बात कही गई थी। आर्मी ऑफिसर सिख रेजिमेंट में हैं। उन्होंने बताया, रात में रेस्तरां बंद करके घर जाते वक्त कुछ लोगों ने बदसलूकी की। जब इसकी शिकायत को लेकर वह थाने पहुंची तो वहीं सिविल ड्रेस में मौजूद लेडी कॉन्स्टेबल ने उनके साध दुर्व्यवहार किया। इसके बाद मंगेतर (सेना के अधिकारी)कोल लॉकअप में डाल दिया गया और दोनों की बुरी तरह पिटाई की गई।

### एकनाथ शिंदे सीएम हैं और महायुति को उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत नहीं : फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि अगर जनता उन्हें सीएम के तौर पर देखती है, तो यह समस्या नहीं समाधान है। साथ ही उन्होंने महाविकास अघाड़ी पर अब तक मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित नहीं करने पर भी तंज कसा। महाराष्ट्र में उम्मीदवारों की घोषणा का दौर जारी है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। समाचार एजेंसी एएनआई ने एनडीटीवी मराठी इलेक्शन कॉन्क्लेव के हवाले से लिखा, हल्के फुल्के अंदाज में मैं यह कहना चाहता हूं कि जब आपने मेरा परिचय दिया तो कहा कि देवेंद्र जी लोग आपको सीएम समझते हैं यह लोगों की समस्या है। मैं इसे समाधान मानता हूं, समस्या नहीं। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं सीएम बनने वाला हूं। सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि इसे परेशानी की तरह मत लीजिए। उन्होंने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे सीएम हैं और महायुति को उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कौन बनेगा यह चुनाव के बाद घोषित किया जाएगा। हम तीन बड़ी पार्टियां हैं, सीएम एकनाथ शिंदे शिवसेना प्रमुख हैं, अजित पवार एनसीपी चीफ हैं और हमारा संसदीय बोर्ड तय करेगा कि महाराष्ट्र का सीएम कौन होगा। उन्होंने आगे कहा, लेकिन हम चिंतित नहीं हैं, क्योंकि हमारे पास हमारा सीएम एकनाथ शिंदे हैं।

# महाराष्ट्र की माहिम सीट पर तीन सेनाओं के बीच भिड़ंत, कितनी चुनौती दे पाएंगे राज ठाकरे के बेटे

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर माहिम सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। मध्य मुंबई के इस विधानसभा क्षेत्र में तीन सेनाओं के बीच भिड़ंत होने वाली है। राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल शिवसेना, विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय फाइट होगी। मनसे ने माहिम विधानसभा सीट से पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को मैदान में उतारा है। वह पहली बार चुनाव लड़ेंगे। माहिम मुंबई की 36 विधानसभा सीट में से एक है।

राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने माहिम से मौजूदा विधायक सदा सर्वणकर को उम्मीदवार बनाया है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) महेश सावंत को मैदान में उतारा है। मालूम हो कि राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष



उद्धव ठाकरे चचेरे भाई हैं। शिवसेना जून 2022 में दो गुटो में बंट गई थी, क्योंकि शिंदे के नेतृत्व में कुछ विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी।

अमित, ठाकरे परिवार से चुनाव लड़ने वाले तीसरे व्यक्ति होंगे। उनके पिता मनसे के प्रमुख राज ठाकरे ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे और अमित के चचेरे भाई आदित्य ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनावों में वर्ली सीट से जीत हासिल की थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद उद्धव ठाकरे खुद 2020 में विधान परिषद के लिए चुने गए। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का मुख्यालय भी माहिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित है।

इस बीच, मनसे को महायुति गठबंधन में शामिल करने की कोशिशें भी जारी हैं। मुंबई शहर के भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले सहित दूसरे नेताओं का इसे लेकर बयान आया। उन्होंने कहा कि वे चाहेंगे कि सत्तारूढ़ गठबंधन अमित ठाकरे को समर्थन दे। हालांकि, अभी इस पर अंतिम फैसला लेना बाकी है। शेलार ने कहा, राज ठाकरे ने हिंदुत्व पर अपना रुख बरकरार रखा है। अगर वे हमारा समर्थन करते हैं तो हमें अपना रिश्ता बनाए रखना चाहिए। अमित ठाकरे को महायुति के तौर पर समर्थन देना चाहिए। सीनियर नेताओं से इस पर बात करेंगे। अगर, अमित ठाकरे को भाजपा का समर्थन मिलता है और महायुति उम्मीदवार अपना नाम वापस लेते हैं तो माहिम की कहानी बदल सकती है। राज ठाकरे के बेटे इस सीट पर जीत के प्रबल दावेदार बन जाएंगे। हालांकि, इसकी संभावना कम नजर आ रही है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि भाजपा नेताओं ने महज चुनावी बयानबाजी की है। वहीं, माहिम से मौजूदा विधायक सदा सर्वणकर ने शनिवार को कहा था कि वह सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## राजस्थान और हरियाणा में वायरल वीडियो ने छेड़ा चालान वॉर, दोनों एक-दूसरे की बसों की फाड़ रहे रसीदें

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा और राजस्थान यातायात पुलिस के बीच चालान युद्ध छिड़ता नजर आ रहा है। इसकी वजह कुछ दिन पहले वायरल हुआ एक वीडियो माना जा रहा है, जिसमें एक महिला कॉन्स्टेबल को कंडक्टर के साथ 50 रुपये के टिकट को लेकर बहस करते देखा गया था। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। दोनों ही पक्ष दर्जनों वाहनों का चालान बना चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीडियो वायरल होने के बाद हरियाणा याताचात पुलिस ने राजस्थान स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसों को रोकना और चालान बनाना शुरू कर दिया था। दो दिन के दौरान पुलिस ने चालान के दौरान तस्वीरें भी खीचीं। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में आरएसआरटीसी के एक कंडक्टर ने कहा, वे मुख्य रूप से नॉन-एसी बसों के चालान बना रहे हैं।

अखबार के अनुसार, आरएसआरटीसी के जीएम मनोज कुमार बंसल ने कहा कि लेन बदलने, ड्राइवर के वर्दी नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने जैसे कारणों के चलते हरियाणा यातायात पुलिस की तरफ से करीब 40 आरएसआरटीसी बसों का चालान बनाया गया है। उन्होंने कहा, कुछ चालान 500-1000 के हैं, वहीं कुछ 5000 जितनी रकम के भी हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया, उन्होंने दो दिनों में 39 आरएसआरटीसी बसों को चालान दिए हैं और राजस्थान ने आज सिर्फ दो घंटे ऐसा किया।

अखबार से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि राजस्थान पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की 8 बसों को जब्त किया है और 100 से ज्यादा का चालान बनाया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि राजस्थान की 90 और हरियाणा की 26 बसों का चालान बना है।

राजस्थान के अधिकारी ने आरोप लगाए, उनकी कार्रवाई वीडियो वायरल होने के जवाब में की गई थी।

## विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद करने वाले अफसरों पर एक्शन की तैयारी, हो सकते हैं तबादले

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद करने वाले अफसर अब नायब सैनी सरकार के निशाने पर आ गए हैं दिवाली के बाद हरियाणा में बड़े स्तर पर अधिकारियों के तबादले हो सकते हैं। इसकी शुरुआत जिलों के एसपी और डीसी से होगी

सीएम नायब सैनी ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार करवा रहे हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद की थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने चुनाव में गड़बड़ी की कोशिश की थी। जिसकी सूचना सरकार को मिली। गड़बड़ी करने वालों में कई जिलों के एसपी, डीसी, एडीएम और डीएसपी रैंक तक के अधिकारी हैं।दीपावली के बाद इस अधिकारियों को बदला जाएगा। ट्रांसफर की लिस्ट तैयार हो रही है। सरकार के पास विधायकों व जिलाध्यक्षों ने सरकार को ऐसे अफसरों की रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही अब तबादले की सूची तैयार की जा रही है। ऐसा करके सरकार अफसशाही पर लगाम कसना चाहती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा में वोटिंग के बाद से ही कहते रहे कि कई अधिकारियों ने चुनाव के दौरान ईमानदारी से काम नहीं किया।

# एफएनजी एक्सप्रेसवे के लिए सर्वे का काम पूरा, तीन मार्ग चिन्हित; एक रूट पर होगा काम

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
एनसीआर के शहर फरीदाबाद से नोएडा और गाजियाबाद तक सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे की परियोजना के सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। इस एक्सप्रेसवे की नई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में तीन अलाइंमेंट (मार्ग) तैयार किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय द्वारा मंजूरी देने के बाद एक पर काम शुरू किया जाएगा।



पीडब्ल्यूडी की ओर से दिवाली बाद डीपीआर मुख्यालय को भेजी जाएगी। परियोजना के सिरे चढ़ने से दिल्ली के रास्ते गाजियाबाद-नोएडा और फरीदाबाद के बीच आवाजाही करने वाले एक लाख लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। शहर से रोजाना करीब एक लाख लोग नौकरी व अन्य कामों के चलते नोएडा-गाजियाबाद के लिए आवाजाही करते हैं। नोएडा-फरीदाबाद के बीच यमुना नदी पड़ती है। लोगों को नोएडा जाने के लिए सड़क मार्ग से दिल्ली कालिंदीकुंज होकर नोएडा जाना पड़ता है। आगरा नहर के साथ बनी इस सड़क पर अक्सर जाम होने कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। वहीं दिल्ली की तरफ से नोएडा जाने पर घंटों ट्रैफिक में फंसना पड़ता है। मेट्रो से जाने पर कम से कम एक घंटे का समय लगता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर करीब छह माह पहले लोक निर्माण विभाग की ओर से एक्सप्रेसवे की डीपीआर बनाने के लिए नोएडा की एमएसवी कंपनी को कंसल्टेंट एजेंसी नियुक्त किया गया था। एजेंसी ने डीपीआर तैयार कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दी है, जिसमें तीन अलाइनमेंट चिन्हित किए गए हैं। वर्ष 1998 में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के क्षेत्रीय प्लान में और फरीदाबाद नगर निगम के सुझाव पर वर्ष 2011 के मास्टर प्लान में एफएनजी को शामिल किया गया था। सर्वे के बाद इस योजना को रद्द कर दिया गया। वर्ष 2015 में इसे फिर शुरू करने की योजना तैयार की गई। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो सका। एफएनजी परियोजना को प्रदेश सरकार ने अपने फ्लैगशिप प्रोजेक्ट में शामिल किया है। प्रोजेक्ट में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

## इजरायली सैनिकों की गोली से एक फिलिस्तीनी की मौत, वाहन से टक्कर मारने का आरोप



**रामल्लाह, एजेंसी।** इजरायल के सैनिकों ने यरूशलम के उत्तर में एक सैन्य चौकी के पास कथित तौर पर एक कार से हमला करने की कोशिश करने वाले एक फिलिस्तीनी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलिस्तीनी अथॉरिटी के यरूशलम गवर्नरेट ने रविवार को एक बयान में बताया कि शुफ़ात शरणार्थी शिविर में रहने वाले सामी अल-अमूदी नामक एक युवक को इजराइली सैनिकों ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इससे पहले रविवार को, इजराइली पुलिस ने घोषणा की कि एक फिलिस्तीनी द्वारा चलाए जा रहे वाहन ने फिलिस्तीनी गांव हिजमा के पास सैनिकों को टक्कर मारने की कोशिश की, जिसके बाद सैनिकों ने हमलावर पर गोलियां चलाई। एक बयान में, पुलिस ने कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ और आतंकवादी को तुरंत मार गिराया गया। घटना के बाद, इलाके की सड़कें बंद कर दी गई और बड़ी संख्या में सैनिकों और पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया।

इजरायल की मैगन डेविड एडोम इमरजेंसी सेवाओं के अनुसार, इसी रविवार को इजरायल के मध्य क्षेत्र में एक सैन्य बेस के पास एक ट्रक ने एक बस को टक्कर मार दी, जिससे लगभग 33 लोग घायल हुए, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। जब पैरामेडिक्स मौके पर पहुंचे, तो आठ लोग ट्रक के नीचे फंसे हुए थे। आपातकालीन सेवाओं ने नागरिकों की मदद से सात लोगों को ट्रक के नीचे से सुरक्षित निकाला, और आखिरी व्यक्ति को फायर ब्रिगेड की मदद से बचाया गया।



## श्रीलंका नौसेना ने अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो , एजेंसी।** श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के समुद्री क्षेत्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 462 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी 62 नौकाओं को जब्त किया है। इसमें कहा गया है कि कानूनी कार्रवाई के लिए मछुआरों को अधिकारियों को सौंप दिया गया है। श्रीलंका के मत्स्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्या (मछुआरों द्वारा मछली पकड़ना) पर चर्चा करने के लिए 12 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार को यहां पहुंचेगा। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में इमिग्रेशन बना है अहम मुद्दा, ट्रंप और कमला हैरिस ने एक-दूसरे पर जमकर साधा निशाना

**अटलांटा, एजेंसी।**
अमेरिकी चुनाव में अब सिर्फ नौ दिन बचे हैं। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक रखी है। चुनाव में इमिग्रेशन एक अहम और विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। भारत और अन्य देशों के कई आप्रवासियों को डर है कि अगर ट्रंप जीतते हैं तो कार्रवाई होगी।

अपने भाषणों में ट्रंप ने वॉशिंगटन की इमिग्रेशन नीति को सख्त करने के लिए आमूलचूल बदलाव का वादा किया है। साथ ही बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के सबसे बड़े निर्वासन अभियान को अंजाम देने की कसम खाई है।



पाकिस्तान सहित विभिन्न प्रवासी समुदायों के बीच चिंताएं चुने जाने पर मौजूदा शरणार्थी कार्यक्रमों की समीक्षा की भी बात उन्होंने कही है। अवैध रूप से रहने वाले अप्रवासियों के बच्चों के लिए जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने का भी संकल्प लिया है, जिससे भारत, बांग्लादेश, और पाकिस्तान सहित विभिन्न प्रवासी समुदायों के बीच चिंताएं पैदा हो गई हैं। कई लोग इसे लेकर ट्रंप की आलोचना भी कर रहे हैं।

वहीं, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अवैध इमिग्रेशन को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि इमिग्रेशन सिस्टम टूट गया है और इसे ठीक करने के लिए विधायी उपायों की आवश्यकता है। हैरिस राष्ट्रपति चुनाव जीतीं तो तृतीय विश्व युद्ध करा देंगी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में उपराष्ट्रपति हैरिस पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर वह निर्वाचित हुईं, तो तीसरा विश्व युद्ध कराएंगी। वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग जैसे वैश्विक नेताओं से निपटने में अप्रभावी साबित होंगी। ट्रंप ने तीसरे विश्व युद्ध को रोकने की कसम खाई और दावा किया कि देश इसके इतना करीब कभी नहीं रहा। उन्होंने डेट्राइट में मुसलमानों के एक समूह से मुलाकात की। उन्होंने तर्क दिया कि वह मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन के हकदार हैं, क्योंकि वह संघर्षों को समाप्त करेंगे और पश्चिम एशिया में शांति लाएंगे। अमेरिका में इस बार का राष्ट्रपति चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। ये हम नहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज का एक सर्वे बता रहा है।

## जापान आम चुनावः बहुमत से पीछे रहा सत्तारूढ़ गठबंधन, पीएम शिगेरू इशिबा की बढ़ी मुश्किलें

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के आम चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी कोमिटो का सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, जापान की संवैधानिक लोकतांत्रिक पार्टी ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। 15 वर्षों में पहली बार लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगी कोमिटो ने निचले सदन में अपना बहुमत खोया है। पिछली बार उन्होंने 2009 में बहुमत खोया था। एलडीपी और कोमिटो को संसद के शक्तिशाली सदन में 465 सीटों में से कुल 215 सीटें मिलीं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से कम है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एलडीपी ने अकेले 191 सीटें जीतीं। जबकि चुनाव से पहले उसके पास मौजूद 247 सीटों से बहुत कम है। इसके विपरीत, मुख्य विपक्षी संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी 148 सीटों पर पहुंच गई जो चुनाव से पहले 98 सीटों तक सीमित थी। चुनाव नतीजे काफी हद तक मीडिया के पूर्वानुमानों के अनुरूप है। यह चुनाव स्लश फंड घोटाले के बाद पहला राष्ट्रव्यापी मतदान है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129